⏩ वर्ष 72 ⏩ अंक 116 ⏩ पृष्ठ 12

रीवा, गुरुवार 23 जनवरी, 2025

⏩ माघ कृष्ण पक्ष 09, विक्रम संवत् 2081

⏩ **नगर** ⏩ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


“ मैं चाहता हूं कि राज्य का कोई नागरिक अकेला और असहाय महसूस न करे। पूरा देश उनके साथ है।
– **अटल बिहारी वाजपेयी**

### महाराष्ट्र के जलगांव में हृदय विदारक रेल हादसा, 12 यात्रियों की मौत, 40 घायल

# पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह बचने के लिए कूदे पर चली गयी जान!


जलगांव, जेएनएन

महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार शाम 4.42 बजे बड़ा ट्रेन हादसा हुआ। यहां पाचोरा स्टेशन के पास माहेजी और परधाड़े के बीच पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैली। इस दौरान किसी यात्री ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन रुकी और घबराए यात्री जान बचाने के लिए कूद गए। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने 12 यात्रियों को कुचल दिया। 40 यात्रियों के घायल होने की खबर है।

सेंट्रल रेलवे के भुसावल डिवीजन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जहां घटना हुई, उस जगह पर शार्प टर्न था। इस वजह से दूसरे ट्रैक पर बैठे यात्रियों को ट्रेन के आने का अंदाजा नहीं लगा। यही वजह रही कि कर्नाटक एक्सप्रेस से इतनी बड़ी संख्या में लोग कुचले गए।

इस हादसे के बाद रेलवे ट्रैक पर दिल दहला देने वाला मंजर देखने को मिला। रेल की पटरियों पर शवों के टुकड़े पड़े देखे गए। पटरियों के आसपास छोटे-छोटे गड्ढों में खून जमा हो गया। रेल दुर्घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घायलों ने मदद के लिए चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया। रोने वाले लोग अपने प्रियजनों को खोने का मातम मना रहे थे। उनके आंसू देखकर हर कोई स्तब्ध रह गया। पूरा इलाका शोक के सागर में डूब गया।

सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल निला ने बताया, भुसावल से मेडिकल रिलीफ ट्रेन पहुंच गई है। घटनास्थल मुंबई से 400 किलोमीटर दूर है।



घटना स्थल पर ट्रेन।



ट्रेन के नीचे पटरी पर दिख रहा हादसे में मारे गए किसी इंसान का अंग।

## ब्रेक लगने पर पहिए से निकला धुआं


रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पुष्पक एक्सप्रेस के बी-4 कोच के अंदर हॉट एक्सल या ब्रेक-बाइंडिंग (जैमिंग) के कारण चिंगारी उठी और कुछ यात्री घबरा गए। उन्होंने जंजीर खींची और उनमें से कुछ नीचे कूद गए। जहां हादसा हुआ उस जगह पर शार्प टर्न है। इस वजह से दूसरे ट्रैक पर मौजूद यात्रियों को ट्रेन के आने का अंदाजा नहीं लगा। कर्नाटक एक्सप्रेस मनमाड़ से चलकर भुसावल की ओर आ रही थी, जबकि पुष्पक एक्सप्रेस भुसावल से निकलकर मनमाड़ की ओर जा रही थी। उन्होंने कहा कि अगर पुष्पक एक्सप्रेस में धुआं की अफवाह न फैली होती तो हादसा नहीं होता। जीआरपी ने घटना की जांच शुरू कर दी है। उसका ध्यान इसी ओर है कि पुष्पक एक्सप्रेस में अफवाह फैलाई किसने थी। उधर, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि जलगांव स्टेशन से ट्रेन में सवार हुए कुछ यात्रियों ने चैन इसलिए खींची कि वे बीच में ही उतरना चाहते होंगे। चैन पुलिंग के बाद उन्होंने धुआं निकलने की अफवाह फैला दी। हालांकि, धुआं के सवाल पर रेल प्रशासन कुछ भी बोलने के लिए तैयार नहीं है। बात केवल चिंगारी निकलने की कही जा रही है, जो कि सामान्य बात है।

## 40 यात्री बुरी तरह घायल, कई का अंग-भंग हुआ, बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

नासिक के डिविजनल कमिश्नर प्रवीण गेदम ने बताया कि 40 यात्री बुरी तरह से घायल हैं। इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की पूरी आशंका। कई का अंग-भंग हुआ। उन्होंने कहा कि घायलों में 7 यात्री ऐसे हैं, जिनके दोनों पैर कट गए हैं। कुछ यात्रियों के हाथ कट चुके हैं। एक दर्जन यात्रियों को सिरे में गंभीर चोट है और वे कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं हैं। कुछ यात्रियों को जलगांव जबकि कुछ को भुसावल के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। 7 की हालत अति गंभीर है।

## मृतकों के परिजनों को साढ़े छह लाख का मुआवजा

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जलगांव ट्रेन एक्सीडेंट में मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपए मुआवजा दिए जाने की घोषणा की है। वहीं, रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 1.5 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 50 हजार और घायलों को 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। इस तरह मृतकों के परिजनों को साढ़े छह लाख रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया गया है। उधर, मृतकों की शिनाख्त के प्रयास भी जारी हैं। कुछ लोगों के शरीर के कई टुकड़े हो गए जिससे उनकी शिनाख्त में दिक्कत आ रही है।




# नागरिकों को परेशान करना बंद करें, अपनी हद में रहें: हाईकोर्ट

### कोर्ट ने ईडी पर एक लाख का जुर्माना भी लगाया

**मुंबई, जेएनएन।** बंबई हाईकोर्ट ने एक रियल एस्टेट कारोबारी के खिलाफ बिना सोचे-समझे धन शोधन की जांच शुरू करने के लिए ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय पर मंगलवार को एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियों को कानून के दायरे में रहकर काम करना चाहिए। ईडी पर जुर्माना लगाते हुए जस्टिस मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने कहा कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों को एक कड़ा संदेश जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिकों को परेशान न किया जाए। इसके साथ ही कोर्ट ने अगस्त 2014 में मुंबई के एक रियल एस्टेट डेवलपर राकेश जैन को धन शोधन एजेंसी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत के आधार पर एक विशेष अदालत द्वारा जारी की गई प्रक्रिया (समन/नोटिस) को भी रद्द कर दिया।

न्यायमूर्ति जाधव ने कहा, अब समय आ गया है कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां कानून को अपने हाथ में लेना बंद करें और नागरिकों को परेशान करना बंद करें। बता दें कि ईडी ने जैन के खिलाफ उपनगरीय विले पार्ले थाने में एक संपत्ति खरीदार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की थी, जिसमें जैन पर समझौते के उल्लंघन और धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था।

न्यायमूर्ति जाधव ने अपने फैसले में कहा कि जैन के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है, इसलिए धन शोधन के आरोप भी टिकते नहीं हैं। जैन के खिलाफ शिकायतकर्ता का कदम और ईडी की कार्रवाई स्पष्ट रूप से दुर्भावनापूर्ण है और इसके लिए जुर्माना लगाने की आवश्यकता है।



## जुर्माना लगाना जरूरी

न्यायमूर्ति जाधव ने कहा, मैं जुर्माना लगाने के लिए बाध्य हूं, क्योंकि ईडी को कानून के उल्लंघन का अधिकार नहीं है। अदालत ने ईडी को चार सप्ताह के भीतर उच्च न्यायालय के पुस्तकालय को एक लाख रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया। पीठ ने मामले में मूल शिकायतकर्ता (खरीदार) पर भी एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया। इस जुर्माने का भुगतान मुंबई स्थित कीर्तिकर लॉ लाइब्रेरी को किया जाएगा। न्यायाधीश ने आदेश में कहा, यह देखा गया है कि धन शोधन की साजिश गुप्त रूप से रची जाती है और अंजाम दी जाती है। मेरे सामने वर्तमान मामला पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के कार्यान्वयन की आड़ में उत्पीड़न का एक नायाब मामला है। ईडी के अधिवक्ता श्रीराम शिरसाट के अनुरोध पर उच्च न्यायालय ने अपने फैसले पर एक सप्ताह के लिए रोक लगा दी ताकि एजेंसी उच्चतम न्यायालय में अपील दायर कर सके।




अर्शदीप के बाद चमके अभिषेक शर्मा भारत का टी-20 में विजयी आगाज (पेज 11)



बार्डर पर अचानक पहुंचे कमिश्नर, डीआईजी, कलेक्टर और एसपी तो पकड़ में आई लापरवाही

# एम्बुलेंस ही मिली खराब, कर्मचारी मिला गायब, सोहागी पहाड़ की खराब सड़क नहीं सुधरी तो इंजीनियरों पर भड़के अफसर

### महाकुंभ जाने वाले यात्रियों के लिए सोहागी और चाकघाट में की गई है रुकने से लेकर नहाने तक की व्यवस्था

**रीवा।** रीवा के रास्ते लाखों लोग प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने पहुंच रहे हैं। इन श्रद्धालुओं के लिए बार्डर पर रुकने, नहाने, खाने की व्यवस्था की गई है। इसी का निरीक्षण करने बुधवार को पूरा प्रशासनिक और पुलिस अमला की मौके पर पहुंच गया। निरीक्षण में कई खामियां मिली। मौके पर तैनात एम्बुलेंस ही खराब मिली। कर्मचारी गायब था। इस पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी जताई। तुरंत सुधार के निर्देश दिए। वहीं सोहागी पहाड़ी की सड़क में सुधार नहीं होने पर विभाग के इंजीनियर पर नाराजगी जताई। आपको बता दें कि प्रयागराज में महाकुंभ मेला पूरी भक्ति और उल्लास के साथ जारी है। मेले में लाखों श्रद्धालु रोज पहुंच रहे हैं। आगामी 29 जनवरी को अमावस्या तथा 3 फरवरी को बसंत पंचमी पर विशेष स्नान होंगे। इनमें शामिल होने के लिए लाखों श्रद्धालु रीवा जिले से होकर प्रयागराज पहुंचेंगे। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, प्रभारी आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय, कलेक्टर प्रतिभा पाल तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने सोहागी एवं चाकघाट में तीर्थयात्रियों से की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

**खराब सड़कों को तुरंत सुधारने के दिए निर्देश :** कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कुंभ में जाने वाले यात्रियों के लिए अधिकतम सुविधाएं सुनिश्चित करें। रीवा से प्रयागराज मार्ग में जहाँ आवश्यक हो वहां तत्काल सुधार कराएं। सोहागी घाट में पर्याप्त संकेतक लगाएं। घाट में सड़क के सुधार का कार्य लगातार जारी रखें। पुलिस बल टोल नाके के पास प्रत्येक वाहन को चेक करे। विशेषकर बसों के ड्राइवरों को सचेत करें। यदि कोई ड्राइवर नशे में पाया जाता है तो जुर्माने की कार्यवाही करें। रात में ड्राइवरों को चाय पिलाकर तथा मुंह धुलाकर घाट में आगे बढ़ने के लिए भेजें। साथ ही यह चेतावनी भी दें कि घाट में वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। कमिश्नर ने सड़क निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगाते हुए सड़क में सुधार कार्य तत्परता से करने के निर्देश दिए।

### खराब मिली एम्बुलेंस, कर्मचारी तक नदारद मिला

कमिश्नर तथा अन्य अधिकारियों ने टोल नाके में सुविधाओं का जायजा लिया। टोल नाके में रखी गई एंबुलेंस बहुत खराब हालत में पाई गई। एंबुलेंस में तैनात उपचार कर्मी अनुपस्थित पाया गया। एंबुलेंस में दवाएं और प्राथमिक उपचार की सुविधा भी नहीं मिली। एंबुलेंस में लगा ऑक्सीजन सिलेण्डर खाली पाया गया। कमिश्नर ने 23 जनवरी को दोपहर एक बजे तक एंबुलेंस में पूरी तरह सुधार करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि एंबुलेंस में सुधार न होने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने तथा जेल भेजने की कार्यवाही करें।

**अधिकारियों ने किया रैन बसेरा का निरीक्षण, हर दिन की मांगी रिपोर्ट :** कमिश्नर तथा अन्य अधिकारियों ने इसके बाद चाकघाट में तीर्थयात्रियों के लिए बनाए गए रैन बसेरे का निरीक्षण किया। रैन बसेरे में यात्रियों के ठहरने, नहाने-धोने, शौचालय तथा उपचार की व्यवस्था की गई है। कमिश्नर ने कहा कि एसडीएम प्रतिदिन रैन बसेरे का निरीक्षण करें। रैन बसेंरे में नगर पंचायत के कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी तथा मेडिकल टीम 24 घंटे तैनात रहे। रैन बसेरे की सुविधाओं की जानकारी देने के लिए आवश्यक बोर्ड और फ्लैक्स लगाएं तथा सोशल मीडिया में भी इसकी जानकारी दें। कमिश्नर ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ मेले में जाने वाले प्रत्येक यात्री के लिए आवश्यक सुविधाएं की जाएंगी। यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। महाकुंभ में 29 जनवरी तथा 3 फरवरी को विशेष पर्व स्नानों पर श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

**नशे में वाहन चलाने वालों से वसूला जा रहा जुर्माना :** मौके पर उपस्थित प्रभारी आईजी ने बताया कि शाम 6 बजे के बाद सभी बड़े वाहनों की जाँच की जा रही है। 27 दिसम्बर से वाहनों की जाँच निरंतर जारी है। तब से अब तक सोहागी घाट में कोई दुर्घटना नहीं हुई है। पुलिस बल वाहन चालकों को लगातार सचेत कर रहा है। नशा करके वाहन चलाने वालों से अब तक लगभग तीन लाख रुपए जुर्माना वसूला गया है। मौके पर उपस्थित कलेक्टर ने एसडीएम, बीएमओ और सीएमओ को रैन बसेरे में साफ-सफाई और ठहरने की उचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल, एसडीएम त्योंथर संजय जैन, एसडीओपी उदित मिश्रा, पीडब्लयूडी के चीफ इंजीनियर संजय खाण्डे, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी मनोज द्विवेदी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## एसजीएमएच के पर्ची काउंटर कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे

**रीवा।** संजय गांधी अस्पताल, सुपर स्पेशलिटी के पर्ची काउंटर कर्मचारी हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। दो महीनों से कर्मचारियों को वेतन तक के लाले पड़े हुए हैं। कर्मचारियों को भुगतान नहीं होने से आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि श्याम शाह मेडिकल कॉलेज से संबद्ध संजय गांधी अस्पताल और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कम्प्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति की गई थी। पहले यह नियुक्ति सेडमैप कंपनी से की गई थी। 29 कर्मचारियों को नियुक्त किया गया था। इन्हें सेडमैप कंपनी से ज्वाइनिंग लेटर भी दिया गया था। 10 महीने का अनुबंध भी था। फिर अचानक इनके अनुबंध का पालन किए बिना ही कंपनी बदलने का निर्णय ले लिया गया। सभी कर्मचारियों को अस्पताल में काम कर रही आउटसोर्स कंपनी में मर्ज करने का निर्णय ले लिया गया। यहां तक तो ठीक रहा लेकिन कर्मचारियों के इधर से उधर किए जाने के बाद वेतन भी रोक दिया गया। नवंबर से कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इस लापरवाही के कारण कर्मचारियों के सामने आर्थिक तंगी की स्थिति खड़ी हो गई है। बिना वेतन के ही पिछले ढ़ाई महीनों से कर्मचारी काम कर रहे हैं। वेतन का भुगतान नहीं किए जाने से पर्ची काउंटर कर्मचारियों ने भी हड़ताल पर जाने का मन बना लिया है। यदि जल्द ही कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो अस्पताल में आने वाले मरीजों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। ओपीडी और आईपीडी की पर्चियां नहीं कट पाएंगी।

चिकित्सा शिक्षा आयुक्त पहुंच रहे हैं रीवा, अस्पताल और कॉलेज में मचा है हड़कंप

# आयुक्त के निरीक्षण में खुलेगी बन रहे निर्माण की पोल नए अकादमिक भवन की गुणवत्ता का होगा खुलासा

### गुरुवार को निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने का रहे हैं आयुक्त, अस्पताल की व्यवस्थाएं भी देखेंगे




जागरण, रीवा

श्याम शाह मेडिकल कॉलेज परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने गुरुवार को चिकित्सा शिक्षा आयुक्त रीवा आ रहे हैं। आयुक्त के रीवा आने के पहले ही हड़कंप मच गया है। अस्पताल से लेकर कॉलेज तक में सभी को अलर्ट कर दिया गया है। आयुक्त के निरीक्षण को लेकर निर्माण एजेंसियों के भी होश उड़े हुए हैं। दो अकादमिक भवन के घटिया निर्माण और चल रहे सुस्त कार्य अधिकारियों के गले की फांस बनेगा।

ज्ञात हो कि रीवा को डिप्टी सीएम मेडिकल हब बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। करोड़ों रुपए का बजट मेडिकल कॉलेज, अस्पताल के लिए स्वीकृत हुआ है। कई निर्माण कार्य चल भी रहे हैं। इन निर्माण कार्यों का निरीक्षण भोपाल से आने वाली टीम समय समय पर निरीक्षण भी करती है लेकिन फिर भी ठेकेदार और निर्माण एजेंसी के अधिकारी मिलकर गुणवत्ता में हेरफेर कर देते हैं। इसी हेरफेर के कारण मेडिकल कॉलेज में बन कर तैयार हुए करोड़ों रुपए के भवनों के गुणवत्ता की पोल खुलने लगी है। दो अकादमिक भवन बने थे। वह बारिश में टपकने लगे थे। अब मेडिकल कॉलेज इन्हें अपने सुपुर्दगी में लेने को ही तैयार नहीं है। इसके अलावा कई और भी निर्माण कार्य जारी है। इन सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहे हैं। अब इन्हीं कार्यों की गुणवत्ता जांचने गुरुवार को आयुक्त चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी रीवा पहुंच रहे हैं। आयुक्त के रीवा पहुंचने की खबर लगते ही कॉलेज से लेकर अस्पताल तक में हड़कंप मचा हुआ है।

### डीन ने जारी किया स्टाफ को पत्र

कमिश्नर के औचक निरीक्षण की खबर लगते ही कॉलेज और अस्पताल में हड़कंप मचा हुआ है। डीन ने कॉलेज के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को समय पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी चिकित्सकों को निर्धारित गणवेश और पहचान पत्र के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है। इसके अलावा गांधी स्मारक चिकित्सालय, सुपर स्पेशलिटी ब्लाक, संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय के सभी कर्मचारियों को भी ड्यूटी में ड्रेस कोड में पहुंचने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### इन सभी निर्माण कार्यों का करेंगे निरीक्षण

आयुक्त चिकित्सा शिक्षा गुरुवार को रेवांचल से सतना पहुंचेंगे। सुबह सतना अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद बाय रोड रीवा पहुंचेंगे। रीवा पहुंचने के बाद श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे। कॉलेज परिसर में बन रहे क्रिटिकल केयर यूनिट, कैंसर यूनिट भवन, डॉक्टरों के बहुमंजिला आवासीय बिल्डिंग का भी अवलोकन करेंगे। इसके अलावा सुपर स्पेशलिटी के एक्सटेंशन भवन का भी निरीक्षण करेंगे। अस्पताल में ट्रामा सेंटर, नर्सिंग कॉलेज भवन आदि का भी निर्माण कार्य होना है। चिन्हित स्थलों का भी अवलोकन करेंगे।

### अकादमिक भवनों के निरीक्षण में फसेंगा पेच

मेडिकल कॉलेज में करोड़ों की लागत से दो अकादमिक भवन बनाए गए हैं। एक भवन का लोकार्पण मप्र के राज्यपाल ने किया था। अब तक एक भी भवन हैंडओव्हर नहीं हुआ है। दूसरा अकादमिक भवन बनने के साथ ही गुणवत्ता को लेकर विवादों में आ गया था। बारिश में पूरा भवन ही टपकने लगा था। इसके अलावा जिस भवन का राज्यपाल ने लोकार्पण किया था। उसके बेसमेंट में भी बारिश में पानी भर गया था। फॉल सीलिंग भी भर भरा कर गिर गई थी। दोनों अकादमिक भवनों के खराब गुणवत्ता पर निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को फटकार लग सकती है।

# गोड़हर मोड़ पर जेसीबी से हटाया गया 20 साल पुराना अतिक्रमण




### सड़क पर पक्का घर बना कर किया जा रहा था गैरकानूनी कार्य

**जागरण, रीवा।** शहर में अब नगर निगम द्वारा अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध सख्त और निर्णायक कार्यवाही की जा रही है। रेलवे स्टेशन के आगे गोड़हर मोड़ पर एक महिला द्वारा सड़क के किनारे सरकारी जमीन पर पक्का मकान बनाकर किया गया कब्जा वुधवार को जेसीबी के माध्यम से हटाया दिया गया। यह अतिक्रमण 20 साल पहले किया गया था और वहीं से गैरकानूनी गतिविधियां संचालित किये जाने की शिकायत नगर निगम से मोहल्ले के लोगों द्वारा की जा रही थी। नगर निगम द्वारा कार्यवाही में देरी किये जाने के कारण उक्त अतिक्रमण की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी की गई थी। शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगमायुक्त के निर्देश पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को गोड़हर मोड़ मे पुराने एवं स्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही अतिक्रमण प्रभारी द्वारा की गई। इसी प्रकार ढेकहा में स्टार आटो मोबाइल के बगल मेन रोड से अतिक्रमण को हटवाने की कार्यवाही की गई। साथ ही अस्पताल चौराहा से गोस्वामी एक्स-रे तक एवं अमहिया रोड, नरेन्द्र नगर मोड़ तक रोड पटरी को खाली कराते हुये अतिक्रमण हटवाया गया। कॉलेज चौराहा के पास वाहन में दुकान लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा था जिसे हटाने के साथ ही 2000 रु. की चालानी कार्यवाही की गई। अतिक्रमणकर्ताओं को समझाइश दी गई कि पुनरावृत्ति किये जाने पर जब्ती के साथ ही कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी रावेन्द्र शुक्ला, अतिक्रमण सहायक सुखेन्द्र चतुर्वेदी एवं अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

# निराला नगर सरस्वती स्कूल में लगा मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर




**जागरण, रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत नगर निगम द्वारा आयोजित किये जा रहे शिविरों की श्रंखला में निराला नगर सरस्वती स्कूल परिसर में शिविर का आयोजित किया गया। शिविर में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविरों में अब तक 9594 आवेदन प्राप्त हुये जिनमे से 9578 स्वीकृत कर कार्यवाही की गई, शेष 16 में कार्यवाही प्रगतिरत है। इस क्रम में 22 जनवरी को निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन मे नगर निगम के जोन क्र. 2 अंतर्गत वार्ड 9 में निराला नगर सरस्वती स्कूल रीवा में शिविर का आयोजन किया गया। नगर निगम द्वारा आयोजित शिविर में सुबह से शाम तक आमजन के द्वारा योजनाओं का सीधे लाभ प्राप्त किया गया। शिविर में आवश्यक सेवाओं का आवेदन लेकर निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान शिविर में कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी, उपयंत्री रमेश सिंह, जनप्रतिनिधि सतीष सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। शहर के नागरिकों से अपील की गयी है कि वे इन शिविरों में भाग लें एवं शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# मेडिकल कॉलेज में मेडिकल रिकार्ड आफीसर फर्जीवाड़े की फिर हुई शिकायत

**रीवा।** श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में मेडिकल रिकार्ड आफीसर के पद पर की गई नियुक्ति को लेकर कई शिकायतें हुई लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया। एक अभ्यर्थी ने डीन को लिखित शिकायत कर चयनित अभ्यर्थियों के रिकार्ड पर ही सवाल खड़े किए थे। फर्जी दस्तावेज के आधार पर नौकरी आहरित करने का आरोप लगाया था लेकिन शिकायत पर एक्शन नहीं लिया गया। अब मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव हेल्थ, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री, सचिव हेल्थ से की गई है। ज्ञात हो कि श्याम शाह मेडिकल कॉलेज ने वर्ष 2023 में मेडिकल रिकार्ड आफीसर के पद के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसमें कंडीडेट से आवेदन मांगे गए थे। कई उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। योग्यता के आधार पर तत्कालीन डीन डॉ मनोज इंदूरकर के समय पर आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद पात्र अपात्र की सूची फरवरी 2024 में जारी की गई थी। मेडिकल कॉलेज से जारी लिस्ट में सिर्फ एक उम्मीदवार ही पद के लिए योग्य पाया गया था। लिस्ट जारी होने के बाद भी पात्र कंडीडेट को ज्वाइनिंग आदेश जारी नहीं किया गया। आठ महीने बाद 16 दिसंबर को नई स्क्रीनिंग कमेटी गठित की गई। मेडिकल रिकार्ड आफीसर के लिए आए आवेदनों की फिर से जांच कराई गई। इसके लिए डीन ने कमेटी का भी गठन किया। डीन ने पांच लोगों की कमेटी गठित की। फिर स्क्रूटनी और नए सिरे से चयन कार्यवाही किए जाने के बाद 20 दिसंबर को नई लिस्ट जारी कर दी गई। इसमें जो कंडीडेट अपात्र था। उसे पात्र और जो पात्र था उसे वेटिंग लिस्ट में डाल दिया गया। इसके बाद विजय शर्मा को संजय गांधी अस्पताल तो दूसरे कंडीडेट निशांत यादव को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पदस्थ कर दिया गया है। दोनों कंडीडेट का नियुक्ति आदेश भी जारी कर दिया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए गए। प्रक्रिया को निरस्त करने की भी मांग हुई। आरटीआई से जानकारी मांगी गई लेकिन कॉलेज प्रबंधन ने मामला दबा दिया। अब इसकी नए सिरे से उच्च स्तरीय शिकायत की गई है।

### विजय शर्मा के रिकार्ड पर उठाए हैं सवाल

संजय दुबे ने लिखित शिकायत दर्ज की है। शिकायत में कहा है कि विजय शर्मा द्वारा ऑल इंडिया काउंसिल फॉर वोकेशनल एंड पैरामेडिकल साइंस नामक संस्था से सर्टिफिकेट इन मेडिकल रिकार्ड टेक्नीशियन नाम डिप्लोमा उत्तीर्ण होने की जानकारी उपलब्ध कराई है। श्री शर्मा द्वारा मार्कशीट का अवलोकन करने पर इस बात की पुष्टि हुई कि वर्ष जून 2019 से वर्ष 2020 तक ऑल इंडिया काउंसिल पुॅर वोकेशनल एंड पैरामेडिकल साइंस नाम संस्था में नियमित रूप से अध्ययन किया गया है। शिकायत में कहा गया है कि श्री शर्मा द्वारा प्रस्तुत मार्कशीरट से एवं डिप्लोमा से इस बात की पुष्टि नहीं होती है कि श्री शर्मा नियमित अथवा दूरस्थ शिक्षा से आवश्यक डिप्लोमा पूर्ण किए हैं। सूचना के अधिकार से प्राप्त दस्तावेजों का हवाला देते हुए श्री दुबे ने कहा है कि सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय आगर मालवा में इस बात का उल्लेख है कि पीएम जन आरोग्य योजना में विजय शर्मा पिता रमेशचन्द्र शर्मा जिला चिकित्सालय में आयुष्मान मित्र के पद पर अपनी सेवाएं विडाल हेल्थ इंस्योरेंस कंपनी के माध्यम से 1 अगस्त 2019 से 22 दिसंबर 2021 तक दिए हैं। विजय शर्मा जून 2019 से जून 2020 तक सर्टिफिकेट इन मेडिकल रिकार्ड टेक्नीशियन का कोर्स कर रहे थे। ठीक उसी समय 1 अगस्त 2019 से दिनांक 22 दिसंबर 2021 तक जिला चिकित्सालय आगर मालवा में आयुष्मान मित्र के पद पर किस प्रकार उपस्थित हो सकते हैं यह जांच का विषय है।

## अब ऑनलाइन हस्तांतरण दावों को रूट करने की जरूरत नहीं

**रीवा।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने सदस्यों के काम को आसान बनाने के लिए ईपीएफओ में नौकरी बदलने पर पीएफ खाते के हस्तांतरण की प्रक्रिया को सरल बना दिया है। इसमें अधिकांश मामलों में पिछले या वर्तमान नियोजक के माध्यम से ऑनलाइन हस्तांतरण दावों को रूट करने की आवश्यकता को हटा दिया गया है। संशोधित प्रक्रिया की शुरुआत के साथ यह उम्मीद की जा रही है कि भविष्य में कुल दावों का 94 प्रतिशत नियोजक के हस्तक्षेप के बिना सीधे ईपीएफओ को भेज दिया जाएगा। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में कुछ स्थितियों में स्थानांतरण दावों के लिए नियोजक से किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती है, जब कोई सदस्य किसी रोजगार को छोड़कर किसी अन्य प्रतिष्ठान में शामिल होता है। इस सरलीकृत प्रक्रिया के परिणामस्वरूप सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले दावों के टर्नअराउंड समय में काफी कमी आएगी। आँकड़ों के आधार पर पाया गया है कि वर्तमान में कुल शिकायतों का 17 प्रतिशत स्थानांतरण मुद्दों से संबंधित रहा है।

# निगमायुक्त के बगैर चल रहा नगर निगम

### किसी को प्रभार दिये बिना अवकाश पर चले गये निगमायुक्त डॉ. सोनवणे

**जागरण, रीवा।** नगर निगम रीवा में वर्तमान में कोई आयुक्त नहीं है। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे इन दिनों अवकाश पर चले गये हैं और उन्होंने किसी को निगमायुक्त का प्रभार भी नहीं दिया है। राज्य शासन की ओर से भी इस संबंध में कोई आदेश नहीं आया है। निगमायुक्त की अनुपस्थिति में नगर निगम कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर किसी का नियंत्रण नहीं रह गया है। उनके रहने के दौरान जो कर्मचारी दिन भर व्यस्त नजर आते थे वहीं कर्मचारी वर्तमान में ऐसे दिख रहे हैं जैसे उनके पास कोई काम ही नहीं है। दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में अवकाश के दिनों की तरह सन्नाटा छाया रहता है। ऐसा पहली बार देखने को मिला है जब किसी निगमायुक्त के अवकाश पर जाने के दौरान किसी सक्षम अधिकारी को निगमायुक्त का प्रभार नहीं दिया गया है। इसके पूर्व जब भी कोई निगमायुक्त अवकाश पर जाते थे तो राज्य शासन या फिर स्थानीय प्रशासन द्वारा किसी अन्य अधिकारी को कामकाज चलाने के लिए निगमायुक्त का प्रभार सौंपा जाता था। लेकिन इस मर्तबा ऐसा नहीं किया गया है। बताया गया है कि निगमायुक्त डॉ. सोनवणे 30 जनवरी के बाद ही अपने अवकाश से लौटेंगे। लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में नगर निगम का कामकाज कौन देखेगा यह अभी तक तय नहीं हो पाया है। नगर निगम आयुक्त का प्रभार किसी उपायुक्त या सहायक आयुक्त को दिया जाएगा अथवा किसी प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को निगमायुक्त का प्रभार दिया जाएगा। इसका खुलासा राज्य शासन इस संबंध से कोई आदेश जारी होने के बाद हो सकेगा।

## कर्पुरी ठाकुर की जयंती कल मनाई जाएगी

**जागरण, रीवा।** भारत रत्न जननायक कर्पुरी ठाकुर पूर्व मुख्यमंत्री बिहार की 101 वीं जयंती के उपलक्ष में शुक्रवार को सेन समाज समिति द्वारा विवेकानन्द पार्क में सुबह 11 बजे भव्य समारोह आयोजित किया गया है। समाज संयोजक डॉ. आरआर सेन व कार्यवाहक अध्यक्ष रामलखन सेन ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक डॉ. रामसखा नापित, समिति संरक्षक पूर्व जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद सेन सहित समाज के वरिष्ठजन शामिल होंगे। जिनके द्वारा भारत रत्न कर्पुरी ठाकुर के जीवन संघार्षों एवं मानवतावादी विचारधारा से जुड़े मार्गदर्शक महापुरूषों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला जाएगा।









वर्ष 72 अंक 116 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 23 जनवरी, 2025
माघ कृष्ण पक्ष 09, विक्रम संवत् 2081
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

बात इसकी नहीं है कि आप किसी दूसरे व्यक्ति की तरह हुनर दिखा सकते हैं या नहीं, दरअसल बात यह है कि क्या आप अपनी पूर्ण क्षमता को तलाश रहे हैं?
- सद्‌गुरु जग्गी वासुदेव

# दलित परिवार के तीन सदस्यों की हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट का मप्र सरकार और सीबीआई को नोटिस

## सागर जिले के बडोदिया नोनागिर गांव में मई-2024 में हुआ था कत्ल, पीड़ित कर रहे सीबीआई जांच की मांग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सागर जिले के बडोदिया नोनागिर गांव में दलित परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और मप्र सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट में बुधवार को अंजना अहिरवार और उसके भाई व जीजा की हत्या के मामले में सुनवाई हुई। यह मामला मई-2024 का है, जब एक-एककर तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी। याचिकाकर्ता ने मामले में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री और उनके करीबियों के शामिल होने के चलते सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में कराने और निष्पक्ष जांच के लिए केस सीबीआई को सौंपने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश और सीबीआई को नोटिस जारी कर याचिकाकर्ता की मांग पर उनका जवाब मांगा है।

याचिका मृतका अंजना की मां ने दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि छेड़छाड़ पीड़िता अंजना और प्रत्यक्षदर्शी बेटे नितिन और जीजा राजेंद्र की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई है। याचिकाकर्ता ने मध्य प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री भूपेंद्र सिंह (अब विधायक) और उनके करीबियों पर हत्या कराने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके राजनीतिक प्रभाव के कारण निष्पक्ष जांच संभव नहीं है। जांच को बाधित करने के लिए प्रत्यक्षदर्शियों की हत्या भी आपराधिक षड्यंत्र का परिणाम थी। जिसमें गांव के दबंग भी शामिल थे।

### पिछले साल मई में हुई थी अंजना की मौत

परिवारजनों का आरोप है कि 26 मई 2024 को जब अंजना अपने चाचा राजेंद्र अहिरवार का शव एम्बुलेंस में लेकर लौट रही थी, तब पुलिस ने साजिश करके संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी हत्या करा दी। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया है कि नितिन (लालू) की हत्या के बाद अंजना को पूर्व गृह मंत्री के घर बुलाया गया। यहां उसे उनके खिलाफ गवाही न देने की धमकी दी गई और समझौते के लिए 2 करोड़ रुपए की पेशकश की गई, जिसे अंजना ने ठुकरा दिया।



### परिवार का आरोप- पूर्व मंत्री ने समझौते के लिए दबाव बनाया

अंजना ने 26 फरवरी 2024 को पुलिस विभाग के आला अफसरों से शिकायत की थी, जिसमें उसने बताया कि आरोपी धमका कर मामले में समझौता करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। परिवार के अनुसार, नितिन की हत्या के तीन महीने बाद पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने उन्हें बुलाकर मामले को आगे न बढ़ाने और मीडिया को यह बताने को कहा कि उन्हें प्रशासन से पूरा सहयोग मिल रहा है। अंजना को मीडिया के सामने दिए जाने वाले बयान की टाइप की हुई प्रति भी दी गई। लेकिन उसने ऐसा करने से मना कर दिया। कुछ महीनों बाद, एक बार फिर समझौते की कोशिश की गई, लेकिन अंजना और उसके परिवार ने इंकार कर दिया।

### रेप के मामले में लड़की का चिल्लाना और चोट के निशान जरूरी नहीं

उधर, सुप्रीम कोर्ट ने 19 जनवरी को एक बड़ा फैसला दिया था, जो बुधवार को सामने आया। कोर्ट स्पष्ट किया कि यौन उत्पीड़न के मामले में शारीरिक चोटों का न होना अपराध नहीं होने की पुष्टि नहीं करता। यह भी जरूरी नहीं कि पीड़िता शोर मचाए या चिल्लाए। कोर्ट का मानना है कि ऐसे मामलों में पीड़ितों की प्रतिक्रिया परिस्थितियों पर निर्भर करती है। अदालत ने यह भी कहा कि यौन उत्पीड़न से जुड़ी सामाजिक कलंक की धारणा और डर पीड़िता की ओर से घटना को उजागर करने में महत्वपूर्ण बाधाएं उत्पन्न करते हैं।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और एसवीएन भट्टि की बेंच ने कहा, यह एक सामान्य मिथक है कि यौन उत्पीड़न से शारीरिक चोटें होनी चाहिए। पीड़िता विभिन्न तरीकों से मानसिक आघात का सामना करती है। भय, आघात, सामाजिक कलंक, या असहायता जैसी भावनाओं से वह प्रभावित होती है। यौन उत्पीड़न से जुड़ा कलंक अक्सर महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण बाधाएं पैदा करता है, जिससे उनके लिए घटना को दूसरों से साझा करना मुश्किल हो जाता है।

### एक और फैसला, शादी से इंकार करना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने आत्महत्या से जुड़े केस में अहम टिप्पणी की है। अदालत का कहना है कि शादी के लिए असहमति जताना ही आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध का आधार नहीं हो सकता। कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को खारिज कर दिया है और अपीलकर्ता को राहत दी है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। अपीलकर्ता मां और युवक के परिवार के अन्य सदस्यों पर युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगे थे। अदालत ने कहा, अगर अपीलकर्ता ने बाबू दास और उसकी प्रेमिका की शादी को लेकर आपत्ति जताई थी, तो भी आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप के स्तर तक नहीं पहुंचता है। अदालत ने यह भी कहा है कि मृतका ने यह कहा है कि अगर वह प्रेमी से शादी के बगैर नहीं रह सकती, तो भी इसे आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता है। खास बात है कि ट्रायल कोर्ट की तरफ से भी अपीलकर्ता महिला को राहत नहीं मिली थी, जिसके बाद कलकत्ता हाईकोर्ट ने भी आदेश को बरकरार रखा था। इसके चलते सुप्रीम कोर्ट का रुख किया गया। सुनवाई के दौरान शीर्ष न्यायालय ने पाया कि अपीलकर्ता और उसके परिवार ने मृतका पर बाबू दास और उसके बीच रिश्ते को खत्म करने के लिए दबाव नहीं डाला है।

## 2 बाइक की आमने-सामने से टक्कर में 3 की मौत और 5 गंभीर

**सीधी।** तेज रफ्तार में दो बाइकों की आमने-सामने से आज शाम हुई टक्कर में तीन लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतकों में दोनो बाइक चालकों के साथ एक 4 वर्षीय बालिका भी शामिल है। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस सहायता केन्द्र टिकरी के एसआई केदार परोहा एवं उनके हमराह पुलिसकर्मियों ने पांचो घायलों को जिला अस्पताल भेजने की व्यवस्था बनाई। मिली जानकारी के अनुसार हादसे के वक्त वन विभाग के शिकरा चौकी में पदस्थ चौकीदार रामगणेश पनिका उम्र 35 वर्ष अपनी पत्नी राजकली उर्फ राजू पनिका उम्र 32 वर्ष एवं तीन बच्चों को ससुराल खजुरिहा से बुलाकर बाइक से अपने गृहग्राम दरिया लौट रहा था। ससुराल से करीब 11 किलोमीटर आगे आने पर शाम करीब 6:45 बजे सीधी की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक से उसकी बाइक की शिकरा तिराहा में सीधी टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार में दोनो बाइकों के टकराते ही इसमें सवार सभी लोग काफी दूर जा गिरे। इस हादसे में बाइक चालक रामगणेश पनिका, उसकी 4 वर्षीय बेटी राशि पनिका तथा दूसरे बाइक के चालक रघुवीर सिंह निवासी खाम्ह घाटी की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटना स्थल पर खून ही खून नजर आने लगा। हादसे में गंभीर रूप से घायल राजकली उर्फ राजू पनिका 32 वर्ष, उसकी 6 वर्षीय बेटी राखी पनिका, डेढ़ वर्षीय बेटा बृजेश पनिका, बरमानी निवासी आनंद बहादुर गोड़ 20 वर्ष एवं राजीव गोड़ 18 वर्ष को पुलिस सहायता केन्द्र टिकरी द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सहायता केन्द्र टिकरी द्वारा घटना की त्वरित विवेचना शुरू कर दी गई है।




**इनका कहना है**

शिकरा रेंज के समीप आज शाम सड़क हादसे की सूचना मिलते ही तत्काल वह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और पांचों घायलों को जिला अस्पताल भेजने की व्यवस्था बनाई। मामले की मार्ग विवेचना शुरु कर दी गई है।

केदार परोहा, प्रभारी पुलिस सहायता केन्द्र टिकरी

## भस्म आरती में आज से श्रद्धालुओं के मोबाइल बैन



**जागरण उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती के समय श्रद्धालु मंदिर के अंदर मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे। सभी को अपने फोन चैकिंग पाइंट पर ही जमा कराने होंगे। यह नई व्यवस्था गुरुवार सुबह से ही लागू कर दी जाएगी। हालांकि पुजारी अभी भी अपने साथ मोबाइल ले जा सकेंगे, इनके संबंध में मंदिर समिति ही बाद में निर्णय लेगी। मंदिर में रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की लगातार हो रहीं घटनाओं को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने व्यवस्था में यह बदलाव किया है। गुरुवार सुबह होने वाली भस्म आरती में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर के अंदर मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। महाकाल मंदिर समिति के प्रशासक व एडीएम अनुकूल जैन ने अधिकारियों से चर्चा कर भस्म आरती में श्रद्धालुओं के मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आरती में जाने के पहले श्रद्धालुओं को बाहर ही चैकिंग पॉइंट पर मोबाइल जमा कराना होगा। उज्जैन के प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में देशभर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। भस्म आरती के दर्शन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग की जाती है। भस्म आरती में मोबाइल पर रोक लगाने के साथ ही मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था में भी परिवर्तन किए जा रहे हैं। जल्द ही महाकाल महा-लोक थाना भी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव इसकी घोषणा कर चुके हैं।

# महाकुंभ अग्निकांडः 117 से पूछताछ, 10 हिरासत में, एटीएस की 1000 पर नजर

## खालिस्तानी आतंकियों ने किया था हमला करने का दावा

**लखनऊ, जेएनएन।** प्रयागराज महाकुंभ मेले में 19 जनवरी को लगी आग की जिम्मेदारी आतंकी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (एसजेडएफ) ने ली थी। इसके बाद यूपी एटीएस और एनआईए अलर्ट हो गई हैं। अब एजेंसियां अग्निकांड में आतंकी कनेक्शन तलाश रही हैं। इस मामले में 10 लोग हिरासत में लिए गए हैं।

एनआईए ने 1000 संदिग्ध लोगों का मोबाइल नंबर, सोशल मीडिया अकाउंट ट्रेस किया है। सबको नोटिस भी भेजा है। इनमें से 117 लोगों से पूछताछ हो चुकी है। ये सभी घटना के वक्त महाकुंभ के आसपास मौजूद थे। इनमें से 90 फीसदी लोग गैर हिंदू समुदाय के हैं।

इसके अलावा, एटीएस ने मेला क्षेत्र के 600 सीसीटीवी खंगाले हैं। इन फुटेज को फिल्टर किया है। इनमें कुछ संदिग्ध दिखाई



फाइल फोटो

दिए हैं। इनकी शिनाख्त के लिए 8 टीमों को लगाया गया है। एटीएस ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार जैसे कई राज्यों की पुलिस को संदिग्धों के इनपुट भेजे हैं। हालांकि, आतंकवादी संगठन के दावे पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा- आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इसके बाद ही मामला स्पष्ट होगा। बता दें कि महाकुंभ के मेला क्षेत्र में 19 जनवरी को शाम करीब साढ़े चार बजे ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### वाराणसी में एनएसयूआई नेता के बेटे से 3 घंटे पूछताछ

वाराणसी एटीएस ने जैतपुरा के अमानतुल्लाह निवासी एनएसयूआई नेता शाहिद जमाल के पुत्र सिराजुद्दीन को नोटिस जारी किया था। सोमवार को उसे अशोक विहार कॉलोनी स्थित एटीएस कार्यालय बुलाया। उससे तीन घंटे तक पूछताछ की गई। सिराजुद्दीन 19 जनवरी को महाकुंभ मेला क्षेत्र में था। सोशल मीडिया पर लाइव होकर उसने वहां के बारे में जानकारी दी थी।

# 300 से ज्यादा उद्योगपतियों से सीएम का संवाद, ऑटोमोबाइल क्षेत्र में होगा निवेश

## पुणे में इंटरेक्टिव सेशन में मोहन ने जीआईएस के लिए उद्योगों को किया आमंत्रित

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को पुणे में इंटरेक्टिव सेशन में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों और निवेशकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कहा है कि पुणे की यात्रा सार्थक रही है और यहां कई ऐसे निवेशकों से भी चर्चा हुई है, जो विदेश से आकर यहां निवेश करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में ऑटोमोबाइल क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं बढ़ी हैं। इंटरैक्टिव सेशन में 300 से ज्यादा उद्योगपतियों व निवेशकों के साथ चर्चा हुई है। इनमें ऑटोमोबाइल, आईटी, फूड प्रोसेसिंग और नवकरणीय ऊर्जा सहित अन्य सेक्टर में निवेशकों का अच्छा रिस्पांस मिला है। दो घंटे से अधिक समय वन टू वन में लगा। निवेशकों ने मध्यप्रदेश को लेकर बेहद उत्साह जताया है। सीएम ने अगले माह भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए उन्हें आमंत्रित भी किया।



### मप्र निवेश के लिए संभावनाओं वाला राज्य

मुख्यमंत्री ने कहा, औद्योगिक गतिविधियों और निवेश के लिए मध्यप्रदेश संभावनाओं वाला राज्य है। प्रदेश में वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित किया है। औद्योगिक विकास की गति को तेज कर प्रदेश को आर्थिक रूप से अधिक उन्नत और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से निवेश-अनुकूल नीतियों, उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे और कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश में उद्योग जगत को श्रमिक समस्या सहित अन्य कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का विचार सरकार और समाज में रचा बसा है। डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उद्योग समूहों और मध्यप्रदेश के संबंध अधिक प्रगाढ़ होंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का महाराष्ट्र से दिल का रिश्ता है। पुणे का मौसम मध्यप्रदेश से मिलता-जुलता है। मालवा के सभी देव स्थान महाराष्ट्र के साथ जुड़े हैं। सीएम ने कहा कि हम सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामय के भाव के अनुसार अन्य प्रदेशों और देशों से आने वाले उद्योगों का स्वागत और सबके कल्याण एवं प्रगति की कामना करते हैं।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस में अपील

## हाईकोर्ट सजा से पहले दोषी व पीड़ित परिवार की बात सुनेगा

**कोलकाता, जेएनएन।** आरजी कर रेप-मर्डर केस में दोषी संजय रॉय की सजा के खिलाफ बंगाल सरकार की अपील पर फैसला करने से पहले कलकत्ता हाईकोर्ट दोषी संजय, पीड़ित परिवार और सीबीआई को सुनेगा। बुधवार को हाईकोर्ट ने कहा कि बंगाल सरकार की याचिका मंजूर करने से पहले हम इन पक्षों की बात सुनेंगे। सुनवाई 27 जनवरी को होगी। बंगाल सरकार ने अपील में कहा था कि संजय रॉय ने जो अपराध किया है, उसके लिए उम्रकैद पर्याप्त नहीं है। उसे फांसी दी जानी चाहिए। सियालदह कोर्ट ने 20 जनवरी को संजय को मरते दम तक उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जस्टिस अनिर्बान दास ने कहा था कि यह मामला रेयरेस्ट ऑफ रेयर कैटेगरी में नहीं आता, इसलिए फांसी की सजा नहीं दी गई है। हाईकोर्ट में जस्टिस देबांगशु बसक और जस्टिस मो. शब्बार राशिदी की बेंच के ■ शेष पृष्ठ 7 पर

# मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपी को लेकर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने बंधक बनाया

### नीमच के चौकड़ी गांव की घटना

**जागरण, नीमच।** मादक पदार्थ की तस्करी मामले में जांच करने पहुंची पुलिस की टीम को लोगों ने घेर लिया। गुस्साए लोगों ने पुलिस को गांव से निकलने नहीं दिया। लोग गांव के ही युवक के खिलाफ झूठा मामला बनाने से गुस्से में थे। ग्रामीणों ने पुलिस की टीम को सात घंटे तक बंधक बनाकर रखा। पुलिस ने सख्ती दिखाई तो लोगों ने पथराव कर दिया। इससे पुलिस को लाठीचार्ज के बाद आंसू गैस के गोले दागने पड़े। तब कहीं जाकर पुलिस ग्रामीणों के घेरे से बाहर निकल सकी।



जानकारी के अनुसार नीमच के सिंगोली थाना पुलिस ने चौकड़ी गांव के एक युवक नीलेश पिता श्यामलाल (24 वर्ष) को डोडा चूरा के साथ पकड़ा था। इस मामले की जांच करने तीन वाहनों में भरकर युवक को लेकर पुलिस गांव में पहुंची थी। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### हमारे क्षेत्र में डोडा चूरा निकलता है: मारू

मनासा से भाजपा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने दैनिक जागरण से कहा कि हमारे क्षेत्र में डोडा चूरा निकलता है। यदि किसी के पास 34 किलो तक डोडा होता है, वह गैर व्यावसायिक माना जाता है और 50 किलो से अधिक होने पर वह कॉमर्शियल हो जाता है। ग्रामीण 34 किलो बता रहे थे, लेकिन पुलिस ने 54 किलो डोडा की बरामदगी बताई थी, इससे ही विवाद हो गया था। नाराज ग्रामीणों को समझाने के साथ ही मैंने एसपी और एएसपी से बात की।

# पांच दिन तक रहा डिजिटल अरेस्ट, पर बेटे की समझदारी से ठगी से बचा जवान



ग्वालियर की घटना

**जागरण, ग्वालियर।** रीवा में पोस्टेड ग्वालियर का एसएएफ जवान अपने बेटे की समझदारी के कारण ऑनलाइन ठगी से बच गया। एसएएफ में प्रधान आरक्षक रामशरण जाटव 5 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रहे। वे ठगों की बातों से इतने घबरा गए कि ठगों के बताए बैंक खाते में रुपए डालने के लिए अवकाश लेकर ग्वालियर आ गए।

इसके बाद 8 लाख रुपए देने लोन के लिए आवेदन करने में लग गए। गनीमत रही कि उन्होंने लोन लेने में मदद के लिए अपने बेटे विकास से बात कर ली। ऐसे में बेटा पूरा माजरा समझ गया। इसके बाद पड़ोसी के समझाने पर वे साइबर सेल पहुंच गए। बताया जा रहा है कि मंगलवार को एसएएफ सेकंड वाहिनी के प्रधान आरक्षक रामशरण जाटव जो वर्तमान में रीवा पोस्टेड हैं, वे साइबर सेल ग्वालियर में बेटे विकास व पड़ोसी उपेंद्र कुमार के साथ पहुंचे। उन्होंने बताया कि 5 दिन से एक नंबर से वीडियो कॉल आ रहे हैं। जो खुद को महाराष्ट्र पुलिस के अधिकारी बता रहे हैं। वे नरेश गोयल नाम के व्यक्ति के साथ मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने के कागजात दिखा रहे हैं। ठगों ने कोर्ट के फर्जी अरेस्ट वारंट भी भेजे। इसके बाद पुलिस ने उन्हें समझाया।

### पुलिस से बोला ठग-हमसे पूछताछ करने वाले तुम कौन

साइबर सेल टीम के अफसरों ने जब फर्जी नंबर पर पीड़ित का बेटा बनकर बात की तो ठग बोला- अपने पिता से कहो जो करने के लिए बोला है, वह करो। जब साइबर टीम ने परिचय दिया तो ठग बोला कि तुम कौन होते हो हमसे पूछताछ करने वाले, तुम जानते नहीं हो हम मुंबई पुलिस के अधिकारी हैं।

## अंदर के पेजों पर

बीएमएचआरसी तैयार करेगा यूरोलॉजी के विशेषज्ञ, पीजी के लिए दो सीट मंजूर- (पेज-7)



फिर सवर्ण के ही भाजपाध्यक्ष होने की संभावना- (पेज-7)

टीम इंडिया की कोलकाता में लगातार 7वीं टी-20 जीत, पाक की बराबरी की - (पेज-11)



वैज्ञानिकों ने ब्रह्मांड में खोजी कॉस्मिक टनल- (पेज-8)

### उपलब्धि | चीन में पेश किया गया दुनिया के पहले सुपरसोनिक विमान का प्रोटोटाइप, अगले साल भरेगा उड़ान

# अंतरिक्ष में 4800 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से उड़ेगा हवाई जहाज

**बीजिंग, जेएनएन।** चीन तकनीक के क्षेत्र में लोहा मनवाता रहा है। चीनी कंपनियों ने पहले बड़े रॉकेट्स, एडवांस्ड सैटेलाइट्स या फिर ताकतवर ड्रोन्स बनाने में महारत हासिल कर ली है, अब एक कंपनी तो इन सबसे चार कदम आगे निकलने की तैयारी में है। बीजिंग की लिंगकांग टिंनेक्सिंग टेक्नालॉजी (स्पेस ट्रांसपोर्टेशन) कंपनी ने एक सुपरफास्ट सब-ऑर्बिटल एयरलाइनर का प्रोटोटाइप पेश किया है। कंपनी का दावा है कि उनका यह सुपरसोनिक एयरक्राफ्ट-कॉन्सनहाऊ (सोरिंगमंक) लंबी दूरी की यात्राओं को बेहद छोटा कर देगा। यानी कम समय में ज्यादा दूरी की यात्रा करा देगा।

यह दुनिया में अपनी तरह का पहला विमान है। कंपनी के मुताबिक, यह विमान कॉनकॉर्ड से दोगुनी स्पीड यानी मैक-4 (4752 किलोमीटर प्रति घंटा) से उड़ान भर सकता है। यह विमान नजदीकी अंतरिक्ष में ऑपरेट हो सकता है, यानी पृथ्वी की सतह से 20-100 किलोमीटर ऊपर की रेंज में आसानी से उड़ान भर सकता है। इस पर 4,500 किलोग्राम वजन भी लादा जा सकता है, जो इसे पैसेंजर और कार्गो, दोनों तरह इस्तेमाल किए जाने लायक बनाता है। इसकी पहली टेस्ट फ्लाइट जनवरी- 2026 में प्रस्तावित है। मार्च-2026 में इसे ऑपरेशनल कर दिया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने एयरक्राफ्ट के प्रोटोटाइप को सोमवार को चेंगदू में सबके सामने पेश किया। सुपरसोनिक विमान की तेज गति के बावजूद यात्री एक्सीलेरेशन के प्रभावों से पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। चीनी कंपनी की



कोशिश सुपरसोनिक यात्रा को फिर से जिंदा करने की है, इससे पहले कॉनकोर्ड सुपरसोनिक विमान ने 1969 में पहली बार उड़ान भरी थी। 1976 में कॉनकोर्ड कमर्शियल यूज होने लगा, लेकिन यह विमान अपनी तेज आवाज, ऊंची टिकट कीमतों, और पर्यावरण पर असर के चलते लंबे समय तक चल नहीं सका।

### विमान का वजन 1.5 मीट्रिक टन

विमान बनाने वाली कंपनी के मुख्य इंजीनियर डेंग फैन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि एयरक्राफ्ट का प्रोटोटाइप 7 मीटर लंबा और 1.5 मीट्रिक टन वजनी होगा। इसका एयरोडायनैमिक डिजाइन एयर ड्रैग यानी हवा के दबाव को कम करता है और फ्लाइट इफिशिएंसी को बढ़ाता है। डेंग ने कहा कि यह विमान मैक 4 (लगभग 4752 किलोमीटर प्रति घंटे) की गति तक उड़ान भर सकता है। यह एक सामान्य जेटलाइनर की तुलना में लगभग पांच गुना तेज है। इसको एक कैरियर रॉकेट के जरिए लगभग 20 किलोमीटर की ऊंचाई तक ले जाया जाएगा, जहां से यह खुद उड़ान भरेगा। इसका अधिकतर सफर नियर स्पेस (20-100 किलोमीटर की ऊंचाई) में होगा। यह विमान एक एडवांस्ड रैमरोटर डेटोनेशन इंजन से चलेगा। यह एक रोटरी डेटोनेशन इंजन, रोटर रॉकेट और रैमजेट तकनीक का कॉम्बिनेशन है, इस इंजन को जिंघु-400एस कहा जाता है और इसका वजन 100 किलोग्राम होगा। यह कम से कम 4,000 न्यूटन का थ्रस्ट पैदा करेगा।

# स्वर्णिम गुजरात विवि ने रायपुर विवि को किया पराजित

## अंतर विश्वविद्यालय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत 6 मैच हुए

जागरण, रीवा। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता के मैच बुधवार को भी हुए। यह महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता रीवा विश्वविद्यालय की मेजबानी में हो रही है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को 6 मैच खेले गए। पहला मैच कोर्ट नंबर एक में स्वर्णिम गुजरात विश्वविद्यालय गुजरात विरूद्ध पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के बीच हुआ, जिसमें गुजरात विवि ने 3-0 से जीत दर्ज की। इस मैच के निर्णायक मुन्ना लाल कारपेंटर, रविकांत चौधरी, रविकिशन व संतोष सिंह रहे। कोर्ट नंबर 2 में दूसरा मैच ऐडेमास विश्वविद्यालय पश्चिम बंगाल विरूद्ध कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के मध्य हुआ, जिसमें कुरूक्षेत्र विवि 3-0 से विजयी हुआ। इस मैच के निर्णायक आर एस द्विवेदी, आर.बी. विधार्थी, माधुरी शर्मा, श्रीकांत और धीरेन्द्र सिंह रहे। अगला मैच कोर्ट नंबर 3 में हुआ। शासकीय टीआरएस कॉलेज महाविद्यालय के प्रांगण में यह मैच एल.पी.यू. फगवाड़ा बनाम एम.जी. कोट्टयम के बीच हुआ, जिसमें एल.पी.यू. फगवाड़ा ने कोट्टयम को पराजित किया। इस मैच के निर्णायक वीरेश सिंह, सुनील सिंह, विनोद शर्मा, मोनिका सिंह रहे। बुधवार को प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं विश्वविद्यालय के पूर्व खिलाड़ी देवेन्द्र सिंह रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि महराजा पब्लिक स्कूल के संचालक आनंद सिंह, जे.एन.सी.टी. कालेज के संचालक सत्यनारायण चतुर्वेदी रहे। विश्वविद्यालय स्टेडियम में महाराजा पब्लिक स्कूल बेला के छात्रों ने पहुँचकर मैच का आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान ए.आई.यू. प्रेक्षक डॉ अमृतपाल सिंह, बी. ओमप्रकाश, आयोजक सचिव प्रो. रामभूषण मिश्रा, सह आयोजक सचिव डॉ संजीव कुमार मिश्रा, डॉ उपेंद्र पांडेय, डॉ विजय सिंह, डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, डॉ राहुल, डॉ आनंद मिश्र, रविशंकर द्विवेदी, डॉ शमशेर अली, डॉ मनीष नामदेव, विजय सिंह, डॉ भरत विश्वकर्मा, रूक्मणी द्विवेदी, विजयपाल, डॉ वेणु माधव पांडेय, डॉ राजेश भारती सहित शारीरिक शिक्षा विभाग के एम.पी.एड, बी.पी.एड, बी.पी.ई.एस. के छात्र, कर्मचारी और खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे।

### सामुदायिक भवन नेहरू नगर में जनकल्याण शिविर आज

रीवा। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 23 जनवरी को जोन क्रमांक 3 के वार्ड क्रमांक 13 के लिए सामुदायिक भवन नेहरू नगर रीवा में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है।

# शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को मौन धारण

रीवा। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी प्रातः 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में 2 मिनिट का मौन रखा जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और समस्त कलेक्टरों को इस आशय के निर्देश जारी किए हैं। शहीद दिवस को सम्पूर्ण गरिमा के साथ मनाने की अपेक्षा की गयी है। इस दिन को व्यापक रूप से आम जनता की भागीदारी से मनाए जाने के लिए प्रातः 11 बजे प्रदेश में कार्य और अन्य गतिविधियां रोककर दो मिनिट का मौन रखा जाए। जहां कहीं संभव हो, दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जायेगी। सायरन 10:59 बजे से 11 बजे तक बजाए जाने चाहिए और दो मिनट के बाद 11:02 बजे से 11:03 बजे तक पुनः क्लियर सायरन बजाए जाने चाहिए। जहां सायरन उपलब्ध हो वहां यह कार्यविधि अपनाई जाए। सिग्नल (जहां उपलब्ध हो), के अनुसार सभी व्यक्ति खड़े हो जाएं और मौन धारण करें। सभी शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक उपक्रमों में शहीद दिवस को पूरी गंम्भीरता के साथ मनाया जाये। स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता के बारे में वार्ताएं और भाषण आयोजित किए जाने के भी निर्देश दिये गये हैं।

### शिवमहापुराण कथा 26 से

रीवा। ओंकारेश्वर महादेवालय उर्रहट के समीप आगामी 26 जनवरी से 2 फरवरी तक श्री शिवमहापुराण मंगल कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उक्त अवसर पर 26 जनवरी 2025 को दोपहर 3:00 बजे से मंगल कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कथा व्यास देवेन्द्राचार्य महाराज ने सभी से कथा का रसपान कर अपने जीवन को धन्य करने का आग्रह किया है।

### कांग्रेस युवा नेता जुबैर खान का निधन



रीवा। युवा कांग्रेस नेता जुबेर खान (प्रिंशु) निवासी घोघर का बुधवार रात्रि 11.00 बजे निधन हो गया है। जुबेर खान लम्बे समय से बीमार चल रहे थे उनका इलाज संजय गांधी अस्पताल में जारी था। इलाज के दौरान जुबेर खान बुधवार को अंतिम शास ली। जुबेर अपने पीछे भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गये है। जुबेर खान को गुरूवार सुबह 11.00 बजे घोघर कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जायेगा।

## ।।ॐ शांति।। शोक संदेश ।।ॐ शांति।।



असीम वेदना एवं बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे परमपूज्य ससुर जी

**श्री लल्लू सिंह जी 'जयभारत'**

का निधन दिनांक **14 जनवरी,** मंगलवार को हो गया है।
अतः दिवंगत आत्मा की परमशांति हेतु वैदिक कार्यक्रम निम्नानुसार है।

| कार्यक्रम विवरण | |
|---|---|
| दशगात्र (शुद्ध) | 23 जनवरी, 2025 गुरूवार |
| कर्म (एकादशाह) | 24 जनवरी, 2025 शुक्रवार |
| त्रयोदशाह एवं ब्राम्हण भोजन | 26 जनवरी, 2025 रविवार |

।। शोक संतप्त ।।
श्रीमती निर्मला सिंह
(पति- स्व.श्री आजाद भगत सिंह)

RN-80645

शोकाकुलः सरयूलाल सिंह, भागीरथ सिंह, जगतराज सिंह, अरूणेश्वर सिंह, जय सिंह एवं समस्त कछवाह परिवार

**कार्यक्रम स्थल : गृह ग्राम- जयभारत हाउस, लालगांव, जिला- रीवा (म.प्र.)**

## न्यायालय कलेक्टर जिला मऊगंज (म.प्र.)

0033/ निगरानी/2024-25

**आम सूचना**

श्रीमती मनोरमा पाण्डेय पत्नी स्व. नीलाम्बर पाण्डेय निवासी ग्राम टिकुरदासी तहसील नईगढी जिला मऊगंज. निगरानीकर्ता

**बनाम**

सुखराज कुमारी पत्नी स्व. अवधेश प्रसाद पाण्डेय वगैरह तहसील ग्राम टिकुरदासी नईगढी जिला मऊगंज गैरनिगरानीकर्तागण आवेदिका श्रीमती मनोरमा पाण्डेय पत्नी स्व. नीलाम्बर पाण्डेय निवासी ग्राम टिकुरदासी तहसील नईगढी तहसील नईगढी द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी मऊगंज के अपील प्रकरण क्रमांक 0177/अपील/2020-21 पारित आदेश दिनांक 14.05.2024 के विरुद्ध न्यायालय कलेक्टर मऊगंज के यहां निगरानी धारा-50 म.प्र. भू-राजस्व संहिता के तहत प्रस्तुत की गई है. जिसकी सूचना दिनांक 24.09.2024 को क्रमशः अनावेदकगण को (सुखराज कुमारी पत्नी स्व. अवधेश प्रसाद पाण्डेय, श्रवण पाण्डेय पिता स्व. अवधेश प्रसाद पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय पिता स्व. अवधेश प्रसाद पाण्डेय, सुबोध पाण्डेय पिता स्व. अवधेश प्रसाद पाण्डेय सभी निवासी ग्राम टिकुरदासी तहसील नईगढी तपस्या पाण्डेय पुत्री स्व. नीलाम्बर पाण्डेय, रमाशंकर पाण्डेय पिता स्व. रामजियावन पाण्डेय, मोहनलाल पाण्डेय पिता स्व. त्रियुगी नारायण पाण्डेय, छोटे पिता स्व. मोतीलाल पाण्डेय, मुन्नू पाण्डेय पिता स्व. मोतीलाल पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय पिता स्व. मोतीलाल पाण्डेय, शिवानन्द पिता स्व. जगदीश प्रसाद पाण्डेय, राजेश पिता स्व. रामानन्द पाण्डेय, निवेन्द्र पिता स्व. रामानन्द पाण्डेय, शोभालाल पिता स्व. जगदीश प्रसाद, सुरेश पिता स्व. जगदीश प्रसाद, विजय पिता सुतीक्षण प्रसाद पाण्डेय, श्रवण प्रसाद पिता सुतीक्षण प्रसाद पाण्डेय, कमलेश्वर प्रसाद पिता स्व. अनुसुईया प्रसाद पाण्डेय, संतोष कुमार पिता स्व. रविकरण प्रसाद पाण्डेय, अनिरुद्ध प्रसाद पिता रविकरण प्रसाद पाण्डेय सभी निवासी ग्राम टिकुरदासी पोस्ट कशियार तहसील नईगढी जिला मऊगंज) दी गई जो लिखे हुए पते पर नहीं होना बताया गया। अतः उपरोक्त अनावेदकगणों को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.02.2025 को न्यायालय कलेक्टर मऊगंज के यहां समय दोपहर 01:00 बजे से सायं 6:00 के मध्य उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन/अभिलेख प्रस्तुत करें। अनुपस्थित होने पर प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए अनावेदक स्वतः जिम्मेदार होंगे।

प्रभारी अधिकारी
न्यायालय कलेक्टर जिला मऊगंज ( म.प्र. ) मऊगंज

RN. 80646

## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं. CEN-2024-25-14 — दिनांक : 20.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य (इंजी0)/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिए ई निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 24.02.2025** के समय 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का विवरण इस प्रकार है।

**निविदा नं. : निविदा सूचना सं. CEN-2024-25-14** | **अनुमानित मूल्य (रु.) : Rs. 24.19 Cr**

**कार्य का विवरण :** खैरार-मानिकपुर के मध्य रेलवे लाइन के दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत खैरार (छोड़कर)-बाँदा (सहित) खण्ड एवं चित्रकूट-मानिकपुर खण्ड में भारतीय रेल मानक/विनिर्देश के अनुसार ट्रैक गिट्टी की आपूर्ति एवं सुव्यवस्थित ढेर लागाना।

**बोली प्रतिभूमि (रु.) Rs. 13,59,500/-** | **कार्य समापन की अवधि : 12 माह**

**निविदा बंद करने की तिथि और समय : 24.02.2025 15:00 बजे**

**निविदा खुलने की तिथि : 24.02.2025 15:30 बजे**

**निविदा का प्रकार : ओपेन टेण्डर (दो पैकेट प्रणाली)**

**नोट :-** 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर **समय 15:00 बजे** तक निविदा भरने की **तिथि दिनांक 24.02.2025** तक उपलब्ध है। 2. उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको **IT Act-2000** के अन्तर्गत **CCA** द्वारा जारी **Digital** हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइड पर पंजीकृत करायें। 3. बोली प्रतिभूति या तो ई-भूगतान गेटवे के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में प्रस्तुत की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। बैंक गारंटी बांड निविदा दस्तावेज में दिये गये अनुलग्नक-वीआईए के अनुसार होगा और बोल बैधता अवधि से परे **90 दिनों** की अवधि के लिय बैध होगा। 4. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 5. निविदा की राशि 10 करोड़ से अधिक होने पर संयुक्त उद्यम (जे.वी.) /Consortiums/MOUs पर विचार किया जायेगा। 6. संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। 7. सभी निविदाओं हेतु निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। 8. निविदा दस्तावेज में उल्लिखित योग्यता/मानदण्डों को पूरा करने के दावे के समर्थन में अपलोड किये गये दस्तावेजों/प्रमाण-पत्रों की प्रतिलिपिकी पृष्ठ को टेण्डरर फर्म के निविदाकार या अधिकृति प्रतिनिधि द्वारा स्वयं प्रमाणित/डिजिटल हस्ताक्षरित किया जायेगा। स्वयं प्रमाणन में हस्ताक्षर, मोहर और तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) अंकित होनी चाहिये। केवल वे दस्तावेज जिन्हें निविदाकार द्वारा स्पष्ट रूप से घोषित किया गया है कि निर्धारित पात्रता मानदण्डों की अर्हता प्राप्त करने के दावे का समर्थन करने वाले दस्तावेज को ही उनकी निविदा का मूल्यांकन करने के लिये विचार किया जायेगा। निविदाकार द्वारा दी गयी किसी भी गलत जानकारी के मामले में अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा एवं बोली प्रतिभूमि, परफारमेंस गारण्टी और सिक्योरिटी डिपाजिट जब्त कर ली जायेगी और भारतीय रेलवे में एजेंसी पर 5 (पॉच) वर्ष तक कोई भी व्यवसाय करने पर प्रतिबन्ध लगा दिया जायेगा। 9. सरकारी अधिकारियों द्वारा समय-समय पर जारी जी.एस.टी. अधिनियम और सरकार/सम्बन्धित प्राधिकरण द्वारा समय समय पर जारी किये गये नियम लागू होंगे। 10. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइड की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 11. निविदा आनलाइन **दिनांक 24.02.2025 को समय 15:00 बजे** तक सबमिट किया जा सकता है तथा निविदा 15:30 बजे उसी दिन खोली जायेगी। **136/25 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं-No. JHS/Commercial/e-Auction/25/84 — दिनांकः 20.01.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झाँसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

**श्रेणीः** प्रचार | **कैटलॉग संख्याः** JHS-ADV-MIX-05

**एसेट्स डिटेल्सः 1.** Advertisement Right through RDN Digital Media Inside LALITPUR(LAR) & Chitrakutdham Karwi(CKTD) Railway Stations. **2.** Advertidement Right through RDN Non-Digital Media Inside Pokhrayan (PHN) Railway Station.

**ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समयः** दिनांक 03.02.2025 को समय- 11:00 से

**ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समयः** दिनांक 03.02.2025 को समय- 11:50 तक

**नोटः** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। **137/25 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं0 JHS/Br/L/2024-25/18 — दिनांक : 17.01.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

**(टू पैकेट सिस्टम)**

उप मुख्य इन्जी./ब्रिज/लाइन/ उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये **ई-निविदा** निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **13.02.2025** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

**निविदा नं. :** Br-JHS-2024- 21 | **अनुमानित मूल्य (रू.) :** Rs. 31.64 Crore/-

**कार्यों का विवरण : झाँसी मण्डलः** बीना-झाँसी सेक्शन में किमी 1009/8-10 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 319 के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण।

**बयाने की रकम (रू.) :** Rs. 17,32,500/- | **कार्य समापन की अवधि :** 18 महीना

**निविदा बंद की तिथि :** 13.02.2025

**सिमिलर वर्क के लिए न्यूनतम वांछनीय आधार :** किसी भी प्रकार के पुल का निर्माण।

**नोटः (1)** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेब साइट पर समय **15:00** बजे तक निविदा बंद की तिथि दिनांक **13.02.2025** तक उपलब्ध है। **(2)** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(3)** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म / लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **(4)** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **(5)** बयाने की राशि केवल नेट बैंकिंग अथवा गेट वे भुगतान या बैक गारण्टी के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। **(6)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये **IREPS** की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **(7)** आनलाइन निविदा दिनांक **13.02.2025, 15:00** बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **123/25 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं- No. JHS/Catg/e-Auction/2024 — दिनांक : 20.01.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) - झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है

**श्रेणी :** खानपान | **केटलोग संख्या :** CATG-JHS-1-25

**एसेट्स डिटेल्स :** डी (एन.एस.जी.-5), डी (एन.एस.जी.-6) एवं ई (एन.एस.जी.-6) केटेगरी स्टेशनों पर जीएमयू केटरिंग स्टॉल आवंटन हेतु ई-नीलामी एवं ए1 (एन.एस.जी-2) ए (एन.एस.जी.-4), बी (एन.एस.जी.-4), डी (एन.एस.जी.-5), डी (एन.एस.जी.-6), ई (एन.एस.जी.-6) केटेगरी स्टेशनों पर एसएमयू केटरिंग स्टॉल आवंटन हेतु ई-नीलामी।

| स्टेशन | प्लेटफॉर्म | लोकेशन | स्टॉल सं. |
|---|---|---|---|
| (जी.एम यू) | | | |
| चिरगांव | 01 | ओएचई पोल स. 1159/19 के पीछे | 01 (महिला) |
| छतरपुर | 02 | प्लेटफॉर्म शेड के सेंटर पिलर्स के बीच | 02 |
| (एस.एम.यू.) | | | |
| मऊरानीपुर | 01 | पोल स.1191/39 एवं पोल स.1191/41 के बीच में | 03 (अनु. जाति) |
| जोरा अलापुर | 01 | एस. एम रूम एवं रिले रूम के मध्य | 01 (अन्य पिछड़ा वर्ग-महिला) |
| चित्रकूट धाम कर्वी | 01 | ऑफिसर रेस्ट हाउस के बगल में | 04 (दिव्यांग) |
| वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 1/7 | सी.ओ.पी पोल स. 05&07 के मध्य। | 04 (अनु. जाति) |
| कैलारस | 01 | एस. एम रूम के सामने | 01 (अन्य पिछड़ा वर्ग - महिला) |
| दरियागंज | 01 | मौजूदा स्टेशन बिल्डिंग के बगल में छत्तरपुर छोर पर | 01 (अन्य पिछड़ा वर्ग - महिला) |
| सॉक | 01 | एस. एम रूम के पास ग्वालियर छोर | 01(अन्य पिछड़ा वर्ग) |
| निवाड़ी | 01 | नए स्टेशन बिल्डिंग के बगल में महोबा छोर | 01 (अनु. जाति) |

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय : दिनांक 28.01.2025 को समय - 10:00 से**

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांक 28.01.2025 को समय - 12:00 तक**

**नोट :** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- **www.ireps.gov.in** के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **100/25(AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


## पथरी, सौन्दर्य, दर्द, गुप्त, सफेद दाग

**साफ्टवेयर द्वारा दवा चुनाव शीघ्र इलाज।**
28 वर्षों व विरासतीय अनुभव द्वारा रोगों का सस्ता इलाज। गालब्लेडर पथरी, ऐलर्जी, अस्थमा, बात, बबासीर, चेहरे के बाल, बालों का झड़ना, पकना, मुहासे, झाइयाँ, स्त्री रोग-सफेद पानी, अनियमित माहवारी, अविकसित स्तन, पुराना बुखार, हथेली की जलन, शिशु रोग-बार-बार निमोनिया होना, चिडचिडाहट, याददास्त में कमी, गुखरू, मसा, हाइड्राफेशियल, झाइयों का अल्टासोनिक इलाज, ऑटोइम्यून रोग, बी.पी., सुगर, नये पुराने रोगों का होम्योपैथिक इलाज।

**डॉ. रोचना डॉ. विकास श्रीवास्तव**
**9827355156**

**पता** - (1) मुख्य डाक घर के पीछे सुधार न्यास कालोनी। (2) न्यू बस स्टैण्ड, ज्योति स्कूल के सामने समदड़िया ब्लाक-सी, गैस एजेंसी के बगल में रीवा।

आर-80809(6/2)


## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना :-

पत्र क्र. 329 ./ भू-अर्जन / 2024 — मऊगंज दिनांक ./09/12/2024

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूचीत खाने के (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11 द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है, चूंकि नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना का निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है तथा अधिकांश भूमि का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं कुछ अंश भाग के भू-अर्जन की कायवाही वांछित है। इस कारण धारा 11 (3) के तहत सामाजिक समाधान निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है।

| भूमि का विवरण | | | लगभग | धारा (1)12 की धारा द्वारा | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | क्षेत्रफल | प्राधिकृत अधिकारी | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| मऊगंज | मऊगंज | तवरगँवा 433 | 0.003 हे. | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना संभाग रीवा (म. प्र.) | डी. बी. निर्माण कार्य हेतु (नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत) |

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टर मऊगंज एवं के पदेन उपसचिव राजस्व विभाग जिला मऊगंज के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन अवधि में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(कोमल सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्र. 2, मनगंवा
जिला - रीवा (म.प्र.)

(बी. पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
जिला - रीवा (म.प्र.)

(अजय श्रीवास्तव)
कलेक्टर
जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव
राजस्व विभाग

G-22079/24

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना;-

पत्र क्र. 230 ./ भू-अर्जन / 2024 मऊगंज दिनांक ......./......../2024 — 19.12.24

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमिअर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -11 की उपधारा(1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूचीतखाने के (5)में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है, चूंकिनईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजनाका निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है तथा अधिकांश भूमि का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं कुछ अंश भाग के भू-अर्जन की कायवाही वांछित है। इस कारण धारा 11 (3) के तहत सामाजिक समाधान निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है।

| भूमि का विवरण | | | लगभग | धारा(1)12 की धारा द्वारा | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | क्षेत्रफल | प्राधिकृत अधिकारी | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| मऊगंज | मऊगंज | दुबगंवा 489 | 0.001 हे. | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना संभाग रीवा (म. प्र.) | डी. बी. निर्माण कार्य हेतु (नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाईपरियोजना अंतर्गत) |

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टरमऊगंज एवं के पदेन उपसचिवराजस्व विभाग जिलामऊगंज के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन अवधि में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(कोमल सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्र. 2, मनगंवा
जिला - रीवा(म.प्र.)

(बी. पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
जिला - रीवा(म.प्र.)

(अजय श्रीवास्तव)
कलेक्टर
जिला मऊगंजएवं पदेन उपसचिव
राजस्व विभाग

G-22069/24

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना;-

पत्र क्र. 227 ./ भू-अर्जन / 2024 मऊगंज दिनांक ......./......../2024 — 19.12.2024

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमिअर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -11 की उपधारा(1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूचीतखाने के (5)में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है, चूंकिनईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजनाका निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है तथा अधिकांश भूमि का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं कुछ अंश भाग के भू-अर्जन की कायवाही वांछित है। इस कारण धारा 11 (3) के तहत सामाजिक समाधान निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है।

| भूमि का विवरण | | | लगभग | धारा(1)12 की धारा द्वारा | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | क्षेत्रफल | प्राधिकृत अधिकारी | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| मऊगंज | मऊगंज | करही 101 | 0.003 हे. | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना संभाग रीवा (म. प्र.) | डी. बी. निर्माण कार्य हेतु (नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाईपरियोजना अंतर्गत) |

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टरमऊगंज एवं के पदेन उपसचिवराजस्व विभाग जिलामऊगंज के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन अवधि में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(कोमल सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्र. 2, मनगंवा
जिला - रीवा(म.प्र.)

(बी. पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
जिला - रीवा(म.प्र.)

(अजय श्रीवास्तव)
कलेक्टर
जिला मऊगंजएवं पदेन उपसचिव
राजस्व विभाग

G- 22037/24

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना;-

पत्र क्र. 230 ./ भू-अर्जन / 2024 मऊगंज दिनांक ......./......../2024 — 19.12.24

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमिअर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -11 की उपधारा(1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूचीतखाने के (5)में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है, चूंकिनईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजनाका निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है तथा अधिकांश भूमि का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं कुछ अंश भाग के भू-अर्जन की कायवाही वांछित है। इस कारण धारा 11 (3) के तहत सामाजिक समाधान निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है।

| भूमि का विवरण | | | लगभग | धारा(1)12 की धारा द्वारा | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | क्षेत्रफल | प्राधिकृत अधिकारी | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| मऊगंज | मऊगंज | दुबगंवा 489 | 0.001 हे. | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना संभाग रीवा (म. प्र.) | डी. बी. निर्माण कार्य हेतु (नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाईपरियोजना अंतर्गत) |

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टरमऊगंज एवं के पदेन उपसचिवराजस्व विभाग जिलामऊगंज के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन अवधि में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(कोमल सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्र. 2, मनगंवा
जिला - रीवा(म.प्र.)

(बी. पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
जिला - रीवा(म.प्र.)

(अजय श्रीवास्तव)
कलेक्टर
जिला मऊगंजएवं पदेन उपसचिव
राजस्व विभाग

G-22067

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना:-

पत्र क्र. 293 ./ भू-अर्जन / 2024 मऊगंज दिनांक .19/12/2024

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमिअर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -11 की उपधारा(1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूचीतखाने के (5)में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है, चूंकिनईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजनाका निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है तथा अधिकांश भूमि का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं कुछ अंश भाग के भू-अर्जन की कायवाही वांछित है। इस कारण धारा 11 (3) के तहत सामाजिक समाधान निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है।

| भूमि का विवरण | | | लगभग | धारा(1)12 की धारा द्वारा | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | क्षेत्रफल | प्राधिकृत अधिकारी | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| मऊगंज | मऊगंज | नरौनी 522 | 0.003 हे. | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना संभाग रीवा (म. प्र.) | डी. बी. निर्माण कार्य हेतु (नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाईपरियोजना अंतर्गत) |

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टरमऊगंज एवं के पदेन उपसचिवराजस्व विभाग जिलामऊगंज के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन अवधि में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(कोमल सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्र. 2, मनगंवा
जिला - रीवा(म.प्र.)

(बी. पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
जिला - रीवा(म.प्र.)

(अजय श्रीवास्तव)
कलेक्टर
जिला मऊगंजएवं पदेन उपसचिव
राजस्व विभाग

G- 22043/24

## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना:-

पत्र क्र. 284 ./ भू-अर्जन / 2024 मऊगंज दिनांक .19/12/2024

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमिअर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -11 की उपधारा(1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूचीतखाने के (5)में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है, चूंकिनईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजनाका निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है तथा अधिकांश भूमि का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं कुछ अंश भाग के भू-अर्जन की कायवाही वांछित है। इस कारण धारा 11 (3) के तहत सामाजिक समाधान निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है।

| भूमि का विवरण | | | लगभग | धारा(1)12 की धारा द्वारा | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | क्षेत्रफल | प्राधिकृत अधिकारी | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| मऊगंज | मऊगंज | मगनिया 800 | 0.003 हे. | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना संभाग रीवा (म. प्र.) | डी. बी. निर्माण कार्य हेतु (नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाईपरियोजना अंतर्गत) |

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टरमऊगंज एवं के पदेन उपसचिवराजस्व विभाग जिलामऊगंज के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन अवधि में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(कोमल सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्र. 2, मनगंवा
जिला - रीवा(म.प्र.)

(बी. पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
जिला - रीवा(म.प्र.)

(अजय श्रीवास्तव)
कलेक्टर
जिला मऊगंजएवं पदेन उपसचिव
राजस्व विभाग

G-22058/24

# डॉ.राहुल ने 2 हजार से अधिक सर्जरी कर मरीजों को दी राहत, बुजुर्गों की दृष्टि बनीं डॉ.नेहा



**जागरण, रीवा।** जिला की स्वास्थ्य सेवाएं सम्हाल रहे सीएमएचओ भी बेहतर चिकित्सकों में एक है। वह निरीक्षण के दौरान खुद ही मरीजों का इलाज करने लगते हैं। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या कम है। संसाधन बढ़ रहे हैं। सरकार सुविधाओं और मशीनरी में इजाफा कर रही है लेकिन काम करने वाले चिकित्सक की संख्या कम है। यहां कुछ ऐसे भी चिकित्सक है जो जिला चिकित्सालय की सेवाओं को कंधे पर उठाए हुए हैं। इन चिकित्सकों की मेहनत के कारण ही कई मरीज इन्हें ही तलाशते हुए इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचते हैं। ऐसे ही कुछ मेहनती चिकित्सक है, जिनके कार्यों ने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। अब वह मरीजों की पसंद बने हुए हैं।

## पहला घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपहण किया



संजय गांधी अस्पताल के आर्थो विभाग में पदस्थ्य डॉ.राहुल कुंदर की पहचान भी कुछ विशेष चिकित्सकों में है। उन्होंने जब से एसजीएमएच में अपनी सेवा शुरू की। मरीजों को बड़ी राहत देने का कार्य किया। अब तक डॉ.राहुल ने एसजीएमएच में करीब दो हजार से अधिक ऑपरेशन किए और मरीजों की बीमारी को दूर कर उनको राहत दी है। बता दें कि डॉ.राहुल ने ही पहला घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण एसजीएमएच में किया और विंध्य क्षेत्र भर में पहली बार पेल्बिस और एसिटाबुलम सर्जरी करने वाले वह पहले चिकित्सक हैं। सरल व मिलनसार स्वभाव के डॉ.राहुल मरीजों को परिवारजनों की तरह व्यवहार करते हैं, जिससे उनकी छवि एक अच्छे चिकित्सक के रूप में मरीजों के सामने है।

## डॉ.अभिलाष ने की 6 हजार से अधिक सर्जरी



संजय गांधी के सर्जरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.अभिलाष सिंह ने मरीजों को राहत देने का काम किया है। मरीज का रोग कितना भी गंभीर हो, वह उसका उपचार करते हैं, ऐसी पहचान डॉ.अभिलाष ने बना रखी है, शायद यही वजह है कि अब तक कुल 6 हजार से अधिक सर्जरी डॉ.अभिलाष ने की है। समय कोई भी हो, यदि डॉ.अभिलाष के संपके में मरीज है तो वह उसका उपचार जरूर करते हैं और यही वजह है कि वह मरीजों के लिए हर समय उपलब्ध रहने वाले चिकित्सकों के रूप में जाने जाते हैं।

## मोतियाबिंद से राहत पहुंचाने में जुटी डॉ.नेहा



जिला चिकित्सालय में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.नेहा तिवारी मोतियाबिंद को खत्म करने में जुटी हुई हैं, जूनून ऐसा है कि एक दिन में 60 से अधिक मोतियाबिंद के ऑपरेशन डॉ.नेहा तिवारी द्वारा जिला अस्पताल में किए गए हैं। इस अभियान को और बढ़ाने उनके द्वारा मॉड्यूलर ओटी का प्रस्ताव रखा गया था, उनकी लगन और मरीजों के प्रति सेवा भाव को देखते हुए उप मंख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने जिला अस्पताल को मॉड्यूलर ओटी की सौगात दी और अब यहां नेत्र रोग के जटिल सर्जरी भी डॉ.नेहा द्वारा शुरू कर दी गई है। जिला अस्पताल की डॉ.नेहा तिवारी को बुजुर्गों की दृष्टि भी कहा जाता है। उनके व्यवहार से जिला अस्पताल में वेटिंग होने के बाद भी मरीज उनसे ही ऑपरेशन कराने के लिए इंतजार करते हैं। उनके सरल स्वभाव से मरीज काफी प्रभावित रहते हैं। मरीजों की समस्या को देख डॉ.नेहा ने प्राइवेट प्रैक्टिस की ओर ध्यान ही नहीं दिया।

## मरीजों को देखने वाले पहले सीएमएचओ



रीवा के सीएमएचओ डॉ.संजीव शुक्ला जिले के पहले सीएमएचओ हैं जो पूरे जिले की कमान संभालने के साथ-साथ मरीजों को देखने का कार्य करते हैं, वह अस्थि रोग विशेषज्ञ हैं और जहां भी अवश्यकता होती है चाहे ग्रामीण अंचल हो या शहरी क्षेत्र, अपने भ्रमण के दौरान वह मरीजों को देखने का कार्य भी करते हैं। यही वजह भी है कि मरीज उनके पास सीएमएचओ कार्यालय तक दिखाने के ओपीडी का पर्चा लेकर पहुंच जाते हैं। डॉ.संजीव शुक्ला का यह व्यवहार मरीजों के बीच व स्वास्थ्य विभाग में उनकी अलग पहचान बनाए हुए है।

## इन चिकित्सकों की भी अलग पहचान

जिला चिकित्सालय में सर्जरी के डॉ.सिद्धार्थ सिंह ने भी कई जटिल ऑपरेशन कर मरीजों को राहत देने का कार्य किया है। अस्थि रोग विभाग के डॉ.भागवत यादव ने पहली बार जिला अस्पताल में कूल्हा प्रत्यारोपण शुरू किया जिससे इस प्रकार की कई जटिल सर्जरी यहां शुरू हो सकी। शिशु रोग विभाग के डॉ.केके तिवारी की मरीजों के लिए निःशुल्क उपचार के लिए उपलब्धता उनको मरीजों के बीच अलग पहचान देती है। वह मरीजों के लिए एक फोन पर अस्पताल में उपलब्ध रहते हैं। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.विकास सिंह द्वारा जिला अस्पताल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं के साथ-साथ मरीजों को देखने का कार्य किया जाता है, वह ओपीडी के समय मरीजों को देखने के अलावा अस्पताल की व्यवस्थाओं को देखने में अपना पूरा समय देते हैं।

# वर्तमान शिक्षा को समावेशी बनाना होगा: जिपं अध्यक्ष

**जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित हुई स्वामी विवेकानंद के दर्शन पर संभागीय व्याख्यान माला**



**जागरण, रीवा**

इक्कीसवी शताब्दी के बदलते परिवेश में जहां सूचना और प्रद्योगिकी का युग चल रहा है ऐसे में स्वामी जी के चिंतन को अपनाना आवश्यक हैं। स्वामी जी शिक्षा के वर्तमान रूप को अभावात्मक बताते थे। स्वामी विवेकानंद भारतीयों के लिए पाश्चात्य दृष्टिकोण से प्रभावित शिक्षा पद्धति के स्थान पर भारतीय गुरुकुल पद्धति को अपनाने के पक्ष मे थे, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षको मे निकटता के संबंध के साथ श्रद्धा, पवित्रता ज्ञान, धैर्य, विश्वास, विनम्रता, आदर, आदि सदगुणों का समावेश हुआ करता था। वर्तमान शिक्षा में इन सभी सद्गुणों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। उक्त उदगार जन अभियान परिषद द्वारा पेंटियम प्वाइंट महाविद्यालय रीवा में आयोजित स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर आधारित व्याख्यानमाला कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल नें व्यक्त किये।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ हरिश्चंद्र द्विवेदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का भारत के संतों की परंपरा मे अद्वितीय स्थान हैं और देश के बाहर जो उनको ख्याति मिली है उसका उदाहरण दूसरा नहीं है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि हमारी भारतीय संस्कृति, हमारा भारतीय दर्शन उस बिन्दु से प्रारंभ होता है, जहाँ सारे संसार की संस्कृतियाँ और दर्शन समाप्त हो जाते हैं। व्याख्यान कार्यक्रम में आयुर्वेद महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा दर्शन का आधार भी भारतीय वेदान्त तथा उपनिषद ही रहे। स्वामी विवेकानंद का अटल विश्वास था कि सभी प्रकार का सामान्य तथा आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य के मन में हैं।

कार्यक्रम का विषय प्रबोधन जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने किया, उन्होने बताया कि जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में स्वामी विवेकानंद जी विचारों व दर्शन को लेकर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में युवाओं व प्रबुद्वजनों को जोड़ने का कार्य जन अभियान परिषद द्वारा किया जा रहा है । कार्यक्रम का शुभारंभ उदबोधन पेंटियम प्वाइंट महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ बी.एन.त्रिपाठी द्वारा किया गया। उन्होने बताया कि महाविद्यालय द्वारा नियमित रूप से सामाजिक महत्व के आयोजनों में सक्रिय सहभागिता की जाती है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के प्रतिभावान छात्र. छात्राओं को जिला पंचायत अध्यक्ष व उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ उमेश पाण्डेंय, डॉ श्रवण त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ मिश्रा, एवं शैक्षणिक स्टाफ व जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अमित अवस्थी, सुषमा शुक्ला, अनीता मिश्रा, अजय चतुर्वेदी, राजेश अवधिया, धीरेन्द्र शुक्ला, एवं जन अभियान परिषद से संबंद्व स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, परामर्शदाता, एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

## विज्ञान विषय में शून्य पद आने पर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**रीवा।** शिक्षा चयन वर्ग-2 विज्ञान से तैयारी कर रही श्वेता मिश्रा ने बताया की स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा के लिए कुल 10758 पदों में विज्ञापन जारी हुआ है। जिनमें से आदिम जाति विभाग में विज्ञान के 14 पद है तथा स्कूल शिक्षा विभाग में शून्य पद है। छात्रों का कहना है कि हमने मई 2023 में पात्रता परीक्षा दी थी, तभी से चयन परीक्षा की तैयारी में लगे हैं और किसी अन्य की तैयारी भी नहीं की, अब 17 जनवरी को रूल बुक आई है जिसमें हमारे पद शून्य हैं, ऐसे में हम अब कम समय में किसी अन्य परीक्षा की तैयारी नहीं कर सकते। आज हमारे साथ-साथ हमारे मां-बाप के सपने भी टूटे हैं, हम इतने बड़े परिवार से भी नहीं हैं, अगर हमारे पदों में जल्द ही वृद्धि नहीं की गई तो हम मध्य प्रदेश के सभी अभ्यर्थी डी.पी.आई. में धरना प्रदर्शन कर और विशाल आंदोलन करेंगे। ज्ञापन सौपने वालों मे श्रेया मिश्रा, प्रिया पाण्डेय, पिंकी तिवारी, नितकर्ष मिश्रा, अजय सिंह, रितिक तिवारी, राजू तिवारी, रावेन्द्र उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।

## अग्रवाल महिला महासभा ने वृद्धाश्रम में कंबल, फल वितरित किए



**रीवा।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा द्वारा स्वागत भवन स्थित रेडक्रॉस में ठंड से रक्षा के लिए बुजुर्गों को कंबल और फल वितरित किये गये। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ.प्रभाकर चतुर्वेदी एवं उपाध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी जयंत खन्ना ने अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा की प्रांतीय अध्यक्ष मीना बंसल और उनकी टीम के हाथों कंबल,फल, बिस्किट प्राप्त किया और वृद्धजनों को वितरित किया गया। महिला महासभा की टीम ने वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को कंबल,फल, बिस्किट वितरित किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांतीय अध्यक्ष मीना बंसल,जिलाध्यक्ष गीता अग्रवाल,महामंत्री राखी अग्रवाल, डॉ.रोहित सिंह,डॉ.हर्षिता सिंह,अंजू अग्रवाल,सुनीता चमड़िया, संध्या अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, शिप्रा अग्रवाल, रक्षा अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल,रानू अग्रवाल,शैलजा अग्रवाल,खुशबू अग्रवाल,लता सिंथलिया आदि मौजूद रहीं।

## राष्ट्रीय वनस्पति उत्सव में माधवराव कॉलेज के छात्रों ने लिया भाग

**रीवा।** राष्ट्रीय वनस्पति उत्सव में शास. एम.एस. गोलवलकर महाविद्यालय की टीम सहभागिता कर रही है। इस राष्ट्रीय वनस्पति उत्सव का आयोजन 19 से 23 जनवरी के मध्य स्टेच्यू ऑफ यूनिटी एकता नगर, केवाड़िया गुजरात में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व शास. माधव सदाशिवराव गोलवलकर महाविद्यालय रीवा की टीम कर रही हैं। कार्यक्रम में रीवा की टीम ने वहां के पौधों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही, भोजन, संस्कृति, पौधों एवं सामग्री का संग्रह किया। इसके उपरांत रीवा टीम द्वारा नर्मदा नदी के किनारे अस्थाई कुटिया का निर्माण किया गया। इसके बाद जंगली पौधे कंद, मूल से भोजन बनाया गया। रीवा टीम के द्वारा बिदारी कंद की कुी, नकवा कंद का तला सलाद, सूखे महुअे के फूल से निर्मित लड्डू बनाए गए। निर्णायक मंडल ने विंध्य के इन पकवानों का स्वाद चखा और इनके निर्माण की विधि जानी। रात्रि कार्यक्रम में रीवा के सुपारी के खिलौने, मूर्ति, झांपी, मोजरी, खोमरी, सुंदरजा आम, रीवा के जल प्रपात, व्हाइट टाइगर सफारी, बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, ईको पार्क आदि के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान रीवा टीम से प्रो. स्कन्द मिश्रा के साथ छात्र अरुण शुक्ला, अनुज कोरी, मोह्ति कुशवाहा, भूपेंद्र उर्मलिया, संदीप चौरसिया एवं आकाश साकेत सम्मलित रहे।

## PGI लखनऊ के प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ अजय शुक्ला 26 जनवरी रविवार को रीवा में



रीवा-रीवा में उपलब्ध प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, SGPGI लखनऊ से डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग सुपर स्पेशलिस्ट, विंध्य प्रदेश (रीवा) में सेवायें देन वाले एकमात्र एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, हार्मोन इंडिया संस्थापक डॉ अजय शुक्ला MBBS, MD (मेडीसिन), DM (एंडोक्रिनोलॉजी × मेटाबॉलिज्म) SGPGI लखनऊ, MRCP SCE (UK) इंडोक्रिनोलॉजी, SCOPE सर्टिफिकेट ओबेसिटी एक्सपर्ट, वर्तमान कंसल्टेंट एवं विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ दिनाँक 26 जनवरी 2025 रविवार (प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक) को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक रीवा न्यू बस स्टैंड स्थिति कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक × डायग्नोस्टिक (कामता मेडिकल), A-ब्लॉक, समदड़िया कॉम्प्लेक्स में, डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड एवं हॉर्मोन्स से संबंधित बीमारियां जैसे लंबे समय से डायबिटीज व थायराइड से ग्रसित होना बहुत बार इलाज लेने के बाद भी आराम न लगना डायबिटीज के कारण अन्य परेशानी होना, बच्चों में डायबिटीज (मधुमेह),थायराइड या हार्मोन्स की कमी या अधिकता, थायराइड की गांठ या अति दुबलापन, अत्यधिक मोटापा के कारण का पता लगाना व रोकथाम, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स आदि का बढ़ना, किडनी में बार बार पथरी का बनना, (मेटाबोलिक स्प्रोन स्टडी), प्यास का ज्यादा लगना, बार बार पेशाब का लगना, मासिक धर्म का अनियमित होना या न होना, बांझपन (निःसन्तानता), पोलोस्टिक ओवरी, स्त्रियों में अतिरोमिता, गैलोक्टरिया छाती से असमय स्राव, योवन संबंधी विकार समय से पहले या देर से आना, जनन अंगों के विकास सम्बन्धित रोग व हार्मोन्स की गड़बड़ी, पुरुषों में स्तन का बढ़ना, पुरुषों में टेस्टोस्टेरॉन की कमी, नपुंसकता निःसन्तानता, असमय बुढ़ापा आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ शुक्ला विगत 4 वर्षों से प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक को नियमित रीवा में अपनी सेवायें दे रहे हैं और हजारों रोगियों का सफल इलाज कर चुके है, और विंध्य क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर बड़े शहरों को नही जाना पड़ा है, अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं- 9399312433 कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

## एरियर्स के भुगतान के लिए बीईओ कार्यालय के चक्कर काट रहे शिक्षक

**जागरण, रीवा।** कलेक्टर के सख्त आदेश के बाद भी शिक्षकों के समस्त स्वत्वों के भुगतान में लापरवाही बरती जा रही है। कलेक्टर द्वारा समय सीमा में भुगतान किये जाने का अल्टीमेट देने के बाद भी बीईओ कार्यालय के बाबूओं का रवैया नहीं बदला है। कलेक्टर द्वारा वेतन रोकने के आदेश जारी करने के बावजूद इसके एरियर का भुगतान लंबित है। एरियर का भुगतान नहीं होने के कारण कई शिक्षकों द्वारा सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। इसके बाद भी किसी शिक्षक का एरियर्स का भुगतान नहीं किया गया है। जिले के जवा ब्लॉक अंतर्गत पनवार संकुल में सातवें वेतनमान की पांचवी किस्त का एरियर तीन डीए एरियर क्रमोन्नति वेतनमान का निर्धारण कर लागू करना, एरियर का भुगतान लंबित है। इसमें कुछ शिक्षकों का भुगतान तो कर दिया गया है जबकि शेष के भुगतान में टालमटोल किया जा रहा है। बिल में कोई न कोई कमी करके बिल लगाया जाता है बाद में बिल वापस आ जाता है। यह सिलसिला बार-बार जारी रहता है। एक बिल को दर्जनों बार लगाया जाता है इसके बाद भी फेल हो जाता है। बताया जा रहा है कि बिल लगाने में जानबूझकर कोई कमी करके ऐसा षड्यंत्र पनवार संकुल अंतर्गत लंबे समय से किया जा रहा है। पिछले कई वर्षों से एरियर के जमा हो रहे बिल और कैंसिल हो रहे बिल भुगतान की निष्पक्षता से जांच पड़ताल कराई जाए तो इसमें बीईओ कार्यालय के बाबू समेत संकुल के बाबू और संकुल प्राचार्य की नीति और नियति जगजाहिर हो जाएगी। जवा ब्लॉक के शत-प्रतिशत प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों का सातवें वेतनमान की किश्त, बढ़े हुए डीए एरियर्स भुगतान नहीं किया जा रहा है। आज भी कई शिक्षक संवर्ग के साथी इस लाभ से वंचित है। नवीन शिक्षक संवर्ग का जारी किए गए प्रथम क्रमोन्नति व द्वितीय क्रमोन्नति के आदेश के तहत शत प्रतिशत प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों का एरियर्स भुगतान अभी तक लंबित है। जवा के लगभग तीन सैकड़ा से अधिक सहायक अध्यापकों का हर माह वेतन से काटे गए एनपीएस की राशि संबंधी जन के प्रान खाते में जमा नहीं कराई जा रही है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग और जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की गई है कि इसकी जांच पड़ताल कर कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## नागपुर के प्रख्यात कैंसर विशेषज्ञ डॉ भास्कर सिंह 25 जनवरी शनिवार को रीवा में



रीवा। HCG कैंसर हॉस्पिटल नागपुर के प्रख्यात कैंसर सर्जन एवं कैंसर रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ भास्कर सिंह MBBS, MS, FMAS, DNB (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) कंसल्टेंट सर्जन के द्वारा दिनांक 25 जनवरी शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा (कामता मेडिकल) में, कैंसर से सम्बंधित बीमारियां जैसे स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, मुँह का कैंसर, स्वांस की नली का कैंसर, खाने की नली का कैंसर, अग्नाशय का कैसर, पित्त की थैली (गालब्लैडर) का कैंसर, किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर, छोटी बड़ी आँत का कैंसर, आमाशय का कैंसर, थायराइड कैंसर, मांसपेशियों का कैंसर, व अन्य सभी प्रकार के कैंसर का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा। ओपीडी में आये हुए समस्त मरीजों हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित निः शुल्क आयुष्मान योजना, स्वास्थ बीमा लाभ योजना एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार के कर्मचारियों हेतु संचालित स्वास्थ्य लाभ योजना का भी नियम व शर्तों के साथ सुबिधा उपलब्ध है, डॉ भास्कर विगत पाँच वर्षों से नियमित प्रत्येक माह में दूसरे एवं चौथे शनिवार को रीवा में OPD हेतु उपलब्ध रहते हैं। OPD हेतु पंजीयन प्रारम्भ है, अधिक जानकारी, पंजीयन व परामर्श हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

## वेदांता पब्लिक स्कूल पहुंची पीटीएस टीम



**रीवा।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशन पर मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा के पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में सामाजिक जागरुकता के लिए बुधवार को वेदांता पब्लिक स्कूल में पीटीएस रीवा की टीम ने पहुंच कर छात्रों को अवयरनेस किया। पीटीएस टीम में निरीक्षक चित्रांगदा सिंह, आशा त्रिपाठी, सुशील शुक्ला, प्रधान आरक्षक अनिल मिश्रा मौजूद रहे। टीम ने छात्रों को नवीन कानून, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, महिलाओं और बालकों से संबंधित कानून, मेंटल हेल्थ, करियर ओरिऐंटेशन, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति जैसे विषयों की जानकारी दी। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य एमके दीक्षित, अमिता सिंह परिहार और स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

**बच्चों की हुई निःशुल्क जांच**

**रीवा।** बुधवार को महाराजा पब्लिक स्कूल में नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों की निःशुल्क जाँच करवाई गई। स्कूल स्तर पर 0 से 18 वर्ष के बच्चों का सिर से लेकर पैर तक की निःशुल्क जाँच परीक्षण करवाये जा रहे हैं। इस कार्यक्रम मे उपस्थित डॉ.मेघा अग्निहोत्री और दिनेश त्रिपाठी ने बच्चों की जाँच की और अच्छे स्वास्थ के लिए बच्चों को जागरूक किया।

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
**लिमिटेड ई - निविदा (सिंगल पैकेट प्रणाली) आमंत्रण सूचना**

**कार्य का नाम**: जबलपुर मंडल के रीवा-सीधी सिंगरौली नई लाइन खंड में, ललितपुर सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना के संबंध में पश्चिम-मध्य रेलवे के अंतर्गत 2 x 25 केवी, एसी 50 हर्ट्ज ओएचई इंस्टालेशन सिस्टम यानी टीएसएस, एसएसपी, एसपी पर बिजली आपूर्ति इंस्टालेशन यानी टीएसएस, एसएसपी, एसपी का डिजाइन, आपूर्ति, परीक्षण, निर्माण और कमीशनिंग और टीएसएस, एसएसपी, एसपी बिल्डिंग और टीआरडी कार्यालय आदि का विद्युतीकरण। **निविदा सूचना क्र : के आर / सी ओ / ईल / रीवा - सिंगरौली / टी / 04 / 25, दिनांक 23.01.2025. कार्य समापन की अवधि**: 18 (अट्ठारह) महीना। **अनुमानित लागत**: रु.16,54,62,628/- जीएसटी को छोड़कर। **ईएमडी**: रु. 9,77,300/-. **आन लाइन निविदा जमा करनेकी अंतिम तिथि तथा समय**: दि.07.02.2025 को 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि**: दि: 07.02.2025 को 15:30 बजे। संशोधन / शुद्धिपत्र यदि हो तो केवल आई आर ई पी एस वेबसाइट पर प्रकाशित होगा। **निविदा कागजात के लिए पथ**: आई आर ई पी एस के माध्यम से। मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं होगीं।

**कार्यालय नगर परिषद् बैकुण्ठपुर, जिला-रीवा म.प्र.**

क्रमांक / 82 / निविदा आमंत्रण / 2025 — बैकुण्ठपुर, दिनांक 21.01.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि व लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_397886 | वार्ड क्रमांक 01 हरिजन बस्ती मे नाली निर्माण काय | 01 माह लागत रू0 304490.00 | 2000.00 एवं अमानत राशि 3045.00 | 22.01.2025 से 22.02.2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(श्रीमती मीना तीरथ गुप्ता)
अध्यक्ष
नगर परिषद् बैकुण्ठपुर,
जिला-रीवा म.प्र.

(श्रीमती निधि राजपूत)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् बैकुण्ठपुर,
जिला-रीवा म.प्र.



दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com
रीवा 23 जनवरी 2025 माघ कृष्ण 9 संवत 2081
संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त



**गीता**

दूरेण ह्यवरं कर्म बुद्धियोगाद्धनञ्जय।
बुद्धौ शरणमन्विच्छ कृपणाः फलहेतवः।

**भावार्थ :** बुद्धियोग अर्थात समता की अपेक्षा सकाम-भाव से कर्म करना बेहद निकृष्ट है। कर्मों में समता का होना ही कुशलता है। समता के बगैर कर्मों में उद्धार करने की ताकत नहीं है।

# चिंताजनक हैं दुनिया के लिए ट्रंप के मंसूबे

अमेरिका के लिये स्वर्णयुग लाने का दावा करने वाले ट्रंप को लोकतांत्रिक मूल्यों, दुनिया की सेहत और वैश्विक पर्यावरण संरक्षण से शायद कोई सरोकार नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन को दी जाने वाली बड़ी अमेरिकी मदद से हाथ पीछे खींचकर उन्होंने अपने मंसूबे जताए हैं। विश्व को ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध पेरिस जलवायु समझौते से भी किनारा कर उन्होंने अपने इरादे जाहिर किए हैं। जबकि जलवायु प्रभावों से पिछले दिनों लॉस एंजिल्स की भयावह आग ने अमेरिका के दरवाजे पर पिछले दिनों दस्तक दी है। वहीं दूसरी ओर तमाम आर्थिक मुश्किलों से जूझते व बेहतर भविष्य की तलाश में अमेरिका का रुख करने वाले प्रवासी उनके लिये दुश्मन नंबर वन हैं। जिनको रोकने के लिये अमेरिका की मैक्सिको सीमा पर आपातकाल की घोषणा कर दी है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार बनाना उनका महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। वे लाखों अवैध प्रवासियों को अमेरिका से खदेड़ने की बात बार-बार कहते हैं। वहीं अमेरिका फर्स्ट की नीति के चलते वे चीन समेत अन्य विकासशील देशों पर अंधाधुंध टैरिफ लगाकर मुनाफे का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में झुकाने पर अड़े हैं। यहां तक कि उन्होंने ब्रिक्स देशों को चेताया है कि यदि डॉलर के मुकाबले वैकल्पिक मुद्रा चलन में लाने का प्रयास किया गया तो वे भारत,रूस व चीन आदि पर सौ फीसदी टैरिफ लगाएंगे। ग्रीनलैंड पर कब्जे की मंशा के बयानों को लेकर यूरोपीय देशों में ट्रंप को लेकर खासी नाराजगी नजर आ रही है। मानवता के कल्याण को समर्पित डब्ल्यूएचओ की आर्थिक मदद बंद करने से यदि विश्व में फिर किसी महामारी की दस्तक होती है तो पूरी दुनिया में स्थितियां गंभीर होंगी। विश्व के सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र में यूं पूंजीवादी सोच व नीतियों का वर्चस्व बेहद चिंता की बात है। जो बाइडेन इस्राइल-हमास संघर्ष को फौरी तौर पर रोक तो गए हैं,लेकिन इसके लंबे समय तक थमे रहने के आसार कम ही हैं। वहीं ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध को भी रुकवाने की बात कर रहे हैं,लेकिन वे अपने यूरोपीय सहयोगियों को नाराज करके इसमें कितना कामयाब होते हैं, ये भविष्य के गर्भ में निहित है।

**ट्रंप जैसा अप्रत्याशित व अमेरिका फर्स्ट का जयकारा लगाने वाला राष्ट्रपति सत्तासीन हो, तो दुनिया सांसत में ही रहेगी। शपथ ग्रहण के बाद जिस तरह असहज करने वाले आदेश जारी किए गए, ये उसी की आहट है। विश्व स्वास्थ्य संगठन को अमेरिकी मदद से हाथ पीछे खींचकर उन्होंने अपने मंसूबे जताए हैं।**

प्रसंगवश

# खो-खो के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के प्रयास हों

भारत में पहली बार दुनिया में खो-खो की वैश्विक स्पर्धा हुई। जिसमें विश्व के दो दर्जन देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। पिछले दिनों नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पहले खो-खो वर्ल्ड कप की शुरुआत हुई। भारतीय महिला व पुरुष टीम ने नेपाल को हराकर खिताबी जीत हासिल की। महिला टीम ने




दक्षिणी अफ्रीका के खिलाफ बड़ी जीत से विजय अभियान की शुरुआत की थी, फाइनल मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने एक अरब चालीस करोड़ भारतीयों को खुश होने का अवसर दे दिया। लेकिन एक बात जरूर अखरती है कि इस वर्ल्ड चैंपियन टीम को कोई प्राइज मनी नहीं दी गई है। नई दिल्ली में आयोजित पहले खो-खो विश्व कप में महिला और पुरुष दोनों वर्ग में वर्ल्ड चैंपियन बनने पर केवल ट्रॉफी व खिलाड़ियों को मेडल ही दिए गए। भारतीय खो-खो फैडरेशन की दलील थी कि टैक्स कानून की जटिलताओं की वजह से कैश प्राइज नहीं दिए गए। कहा गया कि इससे विदेशी खिलाड़ियों को दिक्कत पैदा हो सकती थी। हालांकि, इस पहले खो-खो वर्ल्ड कप को पर्याप्त प्रायोजक भी मिले थे। ऐसे में पहली बार विश्व चैंपियन बनने वाले खिलाड़ियों को कैश प्राइज दिए जाने पर विचार किया जाना चाहिए था।

**नई दिल्ली में आयोजित पहले खो-खो विश्व कप में महिला और पुरुष दोनों वर्ग में वर्ल्ड चैंपियन बनने पर केवल ट्रॉफी व खिलाड़ियों को मेडल ही दिए गए। वर्ल्ड चैंपियन टीम को कोई प्राइज मनी नहीं दी गई है। निश्चित रूप से इस स्वदेशी खेल के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और इसे लोकप्रिय बनाने के लिये विशेष प्रयास किये जाने चाहिए।**

निश्चय ही हाल के वर्षों में भारतीय खो-खो फेडरेशन यानी केकेएफआई ने श्रम-साध्य प्रयास किए हैं। यह भारतीय खेल दुनिया के अनेक देशों में नहीं खेला जाता। इसे लोकप्रिय बनाने के लिये न केवल दूसरे देशों को प्रेरित किया गया बल्कि भारत से वहां इस खेल को सिखाने के लिये कोच भी भेजे गए। इन देशों में खो-खो फेडरेशन बनाने में सहयोग किया गया। जिससे दुनिया के विभिन्न देशों में इस खेल के प्रति दिलचस्पी पैदा हुई। निश्चित रूप से खो-खो ऐसा खेल है जिसको जीतने के लिये रणनीति के साथ चुस्ती-फुर्ती, गतिशीलता व सहनशक्ति की भी आवश्यकता होती है। जो इस खेल को लोकप्रिय बनाने में सहायक है। निस्संदेह, भारत में खो-खो लीग के प्रयासों से भी इस खेल को प्रोत्साहन मिला। इसे लोकप्रिय बनाने के लिये सलमान खान को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। खो-खो फेडरेशन की कोशिश है कि आने वाले वर्षों में इसे एशियाड व ओलंपिक खेलों में शामिल किया जाए। इस अभियान में सलमान खान के साथ खेल सितारे नीरज चोपड़ा का भी सहयोग मिला है। उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भारत की मिट्टी से जुड़ा यह खेल वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल करेगा। जरूरत इस बात की है कि इस खेल का प्रशिक्षण वैज्ञानिक तरीके से दिया जाए। तभी इस कामयाबी को भारतीय खिलाड़ी भविष्य में होने वाले एशियाड और ओलंपिक के मुकाबलों में दोहरा सकेंगे। इस खेल के लिये खिलाड़ियों की तलाश देश के आदिवासी, और पर्वतीय इलाकों में की जाए। फिर उन्हें तराशकर विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार किए जाएं।

# अमेरिका को दुनिया की 'बिटकॉइन महाशक्ति' बनाएंगे ट्रंप

अन्तर्राष्ट्रीय

**क्रिप्टो उत्साही, ट्रम्प के वादे पर भरोसा कर रहे हैं, कि वे अमेरिका को दुनिया की 'बिटकॉइन महाशक्ति' बनाएंगे। 'बिटबो' के डेटा के अनुसार, अमेरिका में 200,000 से अधिक बिटकॉइन हैं, जो लगभग 22 बिलियन डॉलर के बराबर है। इससे होने वाले हितों के टकराव को लेकर कई सवाल भी उठे हैं, कि क्या ट्रंप ने अपनी ताकत का दुरुपयोग अभी से शुरू कर दिया है?**

**- पुष्परंजन -**

डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका को दुनिया की 'बिटकॉइन महाशक्ति' बनाएंगे। बिटकॉइन भी वही सबसे विश्वसनीय, जिसे ट्रंप कुनबे ने लॉन्च किया हो। 'ट्रम्प मेमेकॉइन' के लॉन्च ने मुद्रा उद्योग के कई पावर ब्रोकर्स को चौंका रखा है। रविवार देर रात ट्रम्प परिवार ने दूसरा नया क्रिप्टो टोकन लॉन्च किया। इस टोकन का नाम है, 'डॉलर मेलानिया'। रविवार दोपहर तक बाज़ार में ट्रंप टोकन का कुल कारोबारी मूल्य लगभग 13 बिलियन डॉलर था, जो शपथ के सिर्फ़ दो दिनों के भीतर 29 बिलियन डॉलर में बदल चुका था। डेटा ट्रैकर, 'कॉइन गेक्को' के अनुसार, 'जारी किए गए 200 मिलियन टोकन में से प्रत्येक का मार्केट वैल्यू 64 डॉलर है।' क्रिप्टो मार्केट में ऐसी तेजी बरकरार रही, तो ट्रंप को दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक बना देगी।

क्रिप्टो कॉइन के कारोबार शुरू होने से पहले, फोर्ब्स ने ट्रंप की कुल संपत्ति 6.7 बिलियन डॉलर बताई थी। 'ट्रुथ सोशल' एक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म है, जिसका स्वामित्व 'ट्रम्प मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप' के पास है। यह प्रचार का कमाल है, कि क्रिप्टो में निवेश करने वाले लोगों को 'ट्रुथ सोशल' पर भरोसा होने लगा है। लेकिन, नए उद्यम से होने वाले हितों के टकराव को लेकर कई सवाल भी उठे हैं, कि क्या ट्रंप ने अपनी ताकत का दुरुपयोग अभी से शुरू कर दिया है? ट्रम्प ने शुक्रवार रात को नए टोकन, 'डॉलर ट्रम्प' के लॉन्च की घोषणा की। इस वेंचर को ट्रंप भक्तों ने इस संकेत के रूप में सराहा, कि डिजिटल मुद्राएं अब संयुक्त राज्य अमेरिका की मुख्यधारा में आ रही हैं। तो क्या ये डॉलर को भी रिप्लेस करेंगे?

नया डिजिटल सिक्का, जिसे 'मेमेकॉइन' के रूप में जाना जाता है, क्रिप्टो ट्रेडिंग के इतिहास में हाहाकारी साबित हो सकता है। 'मेमेकॉइन' एक प्रकार की क्रिप्टोकरेंसी है, जो किसी भी सेलिब्रिटी शुभंकर से जुड़ी होती है। सेलिब्रिटी को छोड़ दें, तो कुत्ते भी अब मेमेकॉइन के शुभंकर हैं। 2021 में पहले मेमेकॉइन में से एक, डॉग-आधारित डिजिटल मुद्रा था, जिसे 'डॉगकॉइन' कहा जाता है। इस डिजिटल मुद्रा ने



रातों-रात करोड़पति बनाए, लेकिन उतनी ही जल्दी इसने अपना मार्केट वैल्यू खो दिया।

मेमेकॉइन के मामले में सच है, कि उसकी कीमतों में तेजी से उतार-चढ़ाव होता है। मेमेकॉइन की कीमतें अलग-अलग प्लेटफ़ॉर्म पर अलग-अलग हो सकती हैं, जिससे किसी सिक्के का वास्तविक मूल्य निर्धारित करना मुश्किल हो जाता है। नई क्रिप्टोकरेंसी की कीमत अक्सर बहुत बढ़ जाती है, लेकिन जब सिक्के के धारक उसे बेचना शुरू करते हैं, तो वे गिर जाते हैं। ट्रम्प यह सब तुरंत नहीं करेंगे, पहले 'डॉलर मेलानिया' और 'ट्रंप मेमेकॉइन' की कीमतों को बुलंदी पर ले जायेंगे। ट्रंप के पांच बेटों में से एक ली रेनर्स, दूसरे एरिक ट्रम्प, क्रिप्टो करेंसी कारोबार में आगे आ चुके हैं।

नवंबर में पेंसिल्वेनिया के प्रतिनिधि सभा में पेश किए गए एक विधेयक में राज्य के कोषाध्यक्ष और सार्वजनिक पेंशन फंड को बिटकॉइन में निवेश करने के लिए अधिकृत करने की मांग की गई थी। लेकिन, सबलोग इसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं। 'नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ स्टेट रिटायरमेंट एडमिनिस्ट्रेटर' के शोध निदेशक, कीथ ब्रेनार्ड ने कहा, कि हमें उम्मीद नहीं है कि कई सार्वजनिक पेंशन फंड निवेश पेशेवर, जो लगभग 6 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति की देखरेख करते हैं, क्रिप्टो में निवेश करेंगे। क्रिप्टो में निवेश के साथ जोखिम लेना कौन पेंशनर चाहेगा? लुइसियाना के कोषाध्यक्ष जॉन फ्लेमिंग ने कहा, 'मेरी चिंता यह है कि किसी समय यह बढ़ना बंद हो जाएगा, और फिर लोग इसे भुनाना चाहेंगे।' विरोधाभासी स्थिति में अमेरिका के बाकी राज्य क्रिप्टो करेंसी को कितना स्वीकार करते हैं, उस सूरतेहाल को समझने में समय लग सकता है।

चुनाव अभियान के दौरान, ट्रम्प ने देश के लिए एक 'रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व' बनाने का विचार पेश किया था, जो हाल के वर्षों में अल सल्वाडोर की पहल के समान है। अल सल्वाडोर बिटकॉइन को लीगल टेंडर के रूप में उपयोग करने वाला दुनिया का पहला देश, 2021 में बन गया।

इस समय, भारत में रुपये का जो हाल डॉलर के मुकाबले है, वैसा ही कुछ अल सल्वाडोर में हो रहा था। इस निर्णय ने एक बड़ी आबादी की क्रय शक्ति को कम कर दिया। तो क्या भारत भी उसी राह पर अग्रसर है? 2020 में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने क्रिप्टोकरेंसी पर से प्रतिबंध हटा दिया था, जिसे भारतीय रिजर्व बैंक ने 2018 में लगाया था। यों, भारत ने अभी तक क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक स्पष्ट नियामक ढांचा नहीं अपनाया है। 2022 में, क्रिप्टोकरेंसी कैपिटल गेन पर 30 प्रतिशत कर लगाया गया था। इसलिए, मानकर चलें कि इसे वैध स्वीकार करने के रास्ते मोदी सरकार ने चुपचाप खोल दिये। डेटा ट्रैकर, 'कॉइन गेक्को' के अनुसार, 'क्रिप्टोकरेंसी वर्तमान में 119 देशों और चार ब्रिटिश ओवरसीज क्षेत्रों में सशर्त वैध है।' क्रिप्टो करेंसी क्या आतंकियों और क्रिमिनल्स के पेमेंट का भी जरिया है? इस सवाल पर इसे प्रोमोट करने वाले शासन प्रमुख चुप मिलेंगे!

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

# पशुपालकों के लिए वैज्ञानिक नीति समय की मांग

राष्ट्रीय

**आंकड़े गवाह हैं कि मवेशी कम होते जा रहे हैं, लेकिन दूध की खपत बढ़ती ही जा रही है। पशुधन गणना 2019 की रिपोर्ट में देसी मवेशियों के संख्या 26 फीसदी घटी है। दूसरी ओर कई राज्यों में नकली दूध के कारोबार होने का पर्दाफाश हुआ है और लाखों लीटर नकली दूध बरामद हुआ है। यानी दूध की मांग की तुलना में आपूर्ति न होने के कारण भी नकली दूध का कारोबार बढ़ा है।**

**- सुभाष चंद्र कुशवाहा -**

केंद्र सरकार के थिंक टैंक नीति आयोग की ओर से जारी श्वेतपत्र के अनुसार, 1973 में प्रति व्यक्ति दूध का उत्पादन 110 ग्राम था, जो 2022 में बढ़कर 477 ग्राम पहुंच गया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दुग्ध उत्पादन 2023-24 में लगभग चार प्रतिशत से बढ़कर 23.9 करोड़ टन तक पहुंच गया है और 2007, 2012 और 2019 के पशु सर्वेक्षण बताते हैं कि देसी गायों की संख्या में 10 प्रतिशत की ही बढ़ोतरी हुई है, जबकि विदेशी या संकर नस्ल की गायों की संख्या में 76 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

लोकसभा में दी गई जानकारी के मुताबिक, दुधारू मवेशियों की संख्या बढ़ने से दूध उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय मंत्री द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, गायों की संख्या 19.09 करोड़ से बढ़कर 19.30 करोड़ हो गई है। देखा जाए तो भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यह कोई विशेष वृद्धि नहीं कही जा सकती है। दूसरी ओर पशुपालन, दुग्ध और मत्स्य विभाग के आंकड़े बताते हैं कि 1987 में 19.97 करोड़ गाय-बैल थे, जो 2019 में घटकर 19.25 करोड़ रह गए।

एक ओर ये आंकड़े हैं, तो दूसरी ओर भारत के ज्यादातर राज्यों में नकली दूध के बड़े पैमाने पर कारोबार होने का पर्दाफाश हुआ है और छापेमारी में लाखों लीटर नकली दूध बरामद हुआ है। दिल्ली से सटे बुलंदशहर में हाल ही में नकली दूध, घी और पनीर बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़ हुआ है, जहां चार हजार लीटर सिंथेटिक दूध और ढाई हजार किलो पनीर बरामद हुआ है। छत्तीसगढ़ के रायपुर-बिलासपुर संभाग में नकली दूध, घी के कारोबार के समाचार व्यापक पैमाने पर



मिल रहे हैं। तिरुपति मंदिर के लड्डू में नकली घी के इस्तेमाल का मामला प्रकाश में आ चुका है। यानी दूध की मांग की तुलना में आपूर्ति न होने के कारण भी नकली दूध का कारोबार बढ़ा है। नकली दूध की जांच हेतु नमूने भी लिए गए हैं। राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने विगत वर्ष संसद में बताया था कि देश के विभिन्न प्रदेशों में नकली दूध के कारोबार को नियंत्रित करने के लिए आंध्र प्रदेश में 6,319, बिहार में 2,806, छत्तीसगढ़ में 1,373, दिल्ली में 3,412, उत्तर प्रदेश में 27,750 और महाराष्ट्र में 5,087 नमूने लिए गए थे। अपने यहां दुग्ध उत्पादन के बारे में जो आंकड़े पेश किए जा रहे हैं, वे जरूरत के मुताबिक नहीं हैं।

देसी नस्ल के मवेशियों को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसी योजनाओं के बावजूद, देश में देसी गायों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। पशुधन गणना 2019 की अंतरिम रिपोर्ट के मुताबिक देश में देसी मवेशियों की संख्या गिरकर 13.98 करोड़ रह गई है।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 2012 में हुई पिछली पशुधन गणना की तुलना में इस बार देसी मवेशियों संख्या में 7.5 फीसदी की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। 1992 में देसी मवेशियों की संख्या 18.93 करोड़ थी, जो 2012 में घटकर 15.11 करोड़ रह गई।

कृषि का कार्य मशीनों से लिए जाने के कारण बैल अनुपयोगी हो चुके हैं। ऐसे में किसानों के लिए बैल बोझ बन जाने के कारण, सड़कों पर आवारा घूमने को विवश हैं और दुर्घटनाओं में मारे जा रहे हैं। एक यह भी कारण है जिससे, नर पशुओं की संख्या में तेजी से कमी आ रही है।

1992 में नर मवेशियों की संख्या 10.16 करोड़ थी, जो 2019 की गणना के मुताबिक घटकर 4.66 करोड़ ही रह गई है। दूसरी ओर चरागाहों के खत्म हो जाने और नई पीढ़ी द्वारा खेती-किसानी, पशुपालन से किनारा कर लेने की प्रवृत्ति ने भी गाय और दुग्ध उत्पादन को प्रभावित किया है। गोधन संवर्धन संकट में है। किसानों के लिए गाय पालन मुनाफे का रोजगार बनाए बिना इसको बढ़ाया नहीं जा सकता है। इसलिए जरूरत है कि गायों के पालने, उनके संचरण और बिक्री को भयमुक्त और लाभप्रद बनाने की एक वैज्ञानिक नीति लागू हो, जिससे पशुधन में वृद्धि हो सके। इसके साथ ही पशुपालकों को भी इस दिशा में सोचना होगा।

## SUDOKU 23

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | 8 | | 5 | | | |
| 1 | | | | | | | 2 | |
| | 4 | 5 | | | 2 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| | | 9 | | | | 3 | | |
| | | | | | 7 | | | 4 |
| 9 | 5 | 7 | 3 | | | 2 | 1 | |
| | 8 | | | | | | | 6 |
| | | | 1 | | 8 | 4 | | |

## SOLUTIONS 22

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 2 |
| 6 | 2 | 5 | 9 | 4 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 9 | 3 | 7 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 1 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 3 | 9 | 1 | 5 | 6 | 7 |
| 5 | 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन सराहा जाएगा। परिवार का सानिध्य मिलेगा।

**वृषभ :** आज का दिन धन से जुड़े मामलों में सतर्कता बरतने का है। किसी नई योजना पर विचार करेंगे, लेकिन किसी अनुभवी से सलाह लेना फायदेमंद होगा।

**मिथुन :** आज का दिन मित्रों और रिश्तेदारों के साथ बिताने का है। कार्यक्षेत्र में नए अवसर प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी रखें।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए मानसिक शांति लाएगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी नेतृत्व क्षमता की सराहना की जाएगी। परिवार में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**कन्या :** आज आपको पुराने दोस्तों से मिलने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन आप सफलता प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**तुला :** आज का दिन संतुलन बनाए रखने का है। काम और परिवार के बीच तालमेल बैठाना जरूरी होगा। धन के मामले में अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक :** आज आपको अपने विचारों और योजनाओं को स्पष्टता से प्रस्तुत करना होगा। कार्यक्षेत्र में नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो सकता है। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए नए अवसर लेकर आएगा।सकारात्मक सोच और मेहनत का फल मिलेगा। धार्मिक स्थल पर जाने की योजना बन सकती है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए वित्तीय रूप से लाभदायक रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का फल मिलेगा। परिवार में सुखद माहौल रहेगा।

**कुंभ :** आज का दिन रचनात्मक गतिविधियों में व्यतीत होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिभा की सराहना होगी। परिवार के साथ समय बिताना लाभकारी रहेगा। संयम से काम लें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए नई प्रेरणा लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। परिवार के साथ संबंध मधुर होंगे। मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाए रखें।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत :** 23 जनवरी 2025 दिन गुरुवार माघ मास कृष्ण पक्ष नवमी तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1946।

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सूर्य मकर राशि में चंद्र तुला राशि में मंगल मिथुन राशि में बुध धनु राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र कुंभ राशि में शनि कुंभ राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा।

**सूर्य उदय कालीन नक्षत्र विचार**

सुबह प्रातः काल तुला राशि का नक्षत्र विशाखा का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा प्रातः 10.00 बजे तुला राशि का नक्षत्र विशाखा का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा दोपहर 4.30 तुला राशि का नक्षत्र विशाखा का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा रात्रि 11.00 वृश्चिक राशि का नक्षत्र विशाखा का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और उसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा।

**योग :** गंड। **करण :** गर।

**चौघड़िया, गुरुवार**

सुबह 6.00 से 7.30........................................शुभ
सुबह 7.30 से 9.00........................................ रोग
सुबह 9.00 से 10.30...................................... उद्वेग
सुबह 10.30 से 12.00.................................... चर
दोपहर 12.00 से 1.30.................................... लाभ
दोपहर 1.30 से 3.00...................................... अमृत
दोपहर 3.00 से 4.30......................................काल
शाम 4.30 से 6.00........................................ शुभ

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रातः 6.00 से | विशाखा | प्रथम | रजत | तुला | ती |
| प्रातः 10.00 | विशाखा | द्वितीय | रजत | तुला | तू |
| दोपहर 4:30 | विशाखा | तृतीय | रजत | तुला | ते |
| रात्रि 11.00 | विशाखा | चतुर्थ | रजत | वृश्चिक | तो |

**राहुकाल :** दोपहर 1.30 से 3 बजे तक रहेगा।
**दिशाशूल :** दक्षिण दिशा में रहेगा।
**खरीदारी का उचित समय :** दोपहर 12 से 1.30 बजे तक रहेगा।
**आराधना का मंत्र :** ऊं क्रीं ह्रुं ह्रीं हूँ फट् ऊं क्रीं क्रीं।।

**पं. अरविंद तिवारी**

जीवन दर्शन

# बहुविध विचारों का संगम है कुंभ

म शाश्वत परंपराओं का संगम, जहां कुंभ के आयोजन की पुण्यभूमि प्रयाग की महिमा अकथनीय है। गंगा-यमुना के संगम का पुरातनतम निर्देश ऋग्वेद (10/75) में है - सितासिते सरिते यत्र संगते पत्राप्लुतासो दिवमुत्पतन्ति। ये वै विसृजन्ति धीरास्ते जनासो अमृतत्वं भजन्ते।। - जो लोग श्वेत यानी गंगा और कृष्ण यानी यमुना, इन दो नदियों के मिलन-स्थल संगम पर स्नान करते हैं, वे अमृत (मोक्ष) प्राप्त कर लेते हैं। जगत्कर्ता ब्रह्मा ने यहां यज्ञ किया था, इसी से यह क्षेत्र प्रयाग कहलाया। संगम का पुरातन वर्णन वाल्मीकि-रामायण में है। भगवान श्रीराम ने माता सीता और अनुज लक्ष्मण को प्रयाग की महिमा बताई थी। पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा प्रशंसित होने पर पुण्यभूमि प्रयाग को तीर्थराज की उपाधि मिली। प्रयाग में गंगा, यमुना एवं सरस्वती नदियों के मिलन से यह त्रिवेणी हो गया। ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश्वर प्रयाग में सदा विराजते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीरामचरितमानस में लिखा है - को कहि सकइ प्रयाग प्रभाऊ, यानी प्रयाग का प्रभाव (महत्ता) कौन कह सकता है! कुंभ में केवल अगाध जलराशि का ही संगम नहीं होता, बल्कि बहुविध विचारों का संगम भी होता है। इसमें ज्ञान, वैराग्य व भक्ति के वाहक साधु-संतों की अद्भुत त्रिवेणी सृजित होती है। शैवों और वैष्णवों के साथ ही विभिन्न सगुणी और निर्गुणी संतों द्वारा किए जाने वाले स्नान और अनुष्ठान लोगों को सहज ही सम्मोहित और प्रभावित करते हैं। भारत रत्न डॉ. पांडुरंग वामन काणे ने धर्मशास्त्र के इतिहास में लिखा है कि तीर्थों से संबंधित परंपराओं, तीर्थयात्रियों की संयमशीलता, पवित्र व दार्शनिक लोगों के समागम व तीर्थों के वातावरण ने तीर्थयात्रियों को उच्च आध्यात्मिक स्तर पर अवस्थित किया है। इससे उनके मन में ऐसी श्रद्धा-भक्ति की भावना भर उठती थी, जो तीर्थयात्रा से लौटने के उपरांत भी दीर्घकाल तक उन्हें अनुप्राणित किए रहती थी।



## संक्षिप्त खबरें

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

**विसं, भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बुधवार को मंत्रालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य सचिव ने समिट के सफल आयोजन एवं समन्वय के लिए अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित करने के निर्देश दिये। समिति में लोक निर्माण, उद्योग, नगरीय प्रशासन, पर्यटन एवं ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव सदस्य होंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि समिट के दौरान स्थायी प्रकृति के कार्य भी किये जायें, जिसमें खर्च की पुनरावृत्ति नहीं हो सकेगी। आमंत्रित अतिथि प्रदेश एवं विशेषकर भोपाल एवं आसपास की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को समझ सकें ऐसी व्यस्थाएँ की जाये। स्वच्छ एवं हरित भोपाल की अवधारणा पर कार्य किया जाये। बैठक में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों के लिए प्रधानमंत्री के प्रोटोकाल, इंदौर-भोपाल एयरपोर्ट की व्यवस्थाएं, स्टेट हेंगर, चार्टर्ड प्लेन, मीडिया प्लान, आमंत्रित अतिथियों की सूची, यातायात व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट सहित अतिथियों के ठहरने की व्यवस्था आदि की जानकारी दी गयी।

**एसीएस की अगुवाई में बनेगी समिति**

### शराबबंदी के फैसले पर सीएम की उमा भारती ने की सराहना

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के धार्मिक नगरों में सरकार पूर्ण शराबबंदी का फैसला लेने की तैयारी में है। पूर्व सीएम उमाभारती ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के इस फैसले की तारीफ करते हुए निर्णय का समर्थन किया है। पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मध्यप्रदेश की मोहन सरकार के द्वारा धार्मिक शहरों को पूर्ण शराब बंदी अभूतपूर्व निर्णय है। इसके लिए मोहन यादव का अभिनंदन। दो साल पहले हमारी सरकार द्वारा घोषित की गई शराब पर प्रतिबंध नीति बहुत ही जनहितकारी एवं व्यावहारिक थी। हम पूर्ण शराबबंदी की ओर बढ़ रहे थे। यह पूर्ण शराबबंदी की दिशा में एक और कदम है। उमा भारती के पोस्ट पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जवाब देते हुए लिखा कि आदरणीय दीदी प्रणाम,प्रदेश के धार्मिक शहरों में पूर्ण शराबबंदी का निर्णय सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है।इससे ने केवल धार्मिक श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान होगा,बल्कि समाज को भी सकारात्मक दिशा मिलेगी। आपके आशीर्वचन के लिए धन्यवाद।

### मतदाता दिवस की शपथ कल

**भोपाल।** मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ 24 जनवरी सुबह 11 बजे दिलायी जाएगी। पूर्व में यह शपथ 25 जनवरी को होना थी किंतु 25 जनवरी को शासकीय अवकाश होने से यह परिवर्तित की गयी है। इसमें देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली जायेगी।

### संघ ज्वाइन न करने पर प्रताड़ित करने वालों पर कार्रवाई की जाए : हाईकोर्ट

**जागरण, जबलपुर।** आरएसएस ज्वाइन न करने पर कथित अत्याचार का सामना कर रहे एक अतिथि शिक्षक की पीड़ा समझकर विधि अनुसार कार्रवाई के आदेश हाईकोर्ट ने सीधी के पुलिस अधीक्षक को दिए हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मामले का निराकरण करते हुए कार्रवाई के लिए एसपी को सात दिनों का समय दिया है। सीधी जिले के मझौली में स्थित शासकीय ऑर्ट्स एण्ड कॉमर्स कॉलेज के अतिथि शिक्षक डॉ. रामजस चौधरी की ओर से यह याचिका दायर की गई थी। आवेदक का आरोप था कि कॉलेज के अधिकारियों द्वारा उसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को ज्वाइन करने दवाब बनाया जा रहा है।

# फिर सवर्ण के ही भाजपाध्यक्ष होने की संभावना

## बीते 19 साल से सवर्ण ही बने हैं भाजपाध्यक्ष, सीएम के विदेश जाने से पहले हो सकती है घोषणा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा का अगला अध्यक्ष कौन होगा, इसके लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है। ऐसा माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विदेश उड़ने से पहले प्रदेश अध्यक्ष का एलान हो जाएगा। सूत्रों का दावा है कि अध्यक्ष की कुर्सी के लिए भले ही कई दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं, लेकिन लगभग यह तय है कि सवर्ण नेता ही इस कुर्सी पर बैठेगा। मध्यप्रदेश भाजपा संगठन पर नजर डालें, तो तकरीबन 19 साल से इस कुर्सी पर सवर्ण नेता ही बैठा है। इसकी वजह जातिगत समीकरण माना जा रहा है। इस बार भी ऐसी स्थिति बन रही है कि किसी सवर्ण नेता को ही एक बार फिर से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। हालांकि अनुसूचित जनजाति वर्ग से भी किसी नेता को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा जोर पकड़े हुए है। लेकिन सवर्ण नेताओं पर ही ज्यादा फोकस हो सकता है।

**इन नेताओं के नाम चर्चा में**

- डॉ.नरोत्तम मिश्रा
- कैलाश विजयवर्गीय
- संजय पाठक
- फग्गन सिंह कुलस्ते
- हिमाद्री सिंह



**पिछले 19 साल में ये रहे प्रदेशाध्यक्ष**

- नरेन्द्र सिंह तोमर 22 नवंबर 2006 से 7 मई 2010
- प्रभात झा 8 मई 2010 से 15 दिसंबर 2012
- नरेन्द्र सिंह तोमर 16 दिसबंर 2012 से 16 अगस्त 2016
- नंदकुमार सिंह चौहान 4 जनवरी 2014 से 4 जनवरी 2016
- नंदकुमार सिंह चौहान 4 जनवरी 2016 से18 अप्रैल 2018
- राकेश सिंह 18 अप्रैल 2018 से15 फरवरी 2020
- विष्णुदत्त शर्मा 15 फरवरी 2020 से निरंतर

### 25 से शुरू हो सकती है प्रक्रिया

मध्यप्रदेश भाजपा को लेकर निर्वाचन की प्रक्रिया 25 जनवरी से शुरू हो सकती है। ऐसी खबर है कि प्रदेश चुनाव अधिकारी बनाए गए केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान 25 जनवरी को भोपाल आएंगे। इसी दिन राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश के अलावा दूसरे बड़े नेता भी भोपाल में मौजूद रहेंगे। इसी दिन नए जिलाध्यक्षों को भी भोपाल बुलाया गया है। बैठक के बाद सभी जिलाध्यक्ष उसी दिन वापस लौट जाएंगे,जिससे वे 26 जनवरी को अपने जिला कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहरा सके।

### सवर्ण ही क्यों

जानकारों का कहना है कि मध्यप्रदेश में सवर्ण मतदाताओं की संख्या काफी है। इनमें ब्राह्मण वर्ग का मतदाता लगभग हर विधानसभा में खासा वर्चस्व रखता है। कई विधानसभा सीटों पर इनके वोट से जीत हार का फैसला निर्भर करता है। ऐसे में शीर्ष नेतृत्व इस वर्ग को अपने साथ रखने के लिए ब्राह्मण नेता को फिर से प्रदेशाध्यक्ष की कुर्सी पर बैठा सकता है।

### क्षेत्रीय और जातिगत समीकरण अहम

भाजपा की राजनीति की नब्ज समझने वालों का मानना है कि पार्टी के अगले प्रदेश मुखिया के चयन के संबंध निर्णयकर्ता राज्य से क्षेत्रीय और जातीय समीकरण को अनदेखा नहीं कर पाएंगे। मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष बुंदेलखंड में आने वाले खजुराहो संसदीय सीट से सांसद हैं, लेकिन वे मूल रूप से ग्वालियर चंबल संभाग से आते हैं। यहां से अध्यक्ष पद पर नरेन्द्र सिंह तोमर दो कार्यकाल पूरा कर चुके हैं और वर्तमान में विधानसभाध्यक्ष हैं। ऐसे में नया अध्यक्ष इस क्षेत्र से होगा, इस पर संशय है। इसी तरह मालवा से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खुद हैं, तो विंध्य क्षेत्र से राजेन्द्र शुक्ल उपमुख्यमंत्री के तौर पर सरकार का हिस्सा हैं। ऐसे में निमाड़, महाकोशल पर नजर रखी जा सकती है। हालांकि शीर्ष नेतृत्व की चली तो एक बार फिर से ग्वालियर चंबल क्षेत्र से प्रदेश को भाजपा का अध्यक्ष मिल सकता है। फैसला लेने वालों ने जब मध्यप्रदेश सरकार का गठन किया जा रहा था, तब भी क्षेत्रीय और जातिगत समीकरण का ध्यान रखा था। 31 सदस्यों वाले मंत्रिमण्डल में सभी जातियों को खुश करने की कोशिश की गई थी। मोहन कैबिनेट में सीएम सहित 12 ओबीसी मंत्री हैं। 5 अनुसूचित जाति वर्ग के तो चार अनुसूचित जनजाति वर्ग के विधायकों को मंत्री बनाया गया है। पांच महिलाओं को भी मंत्री पद पर बैठाया गया है।

# नीट पीजी काउंसलिंग: दूसरे राउंड में 1180 सीटों के लिए 4034 दावेदार

## कट ऑफ कम होने से बढ़ गई उम्मीदवारों की संख्या, 29 को होगा सीट अलॉटमेंट

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** नीट पीजी स्टेट लेवल काउंसलिंग में दूसरा राउंड चल रहा है। बुधवार को चिकित्सा शिक्षा संचालनालय मप्र ने खाली सीटों की संख्या और इनके विरुद्ध उम्मीदवारों का ब्यौरा जारी कर दिया। डीएमई की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक दूसरे राउंड में एमडी-एमएस की कुल रिक्त सीटों की संख्या 1180 है। जबकि इन सीटों पर प्रवेश पाने के दावेदार 4034 हैं। पहले राउंड के मुकाबले दूसरे राउंड में उम्मीदवारों की संख्या बढ़ी है। ऐसा इसलिए क्योंकि केंद्र ने क्वालीफाइंग मार्क्स यानी के कट ऑफ को घटा दिया है। कट ऑफ कम होने से दूसरे राउंड में करीब 997 नए उम्मीदवार जुड़ गए हैं। संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि रिक्त सीटों की संख्या जारी कर दी है। अब 23 से 26 जनवरी तक रजिस्टर्ड उम्मीदवार च्वाइस फिलिंग और सीट लॉकिंग कर सकेंगे। इसके बाद 29 जनवरी को सीटों का अलॉटमेंट किया जाएगा।

**काउंसलिंग फैक्ट**

| | |
|---|---|
| खाली सीटें | 1180 |
| योग्य उम्मीदवार | 4034 |
| निजी कॉलेज | 08 |
| सरकारी कॉलेज | 12 |
| इन सर्विस के लिए सीटें | 387 |
| ओपन कैटेगरी | 676 |
| एनआरआई कोटा | 117 |



"नीट पीजी कीर दूसरे राउंड के लिए रिक्त सीटों की जानकारी सार्वजनिक कर दी गई है। शेड्यूल के मुताबिक सीटों का अलॉटमेंट किया जाएगा।
■ डॉ. एके श्रीवास्तव, डीएमई

### 1180 में से क्लीनिकल विषय की 800 सीटें खाली

काउंसलिंग के दूसरे राउंड में कुल 1180 सीटों में से 800 सीटें क्लीनिकल विषय की हैं। जबकि नॉन क्लीनिकल विषय की 380 सीटें खाली हैं। निजी मेडिकल कॉलेजों में क्लीनिकल विषय की सीटों की संख्या अधिक हैं, यहां 547 क्लीनिकल सीटें रिक्त हैं। जबकि सरकारी मेडिकल कॉलेज में इन सीटों की संख्या 253 है। वहीं बात करें नॉन क्लीनिकल विषय की कुल रिक्त सीटों की तो इनकी संख्या 380 है। निजी कॉलेजों में 194 और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 186 नॉन क्लीनिकल विषय की सीटें खाली हैं।

### पहले राउंड में 504 छात्रों ने लिया प्रवेश

काउंसलिंग के पहले चरण में 504 अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया है। इनमें से 94 उम्मीदवार ऐसे हैं, जो अपनी च्वाइस और प्रवेश से संतुष्ट हैं। जबकि 410 उम्मीदवारों ने दूसरे राउंड की काउंसलिंग में सीट या कॉलेज बदलने के लिए अपग्रेडेशन का विकल्प चुना है। आपको बता दें कि काउंसलिंग के पहले चरण में कुल 1668 सीटें थी। इनमें से 836 सीटों का अलॉटमेंट किया गया था। इन 836 सीटों पर महज 504 प्रवेश हुए हैं। शेष सीटें खाली रह गईं। जिन्हें दूसरे राउंड की सीटों में जोड़कर डीएमई ने बुधवार को जारी किया है।

### एनआरआई उम्मीदवारों को नहीं होगा आवंटन

काउंसलिंग के दूसरे राउंड में एनआरआई उम्मीदवारों ने भी रजिस्ट्रेशन कराया है। जिनका नाम भी मेरिट लिस्ट में है, लेकिन यहां संचालनालय ने दूसरे राउंड के लिए एनआरआई श्रेणी के उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित कर दिया है। इन्हें फिलहाल सीटों का अलॉटमेंट नहीं होगा। अधिकारियों का कहना है कि एनआरआई कोटा की काउंसलिंग के पहले चरण में जो गड़बड़ी सामने आई है, पहले उसकी जांच हो जाए और मामला स्पष्ट हो जाए। उसके बाद ही एनआरआई की काउंसलिंग को आगे बढ़ाया जाएगा।

**सरकारी से ज्यादा निजी कॉलेजों में सीटें खाली**

काउंसलिंग के दूसरे चरण में कुल रिक्त सीटों में निजी मेडिकल कॉलेजों की सीटें अधिक हैं, जबकि सरकारी कॉलेज की कम। प्रदेश के आठ निजी मेडिकल कॉलेजों में कुल 741 सीटें खाली हैं। इनमें ओपन कैटेगरी के लिए 378 और इन सर्विस कोटा के लिए 246 सीटें हैं। जबकि एनआरआई कोटा के लिए 117 सीटें बची हुई हैं। यहां उल्लेखनीय है कि एनआरआई छात्रों के लिए काउंसलिंग की अलग प्रक्रिया चल रही है। अब बात करें मप्र के 12 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में रिक्त सीटों की संख्या 439 है। इसमें ओपन कैटेगरी में 298 और इन सर्विस कोटा में 141 सीटें खाली हैं।

# सौरभ शर्मा केस: ईडी करेगी छह गांवों का रिकॉर्ड तलब

## त्रिशूल कंस्ट्रक्शन के साथ कनेक्शन की होगी जांच

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त, आयकर और ईडी के छापों के बाद चर्चा में आए परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के ठिकानों से बरामद संपत्ति के दस्तावेजों को लेकर ईडी अब भोपाल के आस-पास स्थित छह गांवों का रिकॉर्ड तलब करने जा रही है। सौरभ शर्मा के यहां छापों के दौरान बरामद प्रॉपर्टी के कई कागजात अन्य नामों से भी मिले हैं। इनकी पूरी पड़ताल के लिए रिकॉर्ड तलब किया जाएगा। ईडी इसके अलावा हाल ही में आयकर छापों के बाद चर्चा में आए राजेश शर्मा की त्रिशूल कंस्ट्रक्शन के साथ सौरभ के बिजनेस कनेक्शन की जांच भी करेगा। दोनों छापों के दौरान ये समानता देखने को मिली है कि सौरभ शर्मा और राजेश शर्मा के ठिकानों से भोपाल से सटे गांवों की बेशकीमती जमीनों की खरीद-फरोख्त के दस्तावेज मिले हैं। अब ईडी को यह शक है कि सौरभ और राजेश का आपस में बिननेस कनेक्शन रहा है। ईडी से जुड़े सूत्रों के अनुसार मेंढोरा-मेंढोरी, बरखेड़ा नाथू, बरखेड़ी बाजयाफ्त, निपानिया, रोलूखेड़ी समेत लगभग आधा दर्जन गावों का रिकॉर्ड तलब किया जाएगा। सौरभ शर्मा और राजेश शर्मा के यहां छापों में भोपाल शहर से सटे इन्हीं गावों में जमीनों की खरीदी-बिक्री के कागजात मिले हैं। फिलहाल करोड़ों की संपत्ति के इन दस्तावेजों के जरिए ईडी सौरभ और राजेश शर्मा के बिजनेस कनेक्शन को खंगाल रही हैं। इसके साथ ही ईडी इन जमीनों की असली वैल्यू भी पता लगाने में जुटी है क्योंकि दस्तावेजों में काफी कम कीमत पर जमीनों की रजिस्ट्री कराई गई है, जबकि बाजार भाव इससे कहीं ज्यादा है। इसके चलते सरकार को भी करोड़ों के राजस्व का नुकसान हुआ है।





### जांच एजेंसियों के हाथ नहीं लगा सौरभ

19 दिसंबर को लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ के भोपाल में अरेरा कॉलोनी स्थित निवास पर छापा मारा था। लोकायुक्त पुलिस को यहां से करोड़ों की संपत्ति और लेन-देन के कागजात मिले। इस छापे के अगले दिन ही अलसुबह आयकर विभाग और पुलिस की ने रातीबड़ इलाके में एक फार्म हाउस में खड़ी इनोवा से 52 किलो सोना और लगभग 10 करोड़ नगद बरामद किए थे, इसका कनेक्शन सौरभ शर्मा से ही जोड़ा गया था।

# विधायक की कंपनियों की जांच शुरू

## भोपाल, कटनी, जबलपुर में सहारा समूह की जमीनें औने-पौने दाम पर खरीदने का मामला

**भोपाल।** राजधानी भोपाल समेत जबलपुर और कटनी में सहारा समूह की जमीन खरीदी के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने जांच शुरू कर दी है। कटनी जिले के विजयराघवढ़ से बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री संजय पाठक से जुड़ी कंपनियों ने ये जमीनें औने-पौने दाम पर खरीदी थीं। बुधवार को ईओडब्ल्यू ने इस मामले में पीई (प्राथमिक जांच) दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने इस मामले पर विगत दिनों भोपाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान करोड़ों रुपए की गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगाए थे। यादव ने कटनी जिले के विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय पाठक पर भोपाल, जबलपुर और कटनी में सहारा समूह की 310 एकड़ जमीन बाजार 1000 करोड़ के बजाय केवल 90 करोड़ में खरीदने के आरोप भी लगाए थे। अपने आरोपों के समर्थन में यादव ने दस्तावेज भी पेश किए थे।



यह है मामला: सपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव के मुताबिक 2014 में सुप्रीम कोर्ट और सेबी ने सहारा समूह को निवेशकों की जमा रकम लौटाने के लिए राशि लौटाने के लिए समूह की संपत्तियां बेचने की अनुमति दी थी। अदालती आदेश के तहत इन जमीनों की बिक्री जिलों में लागू गाइडलाइन की दर से 90 प्रतिशत से कम नहीं सकती थी। इसके साथ ही प्रॉपर्टी बेचने की अनुमति इसी शर्त के साथ मिली थी कि जमीन का खरीदार अपना पैसा सीधे सेबी-सहारा के बैंक ऑफ इंडिया की मुंबई में स्थित बांद्रा शाखा में ही जमा कराएगा। आदेश के अनुसार इन जमीनों को बेचने के बाद आई रकम सहारा इंडिया रियल एस्टेट लिमिटेड, सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कार्पोरेशन और निजी शेल कंपनियों के खातों में जमा कराई गई। गौरतलब है कि सहारा की जमीन के ये सभी सौदे कथित तौर पर संजय पाठक से जुड़ी सिनाम रियल एस्टेट और नायसा देवबिल्ड कंपनियों के नाम से किए गए हैं। ईओडब्ल्यू में इस संबंध में आशुतोष दीक्षित नामक व्यक्ति ने लिखित शिकायत भी की थी। इसके बाद अब ईओडब्ल्यू इन दोनों कंपनियों के संचालकों के साथ सहारा इंडिया रियल स्टेट कार्पोरेशन, सहारा हाउसिंग कार्पोरेशन इन्वेस्टमेंट समूह के अधिकारियों और कर्मचारियों और संबंधित राजस्व अफसरों की भूमिका की जांच करेगा। इस मामले में प्राथमिक जांच दर्ज होने के बाद सपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव ने मांग उठाई है कि इन सभी जमीनों की रजिस्ट्री रद्द कर सभी आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की जाए। इसके साथ ही ये भी सुनिश्चित हो कि सहारा समूह की जमीनों को केवल ऑक्शन के जरिए ही नीलाम किया जाए।

### नौकरी से निकाले गए कर्मचारी पहुंचे डिप्टी सीएम के पास, मिला आश्वासन

**भोपाल।** स्वास्थ्य विभाग से निकाले गए हमीदिया अस्पताल और टेलीमेडिसिन केंद्रों के कर्मचारियों ने उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के भोपाल चार इमली स्थित बंगले पर धरना प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य मंत्री ने हमीदिया अस्पताल और टेलीमेडिसिन के 5-5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से अलग-अलग मुलाकात कर उन्हें नौकरी पर वापस लेने का आश्वासन दिया। ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स, अस्थाई कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने बताया कि प्रदेश में चल रही अघोषित छंटनी के विरोध में 4 फरवरी को पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि पिछले कुछ दिनों में ही 1000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है। यदि इस अघोषित छंटनी का विरोध नहीं किया गया तो यह आग अन्य विभागों तक भी पहुंच सकती है। कर्मचारी नेताओं का आरोप है कि कंपनियां और अधिकारी मिलकर आउटसोर्स कर्मचारियों को निकालने का अभियान चला रहे हैं। निकाले गए कर्मचारियों की एक संयुक्त बैठक में प्रदेशभर में बहाली की मांग को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि जब तक सभी निकाले गए कर्मचारियों को वापस नहीं लिया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। **जीतू पटवारी के नाम भी दिया ज्ञापन:** हमीदिया के निकाले कर्मचारियों मे पीसीसी कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष जीतू पटवारी के नाम एक ज्ञापन उनकी अनुपस्थित में पूर्व मंत्री मुकेश नायक को सौंपकर मुख्यमंत्री तक कर्मचारियों की मांग पहुंचान का आग्रह किया।

### विधायक आरिफ मसूद की याचिका पर सुनवाई टली

**जागरण, जबलपुर।** भोपाल मध्य से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई टल गई है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मामले पर 27 जनवरी को आगे सुनवाई करने के निर्देश दिए। भाजपा के ध्रुव नारायण सिंह की ओर से हाईकोर्ट में दायर इस याचिका पर बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान आरिफ मसूद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय गुप्ता ने अदालत को बताया कि उन्होंने गवाहों की पुनरीक्षित सूची पेश कर दी है। उक्त सूची रिकार्ड पर उपलब्ध न होने के चलते अदालत ने सुनवाई मुलत्वी करने के निर्देश दिए। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय मिश्रा हाजिर हुए।

**सुविधा** | पीजी इंस्टीट्यूट की ओर संस्थान का एक और कदम, मरीजों को बेहतर उपचार प्राप्त होगा

# बीएमएचआरसी तैयार करेगा यूरोलॉजी के विशेषज्ञ, पीजी के लिए दो सीट मंजूर

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर अब यूरोलॉजी विषय के विशेषज्ञ चिकित्सक तैयार करेगा। संस्थान को केंद्र से यूरोलॉजी विभाग में एमसीएच कोर्स की दो सीटों की अनुमति मिल गई है। इससे बीएमएचआरसी ने पीजी इंस्टीट्यूट की ओर एक और कदम बढ़ाया है। मालूम हो कि बीएमएचआरसी को मेडिकल कॉलेज के रूप में तैयार किया जा रहा है। इसके चलते विभागों में पीजी और सुपर स्पेशिएलिटी कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। इस अवसर पर बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि विभाग में एमसीएच स्टूडेंट्स आ जाने से मरीजों को और बेहतर उपचार प्राप्त होगा तथा विभाग की कार्यक्षमता में भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि बीएमएचआरसी को पूरी तरह पीजी इंस्टिट्यूट बनाने की कोशिश की जा रही है। कार्डियोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, एनेस्थीशियोलॉजी, मनोचिकित्सा, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, कार्डियक थोरोसिक एवं वस्क्युलर सर्जरी विभाग और ऑप्थेलमोलॉजी विभाग में पीजी या सुपरस्पेशयलिटी कोर्स पहले से ही संचालित हैं। पैथोलॉजी और टांसफ्यूजन विभाग में भी अगले वर्ष पीजी कोर्स शुरू होने की उम्मीद है। डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि हाल ही में यूरोलॉजी विभाग में दो यूरोलॉजिस्ट ने जॉइन किया है। इस तरह अब विभाग में तीन कन्सल्टेंट हो गए हैं। पीजी के साथ बीएमएचआरसी में एमबीबीएस यानि यूजी कोर्स के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। यूजी कोर्स के लिए जनरल अस्पताल होना अनिवार्य है। ऐसे में यहां 300 बिस्तरों का नया जनरल अस्पताल भी बनाया जा रहा है। उम्मीद है कि बीएमएचआरसी में 2026 सत्र को एमबीबीएस की 150 सीटों की मान्यता मिल सकती हे।



**इन विभागों में चल रहे हैं सुपरस्पेशियटी व पीजी कोर्स**

| विभाग | कोर्स का नाम | सीटों की संख्या |
|---|---|---|
| एनेस्थीशियोलॉजी | एमडी | 4 |
| माइक्रोबायोलॉजी | एमडी | 2 |
| मनोचिकित्सा | एमडी | 2 |
| नेत्र रोग विभाग | एमएस | 2 |
| कार्डियोलॉजी | डीएम | 3 |
| सीटीवीएस | एमसीएच | 3 |
| न्यूरो सर्जरी | एमसीएच | 2 |
| यूरोलॉजी | एमसीएच | 2 |

### एम्स में हिंदी पर हुई कार्यशाला प्रिस्क्रिप्शन लिखने की सलाह

**भोपाल।** एम्स भोपाल में बुधवार को हिंदी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यहां चिकित्सकों से आग्रह किया गया कि वह मरीज के पर्चे पर हिंदी में लिखें। मरीज का पर्चा ऐसा लिखा हो जो उसे समझ में आए। इससे वो बेहतर तरीके से बीमारी को समझेगा और इलाज का सही पालन भी करेगा। यह बातें एम्स में आयोजित हिंदी कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने कहीं। इस दौरान एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि हिंदी में काम करने की आदत डालने के लिए इस तरह की कार्यशाला काफी महत्वपूर्ण होती है। हम अपने कामकाज में हिंदी के सरल और प्रचलित शब्दों को अपनाएं जिससे कि लोगों को समझने में आसानी हो और राजभाषा का प्रचार प्रसार हो सके। सबके प्रयास से हम अधिक से अधिक कार्य राजभाषा में कर सकेंगे। कार्यशाला के प्रथम सत्र में एम्स के स्वास्थ्य प्रशिक्षक समद हाशमी व मानसिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता डॉ. ऋषि पांडे ने प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य का मानव जीवन पर प्रभाव विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। द्वितीय सत्र में राजभाषा सलाहकार हेमंत कुमार जायसवाल ने हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट के लिए ध्यान देने योग्य बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## पेज तीन की खबरों का शेष

### हाईकोर्ट सजा से पहले ...

सामने सीबीआई के वकील ने बंगाल सरकार के याचिका दाखिल करने के अधिकार का विरोध किया। सीबीआई के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल राजदीप मजूमदार ने कहा कि बंगाल सरकार के पास याचिका दाखिल करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि जांच एजेंसी सीबीआई थी, एजेंसी के पास ही यह अधिकार है कि वो सजा पर्याप्त न होने के आधार पर याचिका दाखिल करे। सीबीआई ने ट्रायल कोर्ट के सामने भी फांसी की सजा देने की अपील की थी। बंगाल सरकार बोली- शुरुआती जांच कोलकाता पुलिस ने की बंगाल सरकार के एडवोकेट जनरल किशोर दत्त ने कहा कि प्रॉसिक्यूशन एजेंसी, फैमिली, दोषी के अलावा राज्य भी सजा को लेकर अपील कर सकता है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में कोलकाता पुलिस केस की जांच कर रही थी। 13 अगस्त 2024 को यह केस सीबीआई को सौंपा गया।

घटना के 164वें दिन दोषी को मिली थी सजा सियालदह कोर्ट ने 18 जनवरी को संजय को दोषी ठहराया था। घटना के 164वें दिन (20 जनवरी) सजा पर 160 पेज का फैसला सुनाया था। सीबीआई और पीड़ित परिवार ने मौत की सजा मांगी थी।

### महाकुंभ अग्निकांड...

आग लग गई थी। शास्त्री ब्रिज के पास सेक्टर 19 में गीता प्रेस के कैंप में ये आग लगी थी। गीता प्रेस के 180 कॉटेज आग में जल गए थे। महाकुंभ प्रशासन के अनुसार, गीता प्रेस की रसोई में छोटे सिलेंडर से चाय बनाते समय गैस लीक होने के कारण आग लगी थी। खालिस्तानी आतंकी संगठन ने दावा किया है कि इस घटना में उसका हाथ था।

### मादक पदार्थों की तस्करी...

मगर जैसे ही पुलिस की टीम वहां पहुंची गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस वाहन के आगे जेसीबी अड़ा दी और पीछे भी ट्रैक्टर-ट्राली व अन्य गाड़ियां लगा दीं। प्रदर्शन में महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल थीं। करीब दो घंटे तक विवाद चलता रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस युवक को पकड़ा गया था, उसके पास 34 किलो अवैध मादक पदार्थ था, लेकिन पुलिस ने उसकी मात्रा को बढ़ाकर 54 किलो कर दिया। पुलिस उसे झूठे मामलों में फंसा रही है। मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। पुलिस टीम को बंधक बना लिए जाने की सूचना पर एएसपी नवल सिंह सिसोदिया, एसडीओपी विमलेश उइके समेत अन्य थानों का बल मौके पर पहुंचा। स्थानीय विधायक ने ग्रामीणों को समझाया और पुलिस को भी गलत मामला न बनाने को कहा। मगर विधायक की बात का भी असर नहीं हुआ। ग्रामीणों को हटाने के लिए पुलिस को रात करीब 11 बजे बल प्रयोग करना पड़ा। ग्रामीणों की संख्या अधिक होने से लाठीचार्ज के साथ ही आंसू गैस के गोले भी पुलिस को दागने पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### 'सत्या' के सक्सेस पर रोए रामगोपाल वर्मा



**मुंबई, जेएनएन।** फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा लंबे समय से ऐसी फिल्में बना रहे हैं, जिसे देख उनके फैंस निराश हैं, लेकिन हाल ही में उनकी 27 साल पुरानी फिल्म सत्या के री-रिलीज होने के बाद उन्हें उनकी गलती का अहसास हुआ है। उन्होंने एक लंबा पोस्ट लिखा है। वर्मा का मानना है कि फिल्म सत्या और रंगीला की सक्सेस ने उन्हें अंधा बना दिया था, जिससे वो अच्छी फिल्में नहीं बना पा रहे थे। वर्मा ने ऑडियंस से माफी मांगी है। वर्मा ने लिखा-आज से दो दिन पहले मैं सत्या 27 सालों के बाद पहली बार देख रहा था, जब वो खत्म हो रही थी, तब मेरा गला भर आया था।

### समर्थन वापस लेने वाले प्रदेश अध्यक्ष को जेडीयू ने हटाया

**पटना, जेएनएन।** नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के मणिपुर के प्रदेश अध्यक्ष ने बीजेपी की नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस लिया था। पार्टी हाईकमान ने घंटेभर के अंदर ना सिर्फ उनके फैसले को पलट दिया, बल्कि प्रदेश अध्यक्ष विरेन सिंह को पद से भी हटा दिया। वहीं, अब मणिपुर जदयू के वॉइस प्रेसिडेंट भी समर्थन वापस लेने की बात कर रहे हैं। बुधवार को शाम साढ़े 4 बजे जेडीयू के मणिपुर अध्यक्ष ने समर्थन वापस लेने का ऐलान किया था। कुछ ही देर बाद जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद मीडिया के सामने आए और उन्होंने कहा-एनडीए को हमारा समर्थन जारी रहेगा। मणिपुर इकाई ने केंद्रीय नेतृत्व से बातचीत किए बिना पत्र जारी किया था। यह अनुशासनहीनता है। हम मणिपुर सरकार के साथ राज्य के लोगों की सेवा करना जारी रखेंगे।

### खाई में गिरा ट्रक, 10 की मौत, 15 घायल

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के येल्लापुरा में बुधवार सुबह एक ट्रक 50 मीटर गहरी खाई में गिर गया। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सावनूर से फल और सब्जियां ले जा रहे ट्रक में 25 से ज्यादा लोग सवार थे। येल्लापुर में लगे मेले में इन फल-सब्जियों को पहुंचाया जा रहा था। इसी दौरान सुबह करीब 5 बजे सावनूर-हुबली हाइवे पर ट्रक ड्राइवर दूसरे वाहन को साइड देने के चक्कर में कंट्रोल खो दिया और खाई में गिर गया। एसपी एम नारायण ने बताया कि हादसे की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। 15 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें कुछ गंभीर रूप से घायल हुए। सड़क पर घाटी की ओर कोई सुरक्षा दीवार नहीं थी।

### अमेरिका में बर्फीला तूफान, 10 की मौत

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका के कई दक्षिणी राज्य भीषण बर्फबारी के चलते संकट से जूझ रहे हैं। इस तूफान की वजह से अब तक करीब 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 2100 से ज्यादा उड़ानों को रद्द कर दिया गया। मिसिसिपी, अलबामा, फ्लोरिडा, जॉर्जिया और लुइसियाना समेत कई राज्यों ने इमरजेंसी की घोषणा कर दी गई है। कई इलाकों में रिकॉर्ड बर्फबारी के कारण स्कूल और सरकारी ऑफिस बंद कर दिए गए हैं। इससे पहले अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी दी थी कि तूफान के चलते दक्षिण-पूर्वी राज्यों में भारी हिमपात, ओले और बर्फीली बारिश हो सकती है। उधर, सड़कें बंद होने से टेक्सास से लेकर फ्लोरिडा में जनजीवन ठहर सा गया है। बर्फबारी रुकने के बाद भी सड़कें खुलने और एयर सर्विस शुरू होने में कई दिन लगेंगे।

# वैज्ञानिकों ने ब्रह्मांड में खोजी कॉस्मिक टनल

## अंतरिक्ष पर रिसर्च कर रहे वैज्ञानिकों की सोच बदल देगा ये खोज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ब्रह्मांड अनगिनत रहस्यों से भरा हुआ है। कई सालों से दुनिया के दिग्गज वैज्ञानिक ब्रह्मांड को लेकर नई-नई जानकारियां लेकर आते हैं, फिर भी हर नई खोज चौंकाती है। इस बार खगोलविदों ने सौर मंडल के अनछुए हिस्सों में एक अद्भुत खोज की है। उन्होंने कॉस्मिक टनल यानी महा सुरंगों के अस्तित्व का पता लगाया है, जो पूरे ब्रह्मांड में तारों को जोड़ते हैं। ईरोसिटा वेधशाला के डेटा का उपयोग करते हुए किए गए अध्ययन के अनुसार, इन क्षेत्रों में प्रकाश-वर्षों तक फैले गर्म प्लाज्मा से भरे रास्ते हैं, जो एक जटिल कॉस्मिक जाल का निर्माण करते हैं। उन्नत मैपिंग तकनीकों का उपयोग करके, शोधकर्ताओं ने आकाशगंगाओं को जोड़ने वाले इन संकरे चैनलों की पहचान की। ये टनल विशाल तारों के सुपरनोवा विस्फोटों से उत्पन्न होती हैं। इन ऊर्जावान विस्फोटों से गर्म प्लाज्मा के बुलबुले बनते हैं, जो आपस में जुड़कर संरचनात्मक जाल बनाते हैं। यह जाल ऊर्जा और सामग्री को आकाशगंगाओं में ले जाने का काम करता है।



### हॉट बबल और सौरमंडल

एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स में प्रकाशित एक अध्ययन ने सौर मंडल के पास एक कॉस्मिक टनल का खुलासा किया है। यह टनल लोकल हॉट बबल का हिस्सा है। यह गैस के माध्यम से एक मार्ग के रूप में कार्य कर सकता है, जो सौरमंडल को आकाशगंगा के अन्य तारों से जोड़ता है। माना जा रहा है कि यह खोज खगोल विज्ञान में एक नई दृष्टि प्रदान करेगी।

### जीवन के लिए जरूरी

अध्ययन में बताया गया है कि ये टनल तारों के बीच के इंटरस्टेलर स्पेस में गतिविधियों को प्रभावित करती हैं। ये कॉस्मिक किरणों को मार्गदर्शन देने के साथ-साथ तारों के निर्माण और विकिरण स्तरों को भी प्रभावित करती हैं। सुपरनोवा द्वारा निर्मित तत्व, जो ग्रहों, जीवन के लिए आवश्यक हैं, इनके माध्यम से यात्रा करते हैं नए तारकीय प्रणालियों के निर्माण में महत्वपूर्ण सामग्री वितरित करते हैं।




प्रयागराज महाकुंभ में एजुकेटेड बाबा, मॉडल, एंकर, रुद्राक्ष बेचने वाली गर्ल के बाद एक और तस्वीर खूब वायरल हो रही है। इस तस्वीर में किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर और साध्वी हैं, श्रद्धालु जिनका आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। महामंडलेश्वर हाई एजुकेटेड हैं, आईटी के क्षेत्र में जॉब कर चुकी हैं, वहीं साध्वी ग्रेजुएट हैं, जो चुनाव आयोग की आइकॉन हैं। यह साध्वी डॉक्टर या साइंटिस्ट बनना चाहती थीं, लेकिन किन्हीं वजहों से अपना मिशन पूरा नहीं कर सकीं।

# आईटी प्रोफेशनल, मेकअप आर्टिस्ट और मॉडल बनीं महामंडलेश्वर

## महाकुंभ में किन्नर अखाड़े से जुड़ीं साध्वी

**प्रयागराज, जेएनएन।** महामंडलेश्वर इंदु नंद गिरी दिल्ली की रहने वाली हैं, इन्होंने 12वीं के बाद ग्रेजुएशन किया, फिर आईटी कोर्स के बाद आईटी सेक्टर में जॉब किया। मेकअप आर्ट कोर्स भी किया और मेकअप आर्टिस्ट भी रहीं। इंदु नंद गिरी का शुरू से ही सनातन धर्म से लगाव रहा है। पूजा-पाठ में भी आस्था थी। इंदु नंद गिरी ने आईटी सेक्टर की जॉब छोड़ दी और किन्नर अखाड़े में शामिल हो गईं, वे इस समय किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर हैं। सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार कर रही हैं। इंदु कहती हैं कि हर किन्नर दर्द झेलकर आता है, जीवन में दर्द बचपन से शुरू हो जाता है, जैसे ही वह बड़ा होता है, आसपास, समाज के ताने और पड़ोस का डर सताता रहता है। जब किन्नर स्कूल भी जाता है, तो उसके साथ खराब व्यवहार होता है। बच्चों द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं किया जाता था, टीचर अच्छा व्यवहार करते थे, लेकिन आसपास का माहौल ठीक नहीं था। ये सब हम सभी किन्नरों की जीवन में है। हम लोगों को ऐसा चाहिए होता है, जो हमारे दर्द को समझ सके, इसलिए हम लोग किन्नर अखाड़े में शामिल हो गए।



### जीवन ही बदल गया

इंदु गिरी ने कहा, परिवार ने मुझे पूरा साथ दिया। मैं जैसे-जैसे समझदार होने लगी, संत महात्माओं से मिलने लगी। शुरू से रुझान सनातन धर्म की ओर था। पूजा-पाठ, यज्ञ करने लगी। मां काली की भक्त हूं, मुझे मन को सुकून मिलता है। अब जीवन बदल गया है।

### डॉक्टर बनना चाहती थी

दिल्ली की देवयानी मुखर्जी किन्नर अखाड़े की साध्वी हैं, उनका कहना है कि जीवन में दर्द है, उससे होकर मैं भी गुजरी हूं। मुखर्जी जल्द महामंडलेश्वर बन सकती हैं। मुखर्जी ने 12वीं के बाद ग्रेजुएशन कर साइंटिस्ट या डॉक्टर बनना चाहती थीं, लेकिन पढ़ाई नहीं कर सकीं। ये नई दिल्ली की डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन कमीशन की आइकॉन हैं। इन्होंने मॉडलिंग की है। ट्रांस इंडिया 2019 की मिस टैलेंटेड भी रही हैं।

# दिल्ली में बीजेपी ने झोंकी ताकत कांग्रेस भी दिखाएगी अपना दम

## पीएम मोदी की 3 योगी 14, राहुल करेंगे तीन रैलियां

**दिल्ली का दंगल**

**दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार आखिरी दौर पर पहुंच गया है। बीजेपी ने चुनाव में ताकत झोंक रही है, तो कांग्रेस भी पीछे नहीं है। बीजेपी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ 14 जनसभाएं करेंगे। वहीं राहुल गांधी तीन रैलियां करेंगे। पीएम मोदी 29 जनवरी, 31 जनवरी और 2 फरवरी को रैली करेंगे। वहीं योगी 23 जनवरी से रैलियों की शुरुआत करेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कांग्रेस की ओर से अकेले मोर्चा संभाले हुए हैं। उन्होंने 12 जनवरी को सीलमपुर में पहली रैली की थी, इसके बाद वे 22 जनवरी को सदर बाजार, 23 जनवरी को मुस्तफाबाद और 24 जनवरी को मादीपुर में रैलियां करेंगे।

### दिल्ली में 5 फरवरी को वोटिंग, 8 को नतीजे

दिल्ली में चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। 5 फरवरी को सभी 70 सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं, 8 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है।





### कार्यकर्ताओं से पीएम बोले-हार के डर से आपदा वाले घोषणाएं कर रहे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं से कहा, दिल्ली की जनता आपदा का का खेल जान गई है। उनकी पोल खुल गई है। भाजपा की जीत पक्की करने के लिए दिल्ली की जनता निकल पड़ी है। हार के डर से आपदा वाले रोज-रोज नई-नई घोषणा करते हैं। वे नारे लगाते हुए कहते हैं कि फिर आएंगे, फिर आएंगे, लेकिन जनता कहती है कि फिर खाएंगे, फिर खाएंगे। उन्होंने नमो ऐप के जरिए कार्यकर्ताओं से बात करते हुए कहा 5 फरवरी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को पोलिंग बूथ तक पहुंचाना है। ठंड कितनी भी हो, हमें सुबह से ही मतदान की तीव्रता को पहुंचाना है। दिल्ली को आम आदमी पार्टी ने संकट में डाला हुआ है। दिल्ली को आपदा से मुक्त कराना है। ऐसा होगा, तभी दिल्ली को विकसित भारत की विकसित राजधानी बनाने का संकल्प सिद्ध होगा। मोदी ने कहा, आप भी जानते हैं कि जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूजता है। बीते 10 वर्षों में गरीब से गरीब को भी पक्का घर, मुफ्त अनाज, मुफ्त इलाज जैसी सुविधाएं पहली बार मिली। झुग्गी में रहने वाले साथियों को भाजपा सरकार बड़ी संख्या में पक्के घर दे रही है। आप टीम लीडर हैं, मेहनती हैं तो जरूर लोगों से बातचीत होती होगी। क्या अनुभव रहा।

### केजरीवाल बोले- मिडिल क्लास सरकार का एटीएम बनकर रह गया



दिल्ली के पूर्व सीएम और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को मिडिल क्लास के लिए मेनिफेस्टो जारी किया। एक्स पर शेयर एक वीडियो में उन्होंने कहा, केंद्र में एक के बाद एक सरकारें आईं, लेकिन किसी ने मिडिल क्लास के लिए कुछ नहीं किया। सभी ने मिडिल क्लास को डराकर दबाकर रखा। केजरीवाल ने कहा कि मिडिल क्लास टैक्स टेररिज्म का शिकार हो गया है। जब सरकार को जरूरत पड़ती है, तो टैक्स का हथियार चला देती है। बदले में मिडिल क्लास को कुछ नहीं मिलता है। मिडिल क्लास सरकार का एटीएम बनकर रह गया है। आज पहली बार एक पार्टी मिडिल क्लास के लिए मेनिफेस्टो जारी कर रही है। इस वीडियो में केजरीवाल ने कहा कि वे और आम आदमी पार्टी सड़क से लेकर संसद तक मिडिल क्लास की आवाज उठाएंगे। बजट सत्र में हमारे सांसद मिडिल क्लास के लिए सात मांग करेंगे।

# दंगों के आरोपी को बेल नहीं, अब तीन जजों की बेंच करेगी सुनवाई

## डबल बेंच में सहमति से नहीं हो सका फैसला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली दंगों के आरोपी और विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम कैंडिडेट ताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच में सहमति नहीं बन सकी। बुधवार को हुई सुनवाई में जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ताहिर को जमानत देने के पक्ष में थे, जबकि जस्टिस पंकज मित्तल ने याचिका खारिज कर दी। सीजेआई संजीव खन्ना 3 जज की नई बेंच बनाएंगे। जस्टिस मित्तल ने कहा, अगर चुनाव लड़ने के लिए अंतरिम जमानत देने से भानुमती का पिटारा खुल जाएगा। पूरे साल चुनाव होते हैं। हर कैदी दलील लेकर आएगा कि उसे चुनाव लड़ने के लिए जमानत दी जाए। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा कि आरोपी मार्च 2020 से जेल में है। उसे प्रचार के लिए जमानत देनी चाहिए। यह जीवन और स्वतंत्रता से जुड़ा मामला है, इसलिए रोज सुनवाई की जा रही है।

# कैबिनेट संग त्रिवेणी संगम में सीएम योगी ने लगाई डुबकी

**महाकुंभ नगर, जेएनएन।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रयागराज में कैबिनेट बैठक की। कैबिनेट के साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर विश्व के कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने संगम स्नान को भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का प्रतीक बताते हुए कहा, यह स्नान आत्मिक शांति, धार्मिक समर्पण और समाज कल्याण का संदेश देता है। त्रिवेणी संगम का स्नान केवल व्यक्तिगत शुद्धि नहीं, बल्कि समग्र लोक कल्याण का आह्वान है। महाकुंभ 2025 के दिव्य आयोजन में दुनिया भर से करोड़ों श्रद्धालु आ रहे हैं और संगम में पावन डुबकी लगा रहे हैं। यह स्नान धर्म, संस्कृति और आस्था का संदेश देता है। यह न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि लोक कल्याण और आत्मशुद्धि का पवित्र आह्वान भी है। महाकुम्भ भारतीय संस्कृति की दिव्यता और सार्वभौमिकता का प्रतीक है। संगम स्नान से जनमानस को यह संदेश मिलता है कि धर्म और संस्कृति की शक्ति से जीवन में शुद्धता और समृद्धि लाई जा सकती है। योगी सरकार ने महाकुंभ में कैबिनेट बैठक की। बैठक में सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया। बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में हुई। स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक का फैसला लिया गया।



### दूसरी बार मंत्रिमंडल का संगम स्नान

योगी सरकार में यह दूसरा अवसर है, जब पूरे मंत्रिमंडल ने एक साथ महाकुंभ के अवसर पर संगम स्नान किया है। इससे पूर्व 2019 में भी तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित कुंभ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में आस्था की डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री और समस्त मंत्रिमंडल के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम की धारा में पवित्र स्नान किया था।

# पुरुष भी होते हैं क्रूरता का शिकार, बदलनी होगी सोच: हाई कोर्ट

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा है कि शादी से जुड़े विवादों में पुरुष भी क्रूरता और उत्पीड़न का शिकार होते हैं। बेंच ने कहा, यह बात सही है कि मुख्य तौर पर महिलाएं ही शादी के विवादों में प्रभावित होती हैं,लेकिन पुरुषों के खिलाफ भी क्रूरता होती है। इसलिए अब सोच को बदलने की जरूरत है। अब वह समय है, जब जेंडर न्यूट्रल समाज की बात करें। गत दिनों पारित आदेश में जस्टिस सी. सुमालता ने महिला की केस ट्रांसफर अर्जी खारिज कर दी। महिला का कहना था कि अदालत उसके घर से 130 किमी की दूरी पर है और मामले की सुनवाई के लिए उसे हर बार आने में मुश्किल होती है। कोर्ट ने कहा कि यह बात सही है कि महिला को असुविधा हो रही है। लेकिन केस ट्रांसफर हुआ तो पति को उससे भी ज्यादा परेशानी होगी, क्योंकि दूसरी कोर्ट की दूरी और अधिक होगी। खासतौर पर पति को इसलिए मुश्किल होगी, क्योंकि वह दो नाबालिग बच्चों की देखरेख भी कर रहे हैं। उन्हें छोड़कर दूर यात्रा करना उनके लिए मुश्किल होगा।

# ट्रंप ने भेदभाव दूर करने वाला प्रोग्राम किया बंद, सैलरी देकर स्टाफ को छुट्टी पर भेजा

## 45 फीसदी अमेरिकी चीन पर टैरिफ लगाने के पक्षधर

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को भेदभाव के खिलाफ चलाए जाने वाले विविधता, समानता और समावेशी प्रोग्राम (डीईआई) को खत्म करने का आदेश दिया है। सभी कर्मचारियों को सैलरी देकर छुट्टी पर भेज दिया गया। इन लोगों को नौकरी से निकालने की तैयारी भी कर ली गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस प्रोग्राम का उद्देश्य महिला, अश्वेत, एलजीबीटीक्यू और अन्य अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व वाले ग्रुप्स के लिए अवसरों को बढ़ावा देना है। ट्रम्प के इस फैसले से इन समुदायों के खिलाफ पूर्वाग्रह और भेदभाव खत्म करने के लिए शुरू की गई मुहिम मुश्किल में पड़ सकती है। अमेरिका में ब्लैक लोगों के साथ भेदभाव लंबे समय से विवाद का विषय रहा है। हालांकि, कुछ लोगों का आरोप है कि इस मुद्दे की आड़ में गोरे लोगों के अधिकारों की अनदेखी की जाती है। ट्रंप का फैसला गोरे लोगों को संतुष्ट करने वाला है।



इस फैसले के अलावा ट्रंप चीन पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने पर भी विचार कर रहे हैं। अमेरिकी में बिकने वाले ज्यादातर प्रोडक्ट्स दूसरे देशों से आते हैं। ऐसे में एक्सपर्ट्स को डर है कि ट्रंप के इन फैसलों से अमेरिका में महंगाई बढ़ सकती है। एक सर्वे के मुताबिक 45 प्रतिशत अमेरिकी चीन पर 10 फीसदी टैरिफ का समर्थन करते हैं। करीब एक 33 प्रतिशत अमेरिकी चीन पर 20 प्रतिशत टैरिफ के लिए तैयार हैं। लगभग इतने ही अमेरिकी चीनी प्रोडक्ट्स के आयात पर 60 प्रतिशत टैरिफ लगाने के पक्ष में हैं। इसका मतलब है कि अमेरिकियों के बीच चीन को लेकर खास तल्खी है। ट्रम्प इस पब्लिक सेंटीमेंट का फायदा उठा सकते हैं।



### ट्रंप ने दिया भारत को खास सम्मान

डोनाल्ड ट्रंप के शपथ के बाद भारत को प्रथामिकता देते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ज ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ पहली द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय बैठकें कीं। जयशंकर वाशिंगटन में ट्रंप के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। दोनों देशों के नेताओं की बैठक फॉगी बॉटम मुख्यालय में हुई। इस द्विपक्षीय बैठक के बाद क्वाड मंत्रिस्तरीय बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें चार देशों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया। मार्को रुबियो ने एस. जयशंकर के साथ पहली द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी पर विस्तृत से चर्चा हुई।

**उड़ान कैफे** | सुभाषचंद्र बोस एयपोर्ट में सस्ता भोजन आउटलेट, दूसरे एयरपोर्ट पर भी मिलेगी सुविधा

# एकलौता एयरपोर्ट जहां 10 की चाय, 20 रुपए का समोसा

**कोलकाता, जेएनएन।** कोलकाता के नेताजी सुभाषचंद्र बोस एयरपोर्ट पर खुले देश के पहले सस्ते भोजन वाले कैफे में भीड़ लग रही है। पहले महीने में यहां हर दिन औसतन 900 यात्री आए। यात्रियों के लिए उड़ान यात्री कैफे में चाय महज 10 रुपए में उपलब्ध है, जबकि एयरपोर्ट की बाकी दुकानों पर यही चाय कई गुना ज्यादा कीमत पर बेची जाती है। भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण (एएआई) के प्रवक्ता ने कहा, कैफे में हर दिन औसतन 900 यात्रियों की उपस्थिति दर्ज हो रही है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है, इसका मतलब हुआ कि एक महीने में यह कैफे करीब 27,000 यात्रियों को सर्विस दे रहा है। पिछले साल 21 दिसंबर को कोलकाता एयरपोर्ट के शताब्दी समारोह के दौरान इस कैफे को शुरू किया गया। कैफे का उद्घाटन करने वाले सिविल एविएशन मिनस्टर राम मोहन नायडू किन्जरापु ने कैफे में यात्रियों की बढ़ती संख्या पर खुशी जताई। कोलकाता एयरपोर्ट पर उड़ान यात्री कैफे, देश का पहला सस्ता भोजन आउटलेट है। यह इस दिशा में एक अहम कदम है।



### कॉफी-मिठाई और समोसा 20 रुपए में

एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, इस कैफे का संचालन एक प्राइवेट कंपनी कर रही है। यहां पानी की बोतल 10 रुपए में, कॉफी-मिठाई और समोसा 20 रुपए में मिल रहा है। सूत्रों ने कहा कि इस तरह के सस्ते कैफे दूसरे एयरपोर्ट पर भी शुरू किए जा सकते हैं। यह कैफे सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और इंडियन एयरपोर्ट अथॉरिटी के सहयोग से शुरू किया गया है, इसे शुरू करने का कारण यह है, क्योंकि यात्रियों की शिकायतें थीं कि एयरपोर्ट पर खाने और पीने वाली चीजों की कीमत ज्यादा हैं।

### 60 प्रतिशत यात्रियों ने कहा एयरपोर्ट पर महंगाई ज्यादा

हाल ही में एक सर्वे में पाया गया कि 60 प्रतिशत हवाई यात्री यह मानते हैं कि एयरपोर्ट पर खाद्य सामग्री और पेय पदार्थों की कीमत रेलवे स्टेशन की तुलना में 100-200 प्रतिशत ज्यादा हैं। पिछले महीने जारी सर्वे में 28,000 से ज्यादा हवाई यात्रियों की प्रतिक्रियाएं शामिल थीं। सर्वे में हिस्सा लेने वाले 43 प्रतिशत प्रतिभागी टियर-1 सिटी, 30 प्रतिशत टियर-2 शहरों से, 27 प्रतिशत टियर-3, 4, 5 शहरों से और ग्रामीण इलाकों से थे। सर्वे रिपोर्ट में बताया गया कि एयरपोर्ट पर एक समोसा या पैटी की कीमत 200 रुपए से ज्यादा हो सकती है, जबकि कॉफी या चाय 200-300 रुपए तक बिकती है। यह कीमत मॉल या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद खाद्य साामग्री की दुकानों की तुलना में दो से तीन गुना ज्यादा है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 1 चम्मच खरीदी गई 810 रुपए में, विपक्ष ने उठाया मुद्दा

## सिंगरौली में सामने आया घोटाला, मंत्री ने दिए जांच के निर्देश



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए बर्तनों की खरीदी की है। जिसमें अमूमन 20 से अधिकतम 100 रुपए में मिलने वाली एक चम्मच की कीमत 810 रुपए और 100 से 200 रुपए तक में मिलने वाले एक जग की कीमत 1247 रुपए बताई गई है। विपक्ष ने इस घोटाले पर सरकार को घेरा,तो विभागीय मंत्री ने इसी जांच कराने के आदेश दे दिए। दरअसल मामला मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले से सामने आया है, जहां 1500 आंगनबाड़ियों के लिए 5 करोड़ की राशि में चम्मच, सर्विस चम्मच और जग खरीदे गए हैं। इस खरीदी के लिए जो वर्क आर्डर में जारी किया गया है, उसमें एक चम्मच की कीमत 810 रुपये है। इस कीमत पर 46,500 चम्मच की सप्लाई करने के निर्देश दिए गए हैं,जिसकी कुल कीमत 3 करोड़ 76 रुपये हुई। इसी तरह 6200 सर्विंग चम्मच 83 लाख रुपये में खरीदी गईं। ऐसे में एक सर्विंग चम्मच की कीमत 1348 रुपये है। इतना ही नहीं पानी पीने वाले एक जग की कीमत 1247 रुपये लगाई गई है. इस हिसाब से कुल 3100 जग 38 लाख रुपये से अधिक कीमत पर खरीदे गए। यह मामला विपक्षी दल कांग्रेस के संज्ञान में आया तो उसके नेताओं ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने इस घोटाले पर सरकार से जवाब मांगा है। कटारे ने इसे चम्मच घोटाला करार देते हुए कहा कि बाजार में 30-40 रुपए में मिलने वाली चम्मच 800-900 रुपए में खरीदे गए हैं।

# जीजी फ्लाईओवर पर आज से दौड़ेंगे वाहन

## सीएम करेंगे उद्घाटन, 154 करोड़ से बना है 2900 मीटर लंबा फ्लाईओवर



जीजी फ्लाईओवर के उद्घाटन के लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं। छायाः एचसी

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरवार 23 जनवरी को गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर के बीच 154 करोड़ रुपये की लागत से बने भोपाल के सबसे बड़े फ्लाईओवर का उद्घाटन करेंगे। समारोह में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी उपस्थित रहेंगे। गायत्री मंदिर से डीबी मॉल चौराहा, बोर्ड ऑफिस चौराहा, प्रगति चौराहा से मानसरोवर कॉम्प्लेक्स होते हुए गणेश मंदिर तक निर्मित फ्लाईओवर 2900 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़ा है। यह मैदा मिल मार्ग को विद्या नगर, शक्ति नगर, कस्तूरबा नगर, साकेत नगर, दानिश नगर, आशिमा मॉल और एम्स जैसे प्रमुख रिहायशी और वाणिज्यिक क्षेत्रों से जोड़ता है। इसके अलावा औबेदुल्लागंज, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा और जबलपुर की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए भी यह मार्ग को सुगम बनाएगा। इसके शुरू होने से बोर्ड ऑफिस चौराहा, प्रगति पेट्रोल पंप और मानसरोवर चौराहे जैसे भीड़ वाले क्षेत्रों पर यातायात का दबाव कम करेगा। प्रारंभिक आंकलन के अनुसार 60 प्रतिशत यातायात इस फ्लाईओवर से गुजरेगा, जबकि शेष 40 प्रतिशत यातायात पुराने मार्गों का उपयोग करेगा। फ्लाईओवर की एक शाखा डीबी मॉल चौराहे से भोपाल हाट (मंत्रालय मार्ग) की ओर जाती है, जिससे वल्लभ भवन तथा अरेरा हिल्स पर स्थित समस्त राज्य स्तरीय कार्यालयों में कार्य करने वाले कर्मचारियों को पीक आर्वस में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। यातायात सुगम हो जाने से नागरिकों को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने में समय की बचत होगी और वाहन प्रदूषण में भी कमी आयेगी, जिससे भोपाल शहर के नागरिकों को राहत मिलेगी।

# मिडिल क्लास को बड़ा तोहफा देने की तैयारी में मोदी सरकार, बजट में टैक्स पर ऐलान संभव

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आगामी एक फरवरी को पेश किए जाने वाले केंद्रीय बजट 2025-2026 में नौकरीपेशा लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है। दरअसल, सरकार नई कर व्यवस्था में अहम बदलाव करने की योजना बना रही है। इसका ऐलान आम बजट में किया जा सकता है। बता दें कि नई कर व्यवस्था को एक डिफॉल्ट व्यवस्था के रूप में निर्धारित किया गया है। यानी टैक्सपेयर ने अगर नई और पुरानी कर व्यवस्था में से कोई विकल्प नहीं चुना है तो वह स्वतः नई कर व्यवस्था में चला जाएगा। हालांकि, टैक्सपेयर इसे आयकर रिटर्न दाखिल करते समय बदल सकते हैं।

**10 लाख तक की आय होगी टेक्स फ्री:** बिजनेस स्टैंडर्ड ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि इस बार बजट में नई कर व्यवस्था के तहत 10 लाख रुपये तक की वार्षिक आय को टैक्स फ्री किया जा सकता है। इसके अलावा 15 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के बीच की वार्षिक आय के लिए एक नया 25 प्रतिशत टैक्स स्लैब पेश करने की योजना है। एक सरकारी सूत्र ने बताया- हम दोनों विकल्पों का मूल्यांकन कर रहे हैं। यदि हमारा बजट अनुमति देता है, तो हम दोनों उपायों को लागू कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार इस तरह की आयकर राहत के प्रभाव के रूप में 50,000 करोड़ रुपये से 1 लाख करोड़ रुपये तक के राजस्व नुकसान को बर्दाश्त करने के लिए तैयार है।

**अभी क्या है व्यवस्था:** वर्तमान में नई कर व्यवस्था के तहत प्रति वर्ष 7.75 लाख रुपये तक कमाने वाले वेतनभोगी टैक्सपेयर्स पर प्रभावी रूप से कोई टैक्स देनदारी नहीं है, जिसमें 75,000 रुपये की स्टैंडर्ड कटौती लागू है। 15 लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक की आय 30 प्रतिशत के हाई टैक्स स्लैब के अंतर्गत आती है।



## टैक्स में कटौती की चाहत

भारत में 57 प्रतिशत इंडिविजुअल्स टैक्सपेयर्स की इच्छा है कि सरकार अगले वित्त वर्ष के बजट में टैक्स में कटौती की घोषणा करे। ग्रांट थॉर्नटन भारत की सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। इस सर्वे के मुताबिक, करीब 72 प्रतिशत इंडिविजुअल्स टैक्सपेयर्स के नई आयकर व्यवस्था को चुनने के बावजूद 63 प्रतिशत टैक्सपेयर्स पुराने टैक्स स्ट्रक्चर के तहत मिलने वाले प्रोत्साहन में बढ़ोतरी के पक्ष में हैं।


**कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**

**-: अधिसूचना:-**

पत्र क्र. 239 / भू-अर्जन / 2024 मऊगंज दिनांक 19/12/2024

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमिअर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -11 की उपधारा(1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूचीतखाने के (5)में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है, चूंकिनईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजनाका निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है तथा अधिकांश भूमि का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं कुछ अंश भाग के भू-अर्जन की कायवाही वांक्षित है| इस कारण धारा 11 (3) के तहत सामाजिक समाधान निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है।

| भूमि का विवरण | | | लगभग क्षेत्रफल | धारा(1)12 की धारा द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| मऊगंज | मऊगंज | बदिगंवा 661 | 0.002 हे. | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना संभाग रीवा (म. प्र.) | डी. बी. निर्माण कार्य हेतु (नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाईपरियोजना अंतर्गत) |

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टरमऊगंज एवं के पदेन उपसचिवराजस्व विभाग जिलामऊगंज के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन अवधि में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(कोमल सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्र. 2, मनगंवा
जिला - रीवा(म.प्र.)

(बी. पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
जिला - रीवा(म.प्र.)

(अजय श्रीवास्तव)
कलेक्टर
जिला मऊगंजएवं पदेन उपसचिव
राजस्व विभाग

G- 22088/24



OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT
MECHANICAL DIVISION REWA
E-mail:- eephemrewa@rediffmail.com Telephone No 07662-251023

No 87 /TS/EE/Mech. Dn./PHED/2024-25 Rewa Dated 21/01/25

**Notice Inviting E-Tender No 39 /2024-25**

**System Tender No. 2025_PHED_397442_1**

Online digitally sealed tenders are invited on behalf of the Governor of M.P. for the following work in Appendix 2.10 from registered travel agencies/vehicle owners for "Bolero Equivalent on rental (monthly) basis for the Executive Engineer, Public Health Engineering Department, Mechanical Division Rewa Online tender can be purchase & Bid submission Start Date from 24.01.2025 at 10.30 am to on dated 04.02.2025 at 15:00 hours, Technical Bid Open 05.02.2025 At 15.00 hours & financial bid will be opened on 07.02.2025 at 15.00 hours Website : www.mptenders.gov.in

| S. No. | Name of work | Probable amount of contract | Earnest Money | Cost of tender documents | Remark |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Providing Bolero, Bolero Neo, TUV vehicles on rental (Monthly) basis, model January 2021 or later included driver. For Office of the E.E P.H.E. Mechanical Division Rewa (Without Diesel) | Rs. 291060.00 (Rs. Two Lakh Ninty One thousand Sixty) | Rs. 5825.00 (Rs. Five thousand Eight Hundred Twenty Five only) | Rs. 2000.00 (Rs. Two thousand only) | |

Terms and Condition :-

1. Taxes will be deducted as per rule.
2. This tender will be a part of agreement.
3. All conditions will be applicable of Appendix 2.10
4. ई-धरोहर की राशि (Earnest Money Deposit) मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम के निर्धारित खाते मे ऑनलाइन जमा करना होगा। इसके अतिरिक्त निविदाकार द्वारा निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा करे।
5- Rate should be quoted including of all taxes. Execluding GST
6- Detail information can be seen in the office of The Executive Engineer, PHED. Mechanical Division Rewa in working hours.

Executive Engineer
PHED Mech. Division Rewa

G- 22038/24


# जियो के ग्राहकों की संख्या में गिरावट थमी नवंबर में 12.1 लाख मोबाइल यूजर्स जुड़े

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** रिलायंस जियो ने नवंबर में 12.1 लाख वायरलेस ग्राहक जोड़े। इससे उसके मोबाइल ग्राहकों की संख्या 46.12 करोड़ हो गई है। वहीं भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और सार्वजनिक क्षेत्र की भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के ग्राहकों की संख्या कम हुई है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, जियो ने पिछले चार महीनों की गिरावट को रोकते हुए नवंबर में अपने मोबाइल उपयोगकर्ताओं की संख्या को बढ़ाकर 46.12 करोड़ तक कर लिया। भारती एयरटेल ने नवंबर में 11.4 लाख वायरलेस ग्राहक खो दिए, जबकि इसके मोबाइल उपयोगकर्ताओं की संख्या घटकर 38.4 करोड़ रह गई।

# स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट होगा हिंदुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड का आइसक्रीम व्यापार




**नई दिल्ली, जेएनएन।** रोजमर्रा के सामान बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही कंपनी ने अपने अलग हुए आइसक्रीम कारोबार को बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है। कंपनी के बोर्ड ने आइसक्रीम कारोबार के डीमर्जर को मंजूरी देते हुए अपने मौजूदा शेयरधारकों के लिए 1:1 शेयर रेश्यो की घोषणा की।

**हर शेयर पर एक शेयर फ्री:** हिंदुस्तान यूनिलीवर ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि शेयरधारकों को कंपनी में उनके प्रत्येक शेयर के लिए नई इकाई का एक फ्री शेयर मिलेगा। अलग हुई इकाई का नाम क्वालिटी वॉल्स (इंडिया) लिमिटेड होगा। यह कंपनी प्रक्रिया पूरी होने पर एक स्वतंत्र, सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी के रूप में काम करेगी।

**समिति ने की थी सिफारिश:** सितंबर 2024 में गठित एक स्वतंत्र समिति की सिफारिश के बाद कंपनी के बोर्ड ने डिमर्जर को मंजूरी दी थी। समिति ने कहा था कि आइसक्रीम बिजनेस, जिसमें क्वालिटी वॉल्स, कॉर्नेट्टो और मैग्नम जैसे लोकप्रिय ब्रांड शामिल हैं, का एक अलग ऑपरेटिंग मॉडल है। इसके लिए विशेष कोल्ड चेन इंफ्रा और वितरण चैनलों की जरूरत होती है, जो हिंदुस्तान यूनीलिवर के बाकी परिचालनों से अलग है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी के आइसक्रीम बिजनेस का कारोबार 1,595 करोड़ रुपये था, जो 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए कंपनी के कुल स्टैंडअलोन कारोबार का 2.7 प्रतिशत है।

**कैसे रहे तिमाही नतीजे:** दिसंबर तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 19.18 प्रतिशत बढ़कर 2,989 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका मुनाफा 2,508 करोड़ रुपये था। अक्टूबर-दिसंबर, 2024 तिमाही में कंपनी की कुल आय 16,050 करोड़ रुपये रही जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 15,781 करोड़ रुपये थी। दिसंबर तिमाही में कंपनी का कुल व्यय बढ़कर 12,576 करोड़ रुपये हो गया जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 12,305 करोड़ रुपये था। इस बीच, हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर बुधवार को एनएसई पर मामूली गिरावट के साथ 2,340 रुपये पर बंद हुए।


# कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

N.I.T क्र 27 (E.T)/ निर्माण/ न.पा.नि/2024-25 सतना दिनांक 18.01.2025

**//निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र व जारी दिनांक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | वार्ड क्र | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 27/01 18.01.2025 | 2025_UAD _397028_1 | फायर स्टेशन निर्माण धवारी S.T.P के पास | 32 | 33,74,203/- | 50,000/- | 5000/- | 05 |
| 2 | 27/02 18.01.2025 | 2025_UAD _397029_1 | मुक्तिधाम निर्माण ढलैया बस्ती में | 11 | 25,68,123/- | 50,000/- | 5000/- | 04 |
| 3 | 27/03 18.01.2025 | 2025_UAD _397030_1 | नाली निर्माण जे.पी.रोड नाली नं 01,02 एवं 03 | 04 | 23,66,312/- | 47,500/- | 5000/- | 04 |
| 4 | 27/04 18.01.2025 | 2025_UAD _397031_1 | आर.सी.सी. नाली निर्माण विभिन्न स्थानों में | 25 | 24,08,793/- | 48,200/- | 5000/- | 04 |
| 5 | 27/05 18.01.2025 | 2025_UAD _397032_1 | सामुदायिक भवन बाउण्ड्री के अंदर फिलिंग एवं पेवर्स कार्य | 29 | 21,50,390/- | 43,100/- | 5000/- | 03 |
| 6 | 27/06 18.01.2025 | 2025_UAD _397033_1 | नाली निर्माण अटल नगर | 29 | 11,71,352/- | 23,500/- | 2000/- | 03 |
| 7 | 27/07 18.01.2025 | 2025_UAD _397034_1 | नाली कवर्ड गली नं 14, 15, 16 विभिन्न स्थानों में | 27 | 16,97,040/- | 34,000/- | 2000/- | 03 |
| 8 | 27/08 18.01.2025 | 2025_UAD _397035_1 | पेवर्स रोड निर्माण हरिजन बस्ती में | 32 | 10,31,996/- | 20,700/- | 2000/- | 03 |
| 9 | 27/09 18.01.2025 | 2025_UAD _397036_1 | नाली एवं पुलिया निर्माण विभिन्न स्थानों में | 33 | 13,78,679/- | 27,600/- | 2000/- | 03 |
| 10 | 27/10 18.01.2025 | 2025_UAD _397038_1 | आर.सी.सी. नाली निर्माण गली नं 08 टिकुरिया टोला | 45 | 15,41,000/- | 30,900/- | 2000/- | 03 |
| 11 | 27/11 18.01.2025 | 2025_UAD _397039_1 | नाली निर्माण रेल्वे अंडर पास से सर्किट हाउस तक | 05 | 17,94,023/- | 35,900/- | 2000/- | 04 |
| 12 | 27/12 18.01.2025 | 2025_UAD _397040_1 | नाली निर्माण चमडिया नमकीन कंपनी पीछे बस्ती (डालीबाबा रोड) | 37 | 19,80,401/- | 39,700/- | 2000/- | 04 |
| 13 | 27/13 18.01.2025 | 2025_UAD _397041_1 | नाली निर्माण रामटेकरी व राजीव नगर विभिन्न स्थानो में | 17 | 17,57,760/- | 35,200/- | 2000/- | 04 |
| 14 | 27/14 18.01.2025 | 2025_UAD _397042_1 | नाली एवं पुलिया निर्माण विभिन्न स्थानों में | 06 | 19,25,310/- | 38,600/- | 2000/- | 04 |

शर्ते :- 1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 21.01.2025 समय 17:30 से दिनांक 21.02.2025 समय 17:30 बजे तक आनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा। 2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम सतना म.प्र.



MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.), (GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./894/22/D-12/NIT-Maint./2025 Bhopal, Dated : 22.01.2025

**NOTICE INVITING TENDER No. 327/MTN/2025**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal https://mptenders.gov.in as detailed below.

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.
- **Table No. 1 :- Name of Work** - Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) | S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Agar Malwa | 1 | 3481750.00 | 14 | Raisen | 1 | 12612673.00 |
| 2 | Alirajpur | 1 | 14284801.00 | 15 | Ratlam | 1 | 3879702.00 |
| 3 | Ashoknagar | 3 | 45621981.00 | 16 | Rewa | 4 | 28215966.00 |
| 4 | Balaghat | 1 | 6801659.00 | 17 | Sagar | 2 | 59315894.00 |
| 5 | Betul | 1 | 21163430.00 | 18 | Satna | 2 | 20499604.00 |
| 6 | Chhatarpur | 2 | 32024906.00 | 19 | Seoni | 1 | 15468952.00 |
| 7 | Dhar | 4 | 19860472.00 | 20 | Shahdol | 1 | 13812929.00 |
| 8 | Guna | 2 | 6000735.00 | 21 | Sheopur | 5 | 50080960.00 |
| 9 | Indore | 2 | 9400831.00 | 22 | Shivpuri | 3 | 37775986.00 |
| 10 | Jhabua | 3 | 25342045.00 | 23 | Sidhi | 1 | 8783324.00 |
| 11 | Khandwa | 2 | 16901772.00 | 24 | Ujjain | 1 | 3681101.00 |
| 12 | Khargone | 6 | 131865226.00 | 25 | Umaria | 1 | 3094777.00 |
| 13 | Morena | 3 | 39104977.00 | 26 | Singrauli | 3 | 29001544.00 |

- **Table No. 2 :- Name of Work** - Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) | S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Agar Malwa | 1 | 7887884.00 | 16 | Khargone | 7 | 58258648.00 |
| 2 | Anuppur | 1 | 8153173.00 | 17 | Narmadapuram | 3 | 13358799.00 |
| 3 | Ashoknagar | 1 | 16006484.00 | 18 | Neemuch | 1 | 9787815.00 |
| 4 | Betul | 1 | 6352049.00 | 19 | Raisen | 3 | 8930185.00 |
| 5 | Bhopal | 1 | 3520809.00 | 20 | Rajgarh | 2 | 26312301.00 |
| 6 | Chhatarpur | 2 | 12822539.00 | 21 | Rewa | 1 | 6060780.00 |
| 7 | Chhindwara | 1 | 5323679.00 | 22 | Sagar | 2 | 17744331.00 |
| 8 | Damoh | 1 | 2513352.00 | 23 | Sehore | 4 | 26236939.00 |
| 9 | Datia | 1 | 8051513.00 | 24 | Sheopur | 2 | 30279062.00 |
| 10 | Dhar | 2 | 32616006.00 | 25 | Shivpuri | 1 | 13935219.00 |
| 11 | Dindori | 1 | 17952911.00 | 26 | Sidhi | 2 | 16072961.00 |
| 12 | Guna | 1 | 13188222.00 | 27 | Tikamgarh | 5 | 76682672.00 |
| 13 | Indore | 2 | 41571843.00 | 28 | Umaria | 5 | 57065138.00 |
| 14 | Jhabua | 3 | 92639041.00 | 29 | Singrauli | 2 | 18336035.00 |
| 15 | Khandwa | 2 | 33664544.00 | | | | |

- **Table No. 3 :- Name of Work** - Repair/Maintenance of the Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) | S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Alirajpur | 1 | 11547222.00 | 13 | Khargone | 2 | 14610459.00 |
| 2 | Barwani | 1 | 6863653.00 | 14 | Panna | 4 | 71014657.00 |
| 3 | Betul | 1 | 3459545.00 | 15 | Ratlam | 1 | 2724085.00 |
| 4 | Bhind | 1 | 6749330.00 | 16 | Rewa | 3 | 18059651.00 |
| 5 | Bhopal | 2 | 43079598.00 | 17 | Sagar | 1 | 6496536.00 |
| 6 | Chhatarpur | 1 | 5465103.00 | 18 | Satna | 2 | 15400941.00 |
| 7 | Datia | 1 | 19404061.00 | 19 | Sehore | 1 | 6438213.00 |
| 8 | Dewas | 1 | 15290484.00 | 20 | Seoni | 3 | 31682880.00 |
| 9 | Dhar | 7 | 144054005.00 | 21 | Shivpuri | 1 | 19451781.00 |
| 10 | Guna | 5 | 44176634.00 | 22 | Sidhi | 2 | 20094032.00 |
| 11 | Harda | 1 | 21331841.00 | 23 | Tikamgarh | 1 | 18500535.00 |
| 12 | Jhabua | 3 | 50510389.00 | 24 | Umaria | 1 | 3423805.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **29.01.2025 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission **is 21.02.2025 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/118461/2025 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।


# सोना 630 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर, चांदी 1,000 रु.उछली

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच आभूषण एवं फुटकर विक्रेताओं की लगातार लिवाली के बाद राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत 630 रुपये बढ़कर 82,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। लगातार छठे सत्र में तेजी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 630 रुपये बढ़कर 82,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।


**कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)**
**प्रथम वार्षिक ई-निविदा आमंत्रण वर्ष 2025-26**

केन्द्रीय जेल रीवा में परिरुध्द बंदियों के उपयोग हेतु वर्ष 2025-26 के लिये खाद्यान, सब्जी, दवाईयां एवं स्वच्छता/विद्युत, भवन निर्माण सामग्री तथा स्टेशनरी सामग्री क्रय करने हेतु प्रथम वार्षिक ई-निविदा www.mptenders.gov.in पर दिनांक- 01/02/2025 को सायं 05:00 तक आमंत्रित की जाती है । इच्छुक व्यापारीगण ई- निविदा फार्म एवं ई- निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाईट से प्राप्त करें। विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र. | विवरण | दिनांक/ समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री- बिड मीटिंग | 15/01/2025 प्रात: 11:00 बजे | केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०) |
| 2. | ई- निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रुपये 05.00 लाख तक रुपये 500.00 एवं रुपये 05.00 लाख से अधिक रुपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी।) | 31/01/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 3. | ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 01/02/2025 सायं 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 4. | सेम्पल जमा करने की अंतिम तिथि | 01/02/2025 सायं 05:00 बजे तक | केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०) |
| 5. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 03/02/2025 प्रात: 11:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |
| 6. | वित्तीय ई- निविदा खोलने की तिथि | 04/02/2025 प्रात: 11:00 बजे | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है । |

नोट:-
1. ई-निविदा का प्रकाशन केन्द्रीय जेल रीवा से किया जा रहा है एवं **निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही संबंधित जेल द्वारा की जावेगी।**
2. व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई- निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है ।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा (म०प्र०)

G- 22052/24


## सगाई समारोह में हादसा

# खेलते-खेलते 2 साल का बच्चा कढ़ाई में गिरा, मौत

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** निशातपुरा इलाके के संस्कार मैरिज गार्डन में गर्म तेल की कढ़ाई में गिरने से झुलसे दो साल के बच्चे की मौत हो गई। घटना सोमवार रात करीब 11 बजे उस दौरान हुई जब बच्चा अपने ताऊ के बेटे की सगाई समारोह में एंजाय करते हुए खेलते-खेलते कढ़ाई में जा गिरा। गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल में एडमिट कराया गया। मंगलवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। बच्चे के शव का पोस्टमार्टम परिजन ने नहीं कराया है। निशातपुरा थाना प्रभारी रुपेश दुबे ने बताया कि शिव नगर, छोला मंदिर में रहने वाले राजेश साहू का इलेक्ट्रॉनिक्स का शोरूम है। 20 जनवरी, सोमवार को राजेश के परिवार में इंगेजमेंट सेरेमनी का कार्यक्रम संस्कार गार्डन में चल रहा था। वे अपने 2 साल के बेटे अक्षांश और 7 साल के आरू के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। रात करीब 11 बजे परिवार के सभी लोग खाना खाने लगे। इस बीच अक्षांश खेलते हुए मैरिज गार्डन परिसर में बने ओपन किचन में रखी गर्म तेल की कढ़ाई तक पहुंच गया।

## मुड़ीला ग्राम पंचायत में ठेकेदार पर लगे मनमानी के आरोप

# बिना स्वीकृति के किया जा रहा निर्माण कार्य, प्रशासन उदासीन



### ग्रामवासियों के विरोध और सरपंच के पत्र के बावजूद निर्माण कार्य जारी

**गढ़, नि.प्र.।** मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के मुड़ीला ग्राम पंचायत में ठेकेदार की मनमानी एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। यहां मंदिर और तालाब के पास पानी की टंकी का निर्माण कार्य प्रशासन की अनुमति और सरपंच के पत्र के बावजूद जारी है। यह घटना स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों के बीच गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है, क्योंकि यह न केवल प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है, बल्कि ठेकेदार की दबंगई को भी उजागर करती है।

### बिना स्वीकृति किया जा रहा निर्माण कार्य

स्थानीय सरपंच और ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का आरोप है कि उन्होंने कई बार ठेकेदार के खिलाफ लिखित शिकायतें की हैं और निर्माण कार्य को रोकने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया है। बावजूद इसके, ठेकेदार के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। सरपंच का कहना है कि उन्होंने अधिकारियों को पत्र के माध्यम से यह जानकारी दी थी कि यह निर्माण कार्य बिना स्वीकृति के किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद ठेकेदार ने अपनी मनमानी जारी रखी। स्थानीय लोग यह भी मानते हैं कि इस निर्माण कार्य का स्थान और तरीका पूरी तरह से अवैध है, क्योंकि यह संवेदनशील स्थानों जैसे मंदिर और तालाब के पास किया जा रहा है। ग्रामवासियों का आरोप है कि इस प्रकार के निर्माण कार्य से न केवल इन धार्मिक और पर्यावरणीय स्थलों का सम्मान घटेगा, बल्कि इससे आसपास की जलवायु और पारिस्थितिकी भी प्रभावित हो सकती है।

### ठेकेदार की दबंगई और प्रशासन की निष्क्रियता

मुड़ीला ग्राम पंचायत के निवासी और जनप्रतिनिधि इस घटना को ठेकेदार की दबंगई का उदाहरण मानते हैं। ठेकेदार को किसी प्रकार का प्रशासनिक डर या रोक-टोक नहीं दिखाई दे रही है। यह साफ तौर पर दिखाता है कि ठेकेदार के पास किसी न किसी रूप में प्रशासन का संरक्षण या संरक्षणदाता है, जिसकी वजह से वह बिना किसी भय के अवैध निर्माण कार्य कर रहा है। इस स्थिति ने स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली और उनकी निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं।

### निर्माण कार्य के प्रति स्थानीय जनता में है आक्रोश

स्थानीय निवासियों और जनप्रतिनिधियों ने इस मुद्दे को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है। उनका कहना है कि अगर प्रशासन ने तुरंत कदम नहीं उठाए, तो यह स्थिति और भी बिगड़ सकती है। ग्रामवासियों का मानना है कि यदि ठेकेदार को इसी तरह से छूट दी जाती रही, तो यह पूरे पंचायत क्षेत्र में अराजकता फैला सकता है, और यह लोगों के जीवन को कठिन बना सकता है। इसके अलावा, यह स्थानीय शासन-प्रशासन के लिए भी एक बड़ा सवाल खड़ा करता है कि वे अपनी जिम्मेदारियों को ठीक से निभा रहे हैं या नहीं।

### आवश्यक कार्रवाई की हो रही है मांग

स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की तुरंत जांच की जाए और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्हें यह स्पष्ट करने के लिए कहा गया है कि पानी की टंकी का निर्माण कहीं स्वीकृत स्थान पर हो रहा है, या फिर यह किसी अवैध अतिक्रमण का हिस्सा है। इसके अलावा, यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में इस प्रकार के निर्माण कार्यों को बिना अनुमति के न किया जाए और संबंधित अधिकारियों को भी इस मामले में जवाबदेह ठहराया जाए। स्थानीय लोगों ने यह भी अपील की है कि जिन अधिकारियों ने इस मामले में लापरवाही बरती है, उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाए। उनके मुताबिक, ठेकेदार की ओर से अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए ताकि इस तरह के मामले भविष्य में न हों। मुड़ीला ग्राम पंचायत में हो रही इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई नहीं की, तो ठेकेदारों की मनमानी और अवैध निर्माण कार्यों का सिलसिला जारी रह सकता है। इस प्रकार के मामलों में जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों की सक्रियता महत्वपूर्ण है, लेकिन यह तभी संभव है जब प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से ले और सही कदम उठाए। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस मामले में क्या कदम उठाते हैं और क्या ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाती है।

# तालाब में हो रहे सड़क निर्माण कार्य को रोके जाने ग्रामीणों ने की मांग

### मामला ग्राम पंचायत गढ़वा के लुचकी स्थिति शासकीय तालाब का



**जवा ब्यूरो।** जनपद पंचायत जवा अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़वा में सरपंच सचिव द्वारा ग्राम लुचकी में स्थित प्राचीन शासकीय तालाब के भीठा की खुदाई कर तालाब का स्वरूप बिगाड़ कर जबरन सड़क निर्माण का कार्य कराया जाने का आरोप लगाया है। नाराज ग्रामीणों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जवा सहित जिला कलेक्टर रीवा को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

### क्या है पूरा मामला

ग्राम लुचकी की आराजी नं.214 रकबा 1.563हेक्टयर में वर्षो पुराना शासकीय तालाब में ग्रामीणो के विरोध एवं माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के दिशा निर्देशों की अवहेलना करते हुए तालाबों के वास्तविक स्वरूप को ना बिगाड़ा जाय लेकिन उसके बावजूद ग्राम पंचायत गढ़वा के सरपंच लल्लू प्रसाद बर्मा एवं सचिव राजबहोर प्रजापति सरपंच प्रतिनिधि बीरेंद्र द्वारा जबरन मनमानी तरीके से तालाब के भीठा की जेसीबी से खुदाई कर अवैधानिक तरीके से तालाब के भीठा की खुदाई कर तालाब में हो रहे सड़क निर्माण कार्य को रोके जाने की मांग ग्रामीणों ने की है।

### बरसात में तालाब के फूटने का रहेगा डर

इस संबंध में ओंकारनाथ सिंह मायालाल सिंह रजनीश नापित रामविलास मौर्य रामकृष्ण मौर्य सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच सचिव द्वारा शासन के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए तालाब का वास्तविक स्वरूप बिगाड़ कर तालाब के भीठा में किया जा रहा सड़क निर्माण पूरी तरह से असंवैधानिक बताते हुए कहा कि अत्यधिक खुदाई के चलते बरसात में तालाब फूटने का भी डर बना रहेगा ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर रीवा से कार्यवाही की मांग की है।

# महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के साथ दी गई दवाइयां



### आईसीटीएम सोशल ग्रुप मोड़ी ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**डभौरा नि.प्र.।** आईसीटीएम सोशल फाउंडेशन मोड़ी द्वारा लगातार महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको स्वास्थ्य संबंधित कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन और पौष्टिक आहार समय समय पर प्रदान किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के सुपरवाइजर संदीप मिश्रा ने बताया कि पिछले कई महीनों से रीवा जिले के ब्लॉक जवा में अनआईसीएसआई का प्रोजेक्ट आईसीटीएम सोशल ग्रुप मोड़ी द्वारा स्तनपान महिलाओं एवं लड़कियों के लिए स्वस्थ संबंधित शिविर और जरूरतमंद मेडिसिन प्रदान की जा रही है। जवा ब्लाक के गांव खरपटा में टीकाकरण के दौरान शिविर लगाकर महिलाओं को स्वस्थ की जानकारी के साथ साथ महिलाओं को स्वस्थ्य के प्रति जागरूक कर खान-पान के विषय में जानकारी दी गई। इस मौके पर आशा कार्यकर्ता सुधा तिवारी, बंदना पाठक आशा पर्यवेक्षक अरुण पांडे ए एन एम रंजना सिंह व अन्य गांवों की लाभार्थी महिलाएं मौजूद थी।

# रीठी में पट्टा वितरण और जन समस्या निवारण शिविर कल

### मुख्य अतिथि होगे गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह



**गुढ़ ( नि.प्र )।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन रीठी में पट्टा वितरण और जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ अनुराग तिवारी सहित कई विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। ग्राम पंचायत सरपंच रामसेवक पटेल मुखिया द्वारा शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल होकर समस्या के निदान कराने का आग्रह किया है।

# गुढ़ विधायक ने संतृप्त परिवारों से मुलाकात कर दी श्रद्धांजलि



**गुढ़ ( नि.प्र )।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह ने गुढ़ विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर शोक संतृप्त परिवारों से मुलाकात कर श्रद्धांजलि अर्पित की। रायपुर कर्चुलियान निवासी ऋषि सिंह के पिताजी गया प्रसाद सिंह उम्र 77 वर्ष के निधन, संतलाल वर्मा उम्र 64 वर्ष के निधन और ग्राम टटिहरा निवासी दानबहादुर सिंह के माताजी स्व. माला देवी सिंह के दुखद निधन पर परिजनों से मुलाकात करते हुआ शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उनके साथ विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल यादव, भाजपा मंडल रायपुर कर्चुलियान के अध्यक्ष अभिषेक सिंह, पीएसओ रविन्द्र तिवारी सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# कलश यात्रा में शामिल हुए हजारों लोग

### बूढ़ी माता मंदिर में भागवत महायज्ञ की शुरुआत



**लालगांव, नि.प्र.।** बूढ़ी माता मंदिर बेलवा बड़गैयन में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रथम दिवस कलश याश्त्रा के साथ महराज डॉ. विशुद्धानंद ब्रह्मचारी की भव्य शोभायात्रा बेलवा से देवास, क्योटी भगवान सिद्ध भैरव बाबा के चरणो में समर्पित कर लालगांव होते हुए यज्ञस्थल पहुँचकर भागवत महात्म्य की शुरुआत हुई। इस कलश यात्रा में आसपास के गांवो से सैंकड़ों वाहनों के साथ हज़ारों लोग शामिल हुए। भागवत महापुराण के मुख्य यजमान हरेंद्र फड़ीनंद्र व सरोज शुक्ल है। कथा व्यास भागवत भगवान के महात्म्य को बताया इस अवसर पर कथा का श्रवण करने हेतू आसपास के ग्रामीणजन उत्सव के रूप मे मनाने हेतु तत्पर दिखे। कार्यक्रम के आयोजक आशा आशुतोष, प्रज्ञा चंद्रमौलि, पूनम अंशुमान तथा सभी पिछौरा शुक्ल परिवारजनो ने सभी सम्मानित शुभचिंतक श्रद्धालुजनों से कथा मे पहुंचकर श्रवण करने का अनुरोध किया।

# मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर बना प्रशासनिक उदासीनता का शिकार

### अधिकारी नदारद, जनता को फिर मिली निराशा



**गढ़, नि.प्र.।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत मुंडिला जनपद पंचायत नईगढ़ी, जिला मऊगंज में एक शिविर आयोजित किया गया, जो सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलना था। लेकिन इस शिविर में प्रशासनिक लापरवाही साफ नजर आई। मौके पर अधिकारियों की अनुपस्थिति और उचित प्रबंधन के अभाव के कारण यह शिविर सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया।

### शिविर में व्यवस्थाएं पूरी, अधिकारी गायब

शिविर स्थल पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुंडिला में आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे टेंट, कुर्सियां और मंच की व्यवस्था की गई थी। लेकिन सुबह 10:30 बजे से ही बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीण हितग्राही अधिकारियों का इंतजार करते रहे। दोपहर 12:00 बजे तक कोई भी संबंधित अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे निराश होकर ग्रामीण वापस लौटने लगे। मौके पर आए लोगों का कहना था कि उन्हें योजनाओं की जानकारी और लाभ लेने की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें सिर्फ खाली कुर्सियां और सजीव प्रशासनिक उपेक्षा ही देखने को मिली।

### शिविर में शामिल होने थे ये विभाग

इस शिविर में महिला एवं बाल विकास, कृषि विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को उपस्थित रहकर जनसमस्याओं का समाधान करना था। सरकार द्वारा इन विभागों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को लागू करने का दावा किया जाता है, लेकिन मौके पर अधिकारियों की गैरमौजूदगी ने सरकार के इन दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### ग्रामीणों की शिकायत - योजनाएं कागजों तक सीमित

मुदिला गांव के ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाएं सिर्फ कागजों पर चल रही हैं, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। ग्रामीणों का कहना था कि वे शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, पेंशन योजनाएं और अन्य सरकारी लाभों की जानकारी लेने और आवेदन की स्थिति जानने के लिए आए थे, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अधिकारी केवल शहरी और कस्बाई इलाकों तक सीमित रहते हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जाता है।

### जनता की मांग : हो उच्चस्तरीय जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई

ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से अपील की है कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ग्रामीणों के साथ ऐसी धोखाधड़ी न हो। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ऐसी घटनाएं जारी रहीं, तो जनता का सरकार पर से विश्वास उठ जाएगा।

### प्रशासन की मनमानी से जनता नाराज

ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की ओर से योजनाओं का लाभ देने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन जब भी शिविरों का आयोजन होता है, तब अधिकारियों की उदासीनता सामने आती है। उनका कहना था कि यह पहला मौका नहीं है जब इस तरह की लापरवाही हुई है, इससे पहले भी आयोजित शिविरों में अधिकारी नाममात्र की उपस्थिति दर्ज कराकर चले जाते हैं।

### क्या कहता है प्रशासन?

इस पूरे मामले में जब प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि किसी कारणवश देरी हुई होगी और जल्द ही अधिकारियों को भेजा जाएगा। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि यह हमेशा की तरह सिर्फ आश्वासन ही साबित होगा।

### शिकायतें दर्ज, जल्द होगी कार्रवाई

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 और जिला कलेक्टर कार्यालय में इस शिविर की अव्यवस्थाओं और अधिकारियों की गैरहाजिरी को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है या फिर मामला यूं ही ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

### लाखों का खर्च, फिर भी जनता को कुछ नहीं मिला

शिविर के आयोजन पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन जब अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचते, तो जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिल पाता। टेंट, कुर्सियों और अन्य व्यवस्थाओं पर सरकारी धन खर्च किया जाता है, लेकिन जनता को केवल दिखावे और कागजी कार्यवाही से संतुष्ट किया जा रहा है।

## लगान प्रीमियर लीग 25 की विजेता बनी रागनिया टीम



**गुढ़ ( नि.प्र )।** लगान प्रीमियर क्रिकेट मैच 25 का फाइनल मैच रीठी बनाम रागनिया के बीच गुढ़ में खेला गया। जिसमें रीठी ने 33 रन का टारगेट रागनिया को दिया जिसे रागनियां ने 8 ओवर में प्राप्त कर लिया। इस टूर्नामेंट का विजेता रागनिया टीम को 2100 रूपये का और उप विजेता रीठी टीम को 1100 रुपए का नगद पुरस्कार मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि गुढ़ और मंडल अध्यक्ष भाजपा मंडल गुढ़ एड.अनंत कुमार गुप्ता के हाथों दिया गया।

## बजरंग बैडमिंटन क्लब हनुमना ने दी मयंक गुप्ता को श्रंद्धाजलि

**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना के शायर और कुशल खिलाड़ी युवा समाजसेवी मयंक गुप्ता (छोटू भैया ) के निधन पर बजरंग बैडमिंटन क्लब हनुमना द्वारा उनके दुखद निधन पर शोकसभा अयोजित कर मयंक भैया को विन्रम श्रंद्धाजलि अर्पित की। जिसमें संरक्षक श्री कृष्णमुरारी गुप्ता, सतीश गुप्ता, अरुण ज्योति गुप्ता , प्रितेंद्र सिंह, दिलीप द्विवेदी , हिमांशु सिंह , मनोज गुप्ता , अजय गुप्ता, संजू गुप्ता, रामजी गुप्ता, नमन गुप्ता, अनुभव गुप्ता, कपिल गुप्ता, शानू गुप्ता, निशांक गुप्ता, विठ्ठल गुप्ता, हरिनारायण गुप्ता, डबल गुप्ता आदि लोग सम्मिलित होकर ईश्वर से दिगवंत आत्मा की शांति और परिवार को कठोर दुःख सहन करके की शांति प्रदान करने की कामना की।

## अमृत 2.0 योजना के तहत वार्ड हनुमना क्र 2 में हुआ भूमि पूजन

**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना नगर के मिसिरपुरा, वार्ड क्रमांक 2 में 40 लाख 73 हजार रुपए का तालाब सौंदर्यीकरण का भूमि पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि नगर परिषद के अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता, विशिष्ट अतिथि शरद गुप्ता वार्ड पार्षद श्याम मिश्रा के द्वारा भूमि पूजन किया गया । इसके साथ ही वीरेंद्र कुमार मिश्रा संविदाकार, अरुण कुमार त्यागी सीएमओ, अनिल कुमार मिश्रा उपयंत्री, के अलावा नगर परिषद के पाषर्दगढ़ एवं मिसिरपुरा गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





भारत ने पहले टी-20 में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया, पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे, दूसरा मुकाबला 25 को

# टीम इंडिया की कोलकाता में लगातार 7वीं टी-20 जीत, पाक की बराबरी की

**कोलकाता, जेएनएन।** 'मिस्ट्री स्पिनर' वरुण चक्रवर्ती (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद अभिषेक शर्मा (79) की ताबड़तोड़ अर्धशतकीय पारी से भारत ने बुधवार को पांच मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को सात विकेट से शिकस्त दी। भारत ने अभिषेक के अर्धशतक की बदौलत 12.5 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन बनाकर आसान जीत से सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। कप्तान जोस बटलर (68) के अर्धशतक के बावजूद इंग्लैंड की टीम शुरुआती झटकों से उबर नहीं सकी और 20 ओवर में 132 रन पर सिमट गई। अभिषेक और विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (26) ने तेज शुरुआत कराकर पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। सैमसन की पारी तब खत्म हुई जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर (21 रन देकर दो विकेट) की गेंद को पुल करने के प्रयास में ऊंचा उठा दिया और गुस एटकिंसन ने बाउंड्री से भागते हुए शानदार कैच लपका। इसी पांचवें ओवर में कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पवेलियन लौट गए। वह आर्चर की लेग कटर गेंद पर बल्ला छुआ बैठे और विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने शानदार कैच लपक लिया। पावरप्ले में दो विकेट गंवाने के बाद अभिषेक ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 34 गेंद में आठ छक्के और पांच चौके जड़कर इंग्लैंड से मैच छीन लिया, जिससे भारत ने 43 गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। अभिषेक ने 200 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए तिलक वर्मा (नाबाद 19) के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की।

■ भारत बतौर फुल मेंबर नेशन टी-20 में एक वेन्यू पर लगातार सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने वाला संयुक्त रूप से दूसरा देश है। भारत ने कोलकाता में 2016 से 2025 तक लगातार सात मैच जीते। वहीं पाकिस्तान ने कराची के मैदान पर 2008 से 2021 तक लगातार सात टी-20 मैच जीतने का कारनामा अंजाम दिया। पहले नंबर पर इंग्लैंड ने कार्डिफ में 2010 से 2021 तक लगातार आठ टी-20 मैच जीते हैं।

**97** विकेट अर्शदीप के टी-20 इंटरनेशनल में हो गए हैं। वे भारत की ओर से टी-20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। अर्शदीप ने युजवेंद्र चहल (96) को पीछे छोड़ा। तीसरे नंबर पर भुवनेश्वर कुमार (90) काबिज हैं। अर्शदीप ने 2022 में टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण किया और उन्होंने अपने 61वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की, जो चहल के टी-20 में 80 मैच की तुलना में 19 मैच कम है। अर्शदीप ने 8.32 के इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की है।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड : 132/10 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट का. सैमसन बो. अर्शदीप | 0 | 3 | 0 | 0 |
| बेन डकेट का. रिंकू बो. अर्शदीप | 4 | 4 | 1 | 0 |
| बटलर का. नीतिश बो. वरुण | 68 | 44 | 8 | 2 |
| हैरी ब्रूक बो. वरुण | 17 | 14 | 2 | 1 |
| लिविंगस्टन बो. वरुण | 0 | 2 | 0 | 0 |
| बेथेल का. अभिषेक बो. हार्दिक | 7 | 14 | 0 | 0 |
| ओवर्टन का. नीतिश बो. अक्षर | 2 | 4 | 0 | 0 |
| एटकिंसन स्टं. सैमसन बो. अक्षर | 2 | 13 | 0 | 0 |
| आर्चर का. सूर्यकुमार बो. हार्दिक | 12 | 10 | 1 | 0 |
| आदिल राशिद नाबाद | 8 | 11 | 1 | 0 |
| मार्क वुड रनआउट | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 11, **कुल** : 20 ओवर में 132 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन** : 1-0, 2-17, 3-65, 4-65, 5-83, 6-95, 7-103, 8-109, 9-130, 10-132, **गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-17-2, हार्दिक 4-0-42-2, वरुण चक्रवर्ती 4-0-23-3, अक्षर पटेल 4-1-22-2, रवि बिशनोई 4-0-22-0.

**भारत : 133/3 (12.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का. ऐटकिंसन बो. आर्चर | 26 | 20 | 4 | 1 |
| अभिषेक का. ब्रूक बो. राशीद | 79 | 34 | 5 | 8 |
| सूर्यकुमार का. साल्ट बो. आर्चर | 0 | 3 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 19 | 16 | 3 | 0 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 3 | 4 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 6, **कुल** : 12.5 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन, **विकेट पतन** : 1-41, 2-41, 3-125 **गेंदबाजी** : आर्चर 4-0-21-2, गस ऐटकिंसन 2-0-38-0, मार्क वुड 2.5-0-25-0, आदिल राशिद 2-0-27-1, जेमी ओवर्टन 1-0-10-0, लिविंगस्टन 1-0-7-0.

## मैच में नहीं खेलने पर शमी की फिटनेस पर उठे सवाल

पहले टी-20 के टॉस के दौरान जब सूर्यकुमार यादव ने भारतीय प्लेइंग-11 के बारे में बताया तो सब सकते में थे। उस लिस्ट में मोहम्मद शमी का नाम नहीं था और इस तरह से शमी के 431 दिनों (अंतिम बार जब शमी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला था), का लंबा इंतजार जारी रहा। शमी को जगह नहीं मिलने के बाद सवाल उठने लगे है कि क्या राष्ट्रीय चयनकर्ता को उनकी फिटनेस को लेकर संदेह है। भारत में 2023 में खेले गए विश्व कप के दौरान चोटिल हुए शमी की टीम में लंबे समय के बाद वापसी हुई है। इस 34 साल के खिलाड़ी ने मैच से पहले नेट सत्र के दौरान लगभग आधे घंटे तक गेंदबाजी की, लेकिन टॉस के समय भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बताया कि वह इस मैच में अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं है। शमी ने इस मैच से पहले भारत के सभी अभ्यास सत्र में अपनी पूरी गति से गेंदबाजी की। इस दौरान हालांकि उनके बाएं घुटने पर पट्टी बंधी थी। शमी को टीम में जगह नहीं मिलने पर सवाल उठ रहे है कि क्या हर अभ्यास सत्र के बाद उनके बाएं घुटने में अब भी सूजन की समस्या है। सूर्यकुमार ने हालांकि मैच से एक दिन पहले उनकी फिटनेस से जुड़ी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा था, टीम में एक अनुभवी गेंदबाज का होना हमेशा अच्छा होता है, और वह एक साल से अधिक समय के बाद वापसी कर रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवर की घरेलू श्रृंखलाओं और चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में जगह पाने वाले शमी ने रणजी ट्रॉफी सैयद मुश्ताक अली टी-20 और विजय हजारे जैसे घरेलू प्रतियोगिताओं में अपनी फिटनेस साबित की।



## नवारो को हराकर स्वियातेक ने सेमीफाइनल में, कीज से मुकाबला




**मेलबर्न, जेएनएन।** इगा स्वियातेक ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में बुधवार को आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो के खिलाफ 6-1, 6-2 की एकतरफा जीत दर्ज करते हुए साल के शुरुआती ग्रैंड स्लैम में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। स्वियातेक के सामने सेमीफाइनल में अमेरिका की 29 साल मैडिसन कीज की चुनौती होगी। दूसरी वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने टूर्नामेंट में अब तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। मेलबर्न पार्क में अपना पहला खिताब जीतने के लिए जोर लगा रही पोलैंड की इस खिलाड़ी ने टूर्नामेंट में अब तक सिर्फ 14 गेम गंवाए है। इससे पहले 15 से कम गेम गंवाकर ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में जगह बनाने का कारनामा 2013 में मारिया शारापोवा ने किया था। अब तक पांच बार ग्रैंड स्लैम जीत चुकी इस 23 साल की खिलाड़ी ने कहा कि मैं टूर्नामेंट में अपने अब तक के प्रदर्शन से काफी खुश हूं।

### कीज की लगातार 10वीं जीत

विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज कीज ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर मौजूदा सत्र में लगातार 10वीं जीत दर्ज की। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन में उतरने से पहले एडिलेड में हमवतन जेसिका पेगुला को हराकर खिताब जीता था।





### शेलटन अंतिम चार में, सिनर से भिड़ंत

विश्व रैंकिंग में शीर्ष पायदान पर काबिज यानिक सिनर ने स्थानीय खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर को 6-3, 6-2, 6-1 से हराकर अंतिम चार की टिकट पक्की की। सिनर के सामने शुक्रवार को पुरुष एकल के सेमीफाइनल में 2023 अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनलिस्ट बेन शेलटन की चुनौती होगी, जिन्होंने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लोरेंजो सोनेगो को मात दी। इससे पहले अमेरिका के 22 साल के वामहस्त खिलाड़ी शेलटन ने इटली के गैरवरीय खिलाड़ी के खिलाफ 6-4, 7-5, 4-6, 7-6 से जीत दर्ज की।

# टेस्ट सितारे रणजी में बिखेरेंगे चमक

आज से दूसरे राउंड की शुरुआत

**जेएनएन, मुंबई**

रोहित शर्मा ने जब अपना पिछला रणजी ट्रॉफी मैच नवंबर 2015 में खेला था, तब विराट कोहली को टेस्ट कप्तान बने कुछ ही महीनों का समय हुआ था। कोहली ने जब नवंबर 2012 में अपना पिछला प्रथम श्रेणी मैच खेला था, तब सचिन तेंदुलकर भारत के लिए टेस्ट में नंबर चार के बल्लेबाज थे और महेंद्र सिंह धोनी भारत के कप्तान थे। तेंदुलकर और धोनी दोनों को ही संन्यास लिए एक दशक हो गया है। दूसरी ओर कोहली और रोहित अब अपने टेस्ट करियर के आखिरी दौर में हैं और इंग्लैंड का आने वाला दौरा गर्मियों में होगा। सफेद गेंद टूर्नामेंट की वजह से ब्रेक के बाद दोबारा बहाल हो रहे रणजी ट्रॉफी में खेलने जा रहे अब यह दोनों ही खिलाड़ी भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं। 23 जनवरी से छठे दौर के मैचों की शुरुआत होने जा रही है। बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद सख्त रवैया अपनाते हुए किसी भी खिलाड़ी के फिट होने की स्थिति में घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है।

### चोट की अपडेट क्या हैं?

तेज गेंदबाज आकाश दीप और ओपनर अभिमन्यु ईश्वरन बंगाल के लिए नहीं खेलेंगे, जिन्हें चोट लगी हैं और वह बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में देखरेख में हैं। कमर में दर्द की वजह से आकाश दीप इस महीने सिडनी टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे। अभिमन्यु को इस दौरे पर कोई मैच नहीं खेलने को मिला। अभिमन्यु के रणजी मैचों से पहले क्लब मैच में खेलने पर मध्य उंगली में फ्रैक्चर की भी बात सामने आई है। वह तीन सप्ताह तक मैदान से दूर रहेंगे। इस बीच, मोहम्मद सिराज हैदराबाद की टीम का हिस्सा नहीं हैं, क्योंकि उन्हें राष्ट्रीय टीम प्रबंधन ने उनके कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम करने के लिए कहा है।

### क्या रोहित और यशस्वी साथ में ओपन करेंगे?



बीकेसी मैदान पर होने वाले मुंबई बनाम जम्मू कश्मीर मुकाबले पर सभी की निगाहें होनी चाहिए। गत विजेता मुंबई ग्रुप-ए में शीर्ष दो में जगह बनाने की राह पर है। अब उनके पास ओपनिंग में रोहित और यशस्वी जायसवाल के साथ ही, श्रेयस अय्यर, अजिंक्य रहाणे, शार्दुल ठाकुर और शिवम दुबे भी होंगे। इस मैच में बड़ी अनुपलब्धता सरफराज खान की होगी, जो पसली की चोट से उबर रहे हैं, जबकि उनके भाई मुशीर खान पिछले साल कार दुर्घटना के बाद गर्दन की चोट के बाद रिहैब पर हैं। अगर रोहित और यशस्वी ओपन करते हैं, तो इसका मतलब है कि मुंबई को आयुष म्हात्रे को खिला पाना मुश्किल होगा, जो 2024 में कमाल की फॉर्म में रहे हैं।

### कोहली हों या ना हों, दिल्ली के पास पंत हैं

गर्दन में दर्द की वजह से कोहली आगामी मैच नहीं खेलेंगे। हालांकि, उन्होंने दिल्ली के चयनकर्ताओं को 30 जनवरी से रेलवे के उनके घर में होने वाले मैच में खेलने का भरोसा दिया है। अगर वह रणजी में वापसी करते हैं, तो कोहली के पास इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में उतरने के बीच चार दिन का ही समय होगा। 23 जनवरी को राजकोट में दिल्ली और सौराष्ट्र के लिए यह मैच जीतना अनिवार्य होगा, जहां दिल्ली को रिषभ पंत की सेवाएं मिलेंगी। यह दिसंबर 2017 के बाद पंत का पहला रणजी मैच होगा। उनके सामने चेतेश्वर पुजारा और रवींद्र जडेजा होंगे।

### गिल का सामना कर्नाटक से

कर्नाटक बनाम पंजाब मैच पर भी नजरें होंगी। शुभमन गिल को हाल ही में भारत का उप कप्तान बनाया गया है और अब वह ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे के बाद पंजाब के लिए खेलेंगे, जहां पर वह पांच में से केवल तीन टेस्ट खेल पाए थे। उनकी घरेलू क्रिकेट में वापसी ऐसे समय पर हुई है, जब जून 2021 से एशिया के बाहर उन्होंने 18 पारियों में मात्र 17.64 की औसत से रन बनाए हैं। हालांकि उनके साथ टीम में अभिषेक शर्मा और अर्शदीप सिंह नहीं होंगे। विजय हजारे ट्रॉफी में विजेता रही कर्नाटक के पास प्रसिद्ध कृष्णा और देवदत्त पडिक्कल प्लेइंग इलेवन में होंगे। केएल राहुल ने कोहनी में जकड़न की वजह से अनुपलब्धता के बारे में बता दिया है। करुण नायर शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में पांच शतक सहित 772 रन बनाए हैं।

## टेस्ट रैंकिंग : गेंदबाजों में बुमराह शीर्ष पर, ऑलराउंडर में रविंद्र जडेजा नंबर एक

**दुबई, जेएनएन।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बुधवार को जारी ताजा आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं, जबकि रविंद्र जडेजा ने भी हरफनमौला खिलाड़ियों के वर्ग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट से पहले जनवरी में 907 अंक के साथ अब तक की सर्वोच्च आईसीसी रैंकिंग रेटिंग दर्ज करके इतिहास रचने वाले भारतीय गेंदबाज बुमराह 908 अंक के साथ अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस (841) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा (837) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के नोमान अली (761) मुल्तान में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में छह विकेट लेने के बाद शीर्ष 10 में पहुंच गए। टेस्ट प्रारूप में शीर्ष-10 ऑलराउंडरों की सूची में कोई बदलाव नहीं हुआ, जिसमें जडेजा (400 रेटिंग अंक) शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन (294) और बांग्लादेश के मेहदी हसन (263) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।



## इंडोनेशिया मास्टर्स : क्रैस्टो-कपिला की जोड़ी मिश्रित युगल के दूसरे दौर में

**जकार्ता, जेएनएन।** तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने मिश्रित युगल अभियान की शानदार शुरुआत की और बुधवार को सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में जगह बनाई। क्रैस्टो और कपिला ने पहले दौर के मैच में अदनान मौलाना और इंदा काहया सारी जमील की इंडोनेशियाई जोड़ी को 21-18, 21-14 से हराया। अब उनका अगला मुकाबला मलेशिया के पैंग रॉन हू और सु यिन चेंग से होगा। क्रैस्टो ने मंगलवार को अनुभवी अश्विनी पोनप्पा के साथ महिला युगल के दूसरे दौर में भी प्रवेश किया। इस जोड़ी ने थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को 21-6, 21-14 से हराया और अब उनका सामना मलेशिया की पेई की गो और मेई जिंग तेओह से होगा। हालांकि रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गद्दे की अन्य भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी पहले दौर में इंग्लैंड के ग्रेगरी मायर्स और जेनी मायर्स से 9-21, 13-21 से हारकर बाहर हो गई।



### खेल एक नजर

## आर प्रज्ञाननंदा की टाटा स्टील मास्टर्स में लगातार तीसरी जीत

**विज्क आन जी ( नीदरलैंड ), जेएनएन।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने हमवतन लियोन ल्यूक मेंडोंका को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर के बाद एकल बढ़त हासिल कर ली। प्रज्ञाननंदा ने रुय लोपेज के साथ सहज शुरुआत की, लेकिन मिडिल गेम में उन्होंने मेंडोंका की गलतियों का फायदा उठाया और 46 चाल में जीत हासिल की। प्रज्ञाननंदा की यह लगातार तीसरी जीत है। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने अभी तक भारतीय खिलाड़ियों को ही हराया है। उनका अगला मुकाबला विश्व चैंपियन डी गुकेश से होगा, जिन्होंने चौथे दौर की अपनी बाजी एलेक्सी सरना के खिलाफ ड्रॉ खेली। चैलेंजर्स वर्ग में आर वैशाली ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोव को और दिव्या देशमुख ने तुर्की के एडिज गुरेल को पराजित किया। दिव्या की टूर्नामेंट में यह पहली जीत है।

## चैंपियंस ट्रॉफी में पाक लोगो वाली जर्सी पहनेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आईसीसी द्वारा 'पोशाक संबंधी सभी दिशानिर्देशों का पालन करेगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बुधवार को उन अटकलों को खारिज किया कि बोर्ड ने टीम की आधिकारिक जर्सी पर पाकिस्तान का नाम लिखने पर आपत्ति जताई थी। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। सैकिया ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान बीसीसीआई पोशाक से जुड़े आईसीसी के हर नियम का पालन करेगा। अन्य टीमें लोगो और पोशाक से जुड़े नियमों के संबंध में जो भी करेंगी, हम उसका पूरी तरह से पालन करेंगे। सैकिया ने यह नहीं बताया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा कप्तान के संवाददाता सम्मेलन और फोटो शूट सहित आईसीसी के टूर्नामेंट पूर्व कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए पाकिस्तान जाएंगे या नहीं।

## 17,000 सुरक्षाकर्मी होंगे तैनात

**लाहौर, जेएनएन।** कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी मैचों के लिए कम से कम 17,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार पंजाब सरकार ने भाग लेने वाली टीमों के लिए 24 घंटे सुरक्षा प्रदान करने की तैयारी शुरू कर दी है, जिसमें लाहौर और रावलपिंडी में टीम होटल के साथ-साथ मैच स्थलों को शामिल किया जाएगा।

## इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में बड़ी जीत

**जोहोर ( मलेशिया ), जेएनएन।** सलामी बल्लेबाज डेविना पेरिन के शानदार अर्धशतक और टुडी जॉनसन के बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में अमेरिका को आठ विकेट से रौंदकर पूल-बी में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। वहीं दिन के अन्य मैचों में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के अलावा बांग्लादेश और आयरलैंड ने भी जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने नेपाल को 83 रन से, बांग्लादेश ने स्कॉटलैंड को 18 रन से हराया, जबकि न्यूजीलैंड ने समोआ को 67 रन से मात दी। इंग्लैंड ने पेरिन की 74 रन की पारी की बदौलत 14.2 ओवर में 120 रन बनाकर जीत हासिल की। जॉनसन ने 17 रन देकर दो विकेट झटके और इसके बाद नाबाद 44 रन बनाए। प्रिशा थानावाला (20 रन देकर दो विकेट) ने भी अमेरिका को पांच विकेट पर 119 रन पर रोकने में योगदान दिया। अमेरिका की कप्तान अनिका कोलन ने नाबाद 46 रन बनाए। बांग्लादेश ने ग्रुप-डी में नौ विकेट पर 121 रन बनाकर स्कॉटलैंड को आठ विकेट पर 103 रन ही बनाने दिए।

न्यूजीलैंड ने टूर्नामेंट की नई टीम समोआ के खिलाफ 17 ओवर में नौ विकेट पर 107 रन बनाए और प्रतिद्वंद्वी को 14.2 ओवर में 40 रन पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट पर 139 रन बनाए। जवाब में एशियाई टीम नेपाल 20 ओवर में आठ विकेट पर 56 रन बना पाई। आयरलैंड ने ऐलिस वॉल्श (31) की पारी की बदौलत 9 ओवर में पांच विकेट खोकर 69 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान सात विकेट खोकर 59 रन ही बना सकी। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने नाइजीरिया को 41 रन से शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका ने आठ ओवर में दो विकेट पर 49 रन बनाए। जवाब में नाइजीरिया आठ विकेट खोकर 24 रन बना पाई।



■ रॉबर्ट लेवांडोव्स्की (13वें और 78वें मिनट) ने बार्सिलोना के लिए पेनल्टी पर दो गोल किए। वह नौ गोल के साथ चैंपियंस लीग के शीर्ष स्कोरर बने हुए हैं।

■ बेनफिका के वेंजेलिस पावलिडिस (2, 22 और 30वें मिनट) ने चैंपियंस लीग में तीसरी सबसे तेज हैट्रिक बनाई। उन्होंने दो गोल बार्सिलोना के गोलकीपर वोज्शिएक स्जेसनी की गलतियों का फायदा उठाकर किए।

## चैंपियंस लीग : 7वीं जीत के साथ लिवरपूल अंतिम 16 में, बार्सिलोना की रोमांचक जीत

**लिवरपूल, जेएनएन।** लिवरपूल ने अपने घरेलू मैदान पर लिली को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की, जबकि बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक रोमांचक मैच में बेनफिका को 5-4 से हराया। हार्वे इलियट ने विजयी गोल करके लिवरपूल को सात मैचों में सातवीं जीत दिलाई। इससे पहले मोहम्मद सलाह ने लिवरपूल की तरफ से 34वें मिनट में पहला गोल किया था, लेकिन लिली कनाडा के स्ट्राइकर जोनाथन डेविड के 62वें मिनट में किए गए गोल के दम पर बराबरी करने में सफल रहा था। लिली को अंतिम आधे घंटे का खेल 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। लिवरपूल को अंतिम 16 में जगह बनाने के लिए इस मैच में केवल एक अंक हासिल करने की जरूरत थी, लेकिन उसकी टीम ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए शानदार तरीके से अगले चरण में प्रवेश किया। बर्सिलोना ने 2-4 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके जीत हासिल की। उसकी तरफ से रफिन्हा ने इंजरी टाइम में विजयी गोल किया। लेवांडोव्स्की और रफिन्हा ने दो-दो गोल किए। इससे बार्सिलोना के सात मैच में 18 अंक हो गए हैं और वह लिवरपूल के बाद दूसरे स्थान पर है। लिवरपूल के 21 अंक हैं।

### अल्वारेज के गोल से जीता एटलेटिको

स्पेन के एक अन्य क्लब एटलेटिको मैड्रिड ने जूलियन अल्वारेज के 90वें मिनट में किए गए विजयी गोल के दम पर बायर लीवरकुसेन को 2-1 से हराया। एटलेटिको मैड्रिड इस जीत से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। एक अन्य मैच में मोनाको ने एस्टन विला को 1-0 से हराया। इससे विला की अंतिम 16 में सीधे प्रवेश करने की उम्मीदों को झटका लगा है।

### उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल करेंगे ध्वजारोहण

**रीवा।** गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को एसएएफ परेड ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ध्वजारोहण करेंगे। उसके पश्चात राष्ट्रगान होगा और मुख्य अतिथि को परेड की सलामी दी जायेगी। मुख्य अतिथि गणतंत्र दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह के कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे।

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 3 फरवरी को

**रीवा।** समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 3 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के आवेदनों की जिलेवार समीक्षा करेंगे।




## मेडिकल स्टोर में बिक रही थी अवैध नशीली टैबलेट

**रीवा।** सेमरिया पुलिस द्वारा अवैध नशीली टैबलेट बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सेमरिया पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते दिन पुलिस ने अनिका मेडिकल स्टोर बकिया तिराहा सेमरिया में रेड कार्यवाही की। पुलिस को देख एक आरोपी मेडिकल स्टोर से भागने लगा, जिसके बाद घेराबंदी कर पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ा। पकड़े गए आरोपी हरिविष्णु केसरी उर्फ गोल्डन गुप्ता पिता स्व. हरि प्रकाश गुप्ता 35 वर्ष निवासी वार्ड 03 कस्बा सेमरिया को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की मौजूदगी में पुलिस ने अनिका मेडिकल स्टोर में तलाशी ली जहां दुकान के अंदर से एक काली पन्नी के अंदर सफेद कलर के बाक्स मे प्रतिबंधित नशीली टेबलेट पुलिस ने जब्त की। बताया गया कि मौके से कुल 264 नग नशीली दवाइयां मिलीं जिसकी अनुमानित कीमत 2 हजार 613 रुपये है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को बुधवार को न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेजा गया है।




## पुत्र ने मां और अपने भाई पर डंडा से हमला कर किया लहूलुहान

### समान थाना क्षेत्र के रतहरा की घटना



**जागरण, रीवा।** शहर के समान थाना क्षेत्र के रतहरा में पुत्र ने अपनी मॉ और सगे भाई पर डंडा से हमला किया, जिससे रिश्ते में बड़ा भाई लहूलुहान हो गया। घटना के बाद आरोपी छोटा भाई मौके से फरार हो गया जबकि घायल को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी छोटे बेटे द्वारा मां के साथ गाली गलौज कर वाद विवाद किया जहां रहा था, इसी बीच बड़े बेटे ने उसे झगड़ा करने मना किया। जिस पर विवाद इतना बढ़ा की छोटे बेटे ने बड़े भाई और मां दोनों को लहूलुहान कर दिया। घर के भीतर हुई इस घटना के बाद घायल हुए मां बेटे को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया है। घटना के संबंध में घायल रजनीश साकेत ने बताया कि बुधवार की सुबह उसका छोटा भाई संजय साकेत उसकी मां विभा साकेत के साथ गाली-गलौज कर रहा था, जिसके चलते उसने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह आगबबूला हो गया और डंडे से उस पर हमला कर दिया। घटना के दौरान बीच बचाव करने पर आरोपी ने मां को भी धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया, जिससे उसकी मॉ विभा व रजनीश के सिर पर गंभीर चोट पहुंची है। फिलहाल घटना में घायल मॉ बेटे का उपचार एसजीएमएच में चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।

# सब इंजीनियर 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप



### महिला सरपंच के पति की शिकायत पर लोकायुक्त की टीम ने की कार्रवाई

**जागरण, रीवा**

लोकायुक्त की टीम ने जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में पदस्थ सब इंजीनियर को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ बुधवार को ट्रैप किया। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सब इंजीनियर की शिकायत सरपंच पति सुशील कुमार पटेल निवासी करौदी गुढ़ ने की थी। बताया गया कि शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त की टीम ने रीवा के जलसा गार्डेन के पास स्थित सब इंजीनियर के निजी कार्यालय में उसे रिश्वत लेते पकड़ लिया। डीएसपी प्रवीण सिंह परिहार ने बताया कि शिकायतकर्ता ने बताया था कि काम का पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में 1 लाख 42 हजार रुपए की रिश्वत सब इंजीनियर अनुराग पाण्डेय द्वारा मांग गई है। शिकायत के सत्यापन के बाद बुधवार को लोकायुक्त की टीम ने ट्रैप कार्रवाई आयोजित की। जैसे ही शिकायतकर्ता ने आरोपी सब इंजीनियर के हाथ में रिश्वत की पहली किसत 20 हजार रुपए दी, सिविल ड्रेस में मौजूद टीम ने आरोपी इंजीनियर को रंगे हाथ धर दबोचा। लोकायुक्त टीम ने आरोपी सब इंजीनियर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है।

### निर्माण कार्यों का मूल्यांकन व सीसी जारी करने मांगी रिश्वत

लोकायुक्त डीएसपी प्रवीण सिंह परिहार ने बताया कि रायपुर कर्चुलियान जनपद पंचायत के सब इंजीनियर अनुराग पाण्डेय द्वारा सरपंच पति से निर्माण कार्यों का सीसी एवं मूल्यांकन जारी करने के नाम पर रिश्वत की मांग की जा रही थी। बताया गया कि ग्राम पंचायत में तीन अलग-अलग निर्माण कार्यों का सीसी एवं मूल्यांकन जारी करने के लिए सब इंजीनियर अनुराग पांडे द्वारा 1 लाख 42 हजार की रिश्वत मांगी जा रही थी। उक्त मामले में फरियादी ने लोकायुक्त कार्यालय रीवा संभाग में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर लोकायुक्त की टीम ने शिकायत के सत्यापन के बाद कार्रवाई की है। लोकायुक्त टीम द्वारा शहर के जलसा गार्डेन के समीप की गई कार्रवाई के दौरान डीएसपी प्रमेंद्र कुमार एवं प्रवीण सिंह परिहार सहित लोकायुक्त टीम के निरीक्षक सहित 12 सदस्यीय दल मौजूद रहा।

## सात स्कूल बसों का संचालन बंद करवाया



### परिवहन विभाग ने बसों की जांच के दौरान की कार्यवाही

**रीवा।** परिवहन विभाग ने उच्च न्यायालय के आदेशानुसार जिन बसों का पंजीयन 12 वर्ष पूर्ण हो चुका है उन बसों की विद्यालय में जाकर सघन जांच की गई। जांच में डी पॉल स्कूल, बांधव पब्लिक स्कूल और गुरुकुल स्कूल में मिलाकर 7 बसें पाई गई, जिनका पंजीयन 12 वर्ष का पूर्ण हो चुका है। इन बसों की जब्ती बनाकर स्कूल प्रबंधन से पावती ली गई और उच्च न्यायालय के आदेश का कड़ाई से पालन करने को कहा। आदेश का पालन नहीं करने पर उच्च न्यायालय के आदेशानुसार निर्धारित कार्यवाही की जाएगी। इन बसों का संचालन करते पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन के उपर अपराध दर्ज किया जाएगा। समस्त स्कूल संचालकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके विद्यालय में कोई भी ऐसी बसों का संचालन न हो। कार्यवाही के दौरान आरटीओ के साथ परिवहन सुरक्षा स्क्वाड स्टाफ शामिल रहा। जांच के दौरान 108000 रुपए बकाया टैक्स और 13 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 27000 रुपए का शमन शुल्क जमा कराया गया।




## तेज रफ्तार बाइक सवारों के बीच हुई टक्कर, 1 की मौत

### लौवा लक्ष्मणपुर के पास हुई दुर्घटना



**जागरण, रीवा।** बैकुंठपुर मार्ग स्थित लौवा लक्ष्मणपुर के पास बुधवार की सबुह दो बाइक सवारों के बीच आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। अचानक हुए हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे का उपचार संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रीवा से हलवाई का काम करके वापस लौट रहे युवक की हादसे में मौत हो गई। बताया गया कि बैकुंठपुर मार्ग स्थित ग्राम लौवा लक्ष्मणपुर के समीप दो बाइकों के बीच हुई भिड़ंत में हलवाई का काम करने वाला शख्स व दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि समय पर एंबुलेंस न पहुंचने के कारण तकरीबन 1 घंटे तक घायल सड़क पर ही तड़पता रहा। समय पर उपचार नहीं मिलने से उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक मनगवां के पिपरवार निवासी उमेश दुबे एक हलवाई के साथ हेल्पर का काम करते थे। बताया गया कि उमेश हलवाई का काम कर रीवा से बुधवार सुबह वापस अपने गांव पिपरवार जा रहे थे, तभी बैकुंठपुर मार्ग में स्थित ग्राम लौवा लक्ष्मणपुर के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। अचानक हुई इस जोरदार टक्कर में उमेश सहित उसके साथ सवार व्यक्ति दोनों घायल हो गए। परिजनों का आरोप है कि तकरीबन 1 घंटे तक घायल मौके पर ही तड़पते रहे, लेकिन सूचना के बाद भी एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची और अस्पताल पहुंचने में हुई देरी के कारण गंभीर रूप से घायल हुए उमेश की मौत हो गई। फिलहाल घायल का उपचार जहां संजय गांधी अस्पताल में कराया जा रहा है तो वहीं पुलिस द्वारा पंचनामा करवाई कर शव का पीएम कराने के उपरांत बॉडी परिजनों को सौप दी गई है। पुलिस मर्ग कायम कर पूरी घटना की विवेचना कर रही है।

## आबकारी विभाग ने चलाया हाका अभियान



**जागरण, रीवा।** आबाकरी विभाग की टीम ने बीती रात शहर में सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी कर रहे लोगों के खिलाफ हाका अभियान चलाकर कार्रवाई की। आबकारी दल ने समान नाका फ्लाईओवर के नीचे, रतहरा बाईपास, पीटीएस चौराहा रोड एवं सिरमौर चौराहा फ्लाईओवर के नीचे मदिरा पान करने एवं कराने वालो के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 12 न्यायलीन प्रकरण दर्ज किए गए। इसके अलावा रात्रि गश्त के दौरान मदिरा दुकान के आस-पास अंडा ठेलों पर अवैध रूप से मदिरापान करवाने वालों के साथ ही ठेला मालिकों को ठेलों पर शराब न पिलाने की समझाइश दी गयी। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक मनोज कुमार बेलवंशी, शबनम बेगम परिवीक्षाधीन आबकारी उप निरीक्षक वीणा पयासी, नेहा प्रजापति एवं अदिति अग्रवाल के साथ आरक्षक उमाकान्त तिवारी, अतुल बागरी , वेदप्रकाश तिवारी , अखिलेश शुक्ला एवं नगर सैनिक आरती साकेत शामिल रहे।














## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

### मऊगंज थाना क्षेत्र की घटना



**जागरण, रीवा।** मऊगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मऊगंज बाजार बाइक से आ रहे युवक को एनएच 135 में विपरीत दिशा से आई तेज रफ्तार कार ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में युवक की जान चली गई। घटना के संबंध में हासिल जानकारी के मुताबिक मृतक रमेश कुशवाहा 38 वर्ष निवासी जबलपुर गोहलपुर थाना क्षेत्र के थे। बताया जा रहा है कि बाइक सवार रमेश अपने ससुर के दाह संस्कार में शामिल होने के बाद मऊगंज मार्केट मोटर साइकल से आ रहे थे तभी बायपास एनएच 135 में गुरु वशिष्ठ हॉस्पिटल के आगे हनुमना की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी05 जेड 2001 के चालक ने बाइक को पीछे से अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना में बाइक सवार कार में फसकर तकरीबन दो सौ मीटर तक घसीटते हुए ले गया। जिससे घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मऊगंज पुलिस ने मर्ग कायम कर कार्रवाई में जुटी हुई है।




जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com